वर्ष-31, अंक- 307, पृष्ठ-12 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 01, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
रविवार
24 अगस्त 2025


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर





## एक नजर

### नदी में बहे रीना देवी का शव 32 घंटे बाद हुआ बरामद

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के कटघरा (रामनगर) गांव में शुक्रवार को तेज बारिश में पति-पत्नी नदी में बह गए थे। जिसमें सत्येंद्र दांगी का शव धान खेत से 6 घंटे बाद ही प्राप्त कर लिया गया था। परंतु पत्नी रीना देवी का शव बहुत मशक्कत के बाद सिमरातरी से आगे जरहा के समीप खिरखहुआ नदी से 32 घंटे बाद शनिवार के शाम को शव मिला। बताया गया कि सिमरातरी गांव के लोग बहे मवेशी की खोज कर रहे थे। तभी अचानक लोगों की नजर नदी किनारे साड़ी झाड़ी में अटका दिखा। उसी को देखकर नदी में लोगों ने खोजबीन करना शुरू किया तो लगभग 100 मीटर दूरी पर शव जामुन की झाड़ी से बरामद लोगों ने किया।इसकी जानकारी परिजनों को दिया गया। उसके बाद परिजन मौके पर पहुंच शव की पहचान कर लिया। बताते चलें कि पहले पति का अंतिम संस्कार करने के लिए कोशमा गढ़ा ले गए थे।जब पत्नी के शव बरामद हुई तो दोनों पति-पत्नी का अग्नि संस्कार एक साथ शनिवार शाम को किया गया।

### रांची राजधानी एक्सप्रेस पर पुरुलिया में पत्थरबाजी, शीशे टूटे

**रांची।** आद्रा रेल मंडल में राजधानी एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी की गई है। ट्रेन संख्या- 20840 दिल्ली-रांची राजधानी एक्सप्रेस को शनिवार की सुबह करीब आठ बजे अज्ञात हमलावरों ने निशाना बनाया। बताया गया कि उक्त ट्रेन सुबह बोकारो से गुजरी, तो कोटशिला स्टेशन से पहले उस पर कुछ अज्ञात लोगों ने पथराव किया। इससे खिड़की के शीशे टूट गए।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## झारखंड में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

# खरसावां में 5 साल की बच्ची की मौत, खूंटी में नदियां उफान पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी रांची के धुर्वा डैम में पानी का स्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है, जिसके बाद डैम के सभी फाटक खोल दिए गए हैं। इससे निचले इलाकों में पानी का स्तर तेजी से बढ़ रहा है।

खरसावां में बारिश की वजह से मिट्टी का घर गिर गया, जिसमें दबकर 5 साल की बच्ची की मौत हो गई। सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर में मिट्टी का घर धंस गया, जिसमें 10 लोग दब गए। 2 लोगों की हालत गंभीर है। खूंटी में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। राजधानी रांची में एक दिन में 124 मिलीमीटर वर्षा हुई है।

सरायकेला-खरसावां जिले के खरसावां थाना क्षेत्र के कोल शिमला गांव में भारी बारिश से एक मिट्टी का घर गिर गया। उसमें दबकर 5 वर्ष की बच्ची की मौत हो गई। घटना शनिवार सुबह करीब 4:00 हुई। घर का स्वामी मुन्ना बोदरा (25) पत्नी अनुष्का बोदरा (22) अपनी 2 बच्चियों बाजाय बोदरा (5) एवं गुरुवारी बोदरा (ढाई साल) के साथ घर में सोया था। लगातार 2 दिन से हो रही भारी बारिश के कारण शनिवार की सुबह मिट्टी का घर अचानक से भड़बड़ाकर गिर गया।

शेष पेज 11 पर...



### भारी बारिश से आम जनजीवन प्रभावित



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में बीते 24 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश ने आम जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। जिला मुख्यालय समेत कई प्रखंडों में भारी जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे जगह-जगह आवागमन ठप हो गया है और लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। ऐसे में लोगों को आवागमन करना मुश्किल हो गया है। भारी बारिश से एक बार फिर भीमबराज के जलस्तर के बढने की संभावना जताई गई है। कोयल नदी का 2.2 मीटर जलस्तर होने की सूचना प्राप्त हुई है। इससे देर रात तक **शेष पेज 11 पर...**

### राजनगर में मिट्टी का घर धंसा, 10 घायल, 2 गंभीर

सरायकेला-खरसावां जिला के राजनगर थाना क्षेत्र के गोबिंदपुर पंचायत अंतर्गत डांडू गांव में मिट्टी का दीवार गिरने से 10 लोग घायल हो गए। इसमें 2 की स्थिति गंभीर है। बेहतर इलाज के लिए सभी को एमजीएम जमशेदपुर रेफर कर दिया गया है। घटना शुक्रवार शाम की बतायी जा रही है।

#### घर में आराम कर रहे सभी 10 लोग मलबे में दबे

कई दिनों से जारी भारी बारिश की वजह से संतोष लोहार की मिट्टी एवं खपरैल के घर की दीवार अचानक गिर गयी। घर के अंदर में मौजूद 10 लोग घायल हो गये। इनमें 2 की हालत गंभीर है। घटना के समय संतोष लोहार अपने परिवार के साथ घर में थे। कुछ मेहमान भी आये थे। सभी लोग घर में आराम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक भरभराकर दीवार गिर गई।

## रांची से 68.50 लाख के नकली नोट बरामद



- बिहार से आई बस में रखी गई थी जाली नोट की खेप
- कार में लोड करते वक्त पकड़ा गया आरोपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने नकली नोट चलाने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने नकली नोटों के 42 बंडल बरामद किए हैं। इसमें 20 बंडल में 300-300 नोट हैं जबकि 22 बंडल में 350-350 नोट हैं। एक संगठित आपराधिक गिरोह इस कारोबार का संचालन करता है। इसका मुखिया नीरज कुमार चौधरी है। वह दिल्ली का रहने वाला है। वह फोन या ह्वाट्सऐप के माध्यम से मो साबिर उर्फ राजा, साहिल कुमार उर्फ करण के पास ग्राहकों को भेजता है।

**सुखदेवनगर पुलिस ने 2 युवकों को किया गिरफ्तार :** सुखदेवनगर थाना की पुलिस ने नकली नोट के इस पूरे खेल का खुलासा कर दिया है। उसने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके नाम मो साबिर उर्फ राजा और साहिल कुमार उर्फ करण हैं। दोनों की उम्र क्रमशः 27 साल और 32 साल है। साबिर (पिता का नाम मो असलम) अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू बाइपास रोड के नूर नगर का रहने वाला है। वहीं, साहिल कुमार (पिता का नाम कैलाश मंडल) हरमू हाउसिंग कॉलोनी के एलएफ क्वार्टर संख्या-60 का निवासी है। रांची के डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को 22 अगस्त 2025 को सूचना मिली थी कि रांची में नकली नोटों का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। बिहार से आने वाली चंद्रलोक बस से जाली नोटों की एक बड़ी खेप आ रही है। उसे रिसीव करने के लिए कुछ लोग आने वाले हैं। इसी सूचना के आधार पर एसएसपी ने टीम गठित कर छापेमारी के निर्देश दिए।

**रातू रोड के न्यू मार्केट के पास पुलिस ने की कार्रवाई :** पुलिस उपाधीक्षक कोतावाली रांची के नेतृत्व में टीम का गठन किया। टीम ने पुलिस निरीक्षक सह सुखदेवनगर थाना प्रभारी की अगुवाई में कार्रवाई के लिए पहुंचे। **शेष पेज 11 पर...**

## अजरबैजान से प्रत्यर्पित कर झारखंड लाया गया गैंगस्टर मयंक

- खुद को मयंक सिंह मानने से किया इनकार, कोर्ट ने जेल भेजा
- अमन साहू और लॉरेंस बिश्नोई से थे कनेक्शन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** कुख्यात अपराधी सुनील कुमार मीणा उर्फ मयंक सिंह को अजरबैजान से ट्रांजिट रिमांड में लेकर पुलिस और एटीएस की टीम बख्तरबंद गाड़ी में लेकर रामगढ़ पहुंची और कोर्ट में पेश किया। एंटी लैंड माइंस वाहन से भारी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच उसे अपर न्यायिक दंडाधिकारी संदीप बर्मन की अदालत में पेश किया गया। कोर्ट में गैंगस्टर ने साफ कहा कि वह मयंक सिंह नहीं है। इस नाम का कोई और व्यक्ति होगा। कोर्ट में एटीएस और गैंगस्टर के वकील की दलीलें सुनने के बाद उसे रामगढ़ उपकारा भेजने का निर्देश दिया। एटीएस की तमाम दलीलों के बावजूद कोर्ट ने गैंगस्टर की रिमांड नहीं दी।

**झारखंड पुलिस ने जारी कराया था रेड कॉर्नर नोटिस :** सुनील कुमार मीणा उर्फ मयंक पर रामगढ़, पतरातू थाना समेत झारखंड के कई थानों में मामले दर्ज हैं। झारखंड एटीएस ने उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया था। इसी के आधार पर अजरबेजान से गिरफ्तार कर उसे झारखंड लाया गया है। रामगढ़ जिले के पतरातू थाना के भदानीनगर ओपी कांड संख्या 175/2022 में **शेष पेज 11 पर...**

## तेजस्वी यादव को भारी पड़ा पीएम मोदी को वोट चोर कहना

# दो राज्यों में केस हुआ दर्ज, बयान पर राजनीतिक घमासान जारी

**पटना (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में तेजस्वी यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद शाहजहांपुर जिला पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ दूसरी प्राथमिकी दर्ज हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को इस जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह प्राथमिकी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता की तहरीर पर दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक



(एसपी) राजेश द्विवेदी ने बताया कि शिकायत के आधार पर शुक्रवार को सदर बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया, ''यह्यशिकायत में शिल्पी गुप्ता ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री के खिलाफ तेजस्वी यादव की अशोभनीय टिप्पणी से देश की जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है।'' प्राथमिकी में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर की गई इस टिप्पणी से आम जनता के साथ-साथ भाजपा कार्यकतार्ओं में भी रोष फैल गया है और तेजस्वी यादव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। गुप्ता के अनुसार यह टिप्पणी राजद के आधिकारिक सोशल मीडिया खाते से की गई थी, जिसमें लिखा गया था, ह्यह्यआज वोट चोर बिहार के गया में आएगा और बिहारियों के सामने झूठ पर झूठ बोलेगा। तेजस्वी यादव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 353(2) (अफवाह फैलाना) और 197(1)(ए) (तस्वीर के माध्यम से आरोप लगाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

शेष पेज 11 पर...

## आज / कल




## कर्नाटक कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र को ईडी ने किया गिरफ्तार

- 12 करोड़ कैश, छह करोड़ की ज्वेलरी बरामद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र 'पप्पी' को शनिवार को मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत सिक्किम से एक कथित अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी मामले में गिरफ्तार किया गया। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह भी कहा कि उसने शुक्रवार को कई राज्यों में की गई छापेमारी के बाद 12 करोड़ रुपये नकद (लगभग एक करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा सहित), 6 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण, लगभग 10 किलोग्राम चांदी और चार वाहन जब्त किए। ईडी ने कहा कि चित्रदुर्ग के 50 वर्षीय विधायक को शुक्रवार को सिक्किम की राजधानी गंगटोक में एक नामित मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया और बेंगलुरु की न्यायिक अदालत में पेश करने के लिए ट्रांजिट रिमांड प्राप्त की गई। ईडी का बेंगलुरु क्षेत्र मामले की जांच कर रहा है। एजेंसी ने बताया कि विधायक अपने सहयोगियों



के साथ एक कसीनो लीज पर लेने के लिए व्यावसायिक यात्रा पर गंगटोक गए थे। वीरेंद्र के भाई के.सी. नागराज और उनके बेटे पृथ्वी एन. राज के ठिकानों से संपत्ति से जुड़े कई दस्तावेज भी जब्त किए गए। ईडी ने कहा, "उनके अन्य सहयोगी, जैसे कि एक और भाई के.सी. थिप्पेस्वामी, दुबई से ऑनलाइन गेमिंग का संचालन संभाल रहे हैं। एक दिन पहले ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केसी वीरेंद्र, उनके भाई और कई अन्य लोगों के खिलाफ अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी में कथित संलिप्तता के आरोप में धन शोधन के एक मामले में छह राज्यों में 30 ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी के बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय ने चित्रदुर्ग (छह), बेंगलुरु (10), जोधपुर (तीन), हुबली (एक), मुंबई (दो) और गोवा (आठ) में फैले 30 ठिकानों की तलाशी ली, जिनमें पांच प्रमुख कैसीनो - पपीज कैसीनो गोल्ड, ओशन रिवर्स कैसीनो, पपीज कैसीनो प्राइड, ओशन 7 कैसीनो और बिग डैडी कैसीनो शामिल हैं।

## जल्द बाजार में आएगा 'मेड इन इंडिया' चिप : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत में भी सेमीकंडक्टर की फैक्ट्रियां लगनी शुरू हो गई हैं। इस साल के अंत तक भारतीय चिप बाजार में आ जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हम 'मेड इन इंडिया 6जी' पर तेजी से काम कर रहे हैं। हम सब जानते हैं कि भारत में सेमीकंडक्टर का निर्माण 50-60 साल पहले शुरू हो सकता था, लेकिन हम वह अवसर चूक गए और यह सिलसिला लंबे समय तक चलता रहा। लेकिन आज हमने यह स्थिति बदल दी है। अब भारत में सेमीकंडक्टर की फैक्ट्रियां बन रही हैं और इस साल के अंत तक पहले मेड इन इंडिया चिप बाजार में आएगा। उन्होंने आगे कहा, आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई बढ़ी अर्थव्यवस्था है। हम जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। विशेषज्ञ कह रहे हैं कि आने वाले समय में भारत का वैश्विक विकास में योगदान लगभग 20 फीसदी हो जाएगा। भारत के इस विकास के पीछे जो मजबूती है, उसका कारण भारत में पिछले दस वर्षों में आई मैक्रोइकोनॉमिक स्थिरता है। प्रधानमंत्री ने कहा, आज हमारा व्यापार घाटा घटकर 4.4 फीसदी पर आने की उम्मीद है, जबकि हमने कोरोना जैसी बड़ी चुनौती का सामना किया है। आज हमारी कंपनियां पूंजी बाजार से रिकॉर्ड फंड जुटा रही हैं। हमारे बैंक पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हैं। महंगाई बहुत कम है, ब्याज दरें कम हैं। हमारा चालू खाता घाटा नियंत्रण में है। विदेशी मुद्रा भंडार भी बहुत मजबूत है। इतना ही नहीं, हर महीने लाखों घरेलू निवेशक एसआईपी के जरिए बाजार में हजारों करोड़ रुपये निवेश कर रहे हैं।

## ट्रंप के टैरिफ वार पर भारत ने दिखाई सख्ती

# अमेरिका के लिए डाक सेवाएं कर दी बंद



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ विवाद का असर अब आम लोगों तक पहुंच गया है। भारतीय डाक विभाग ने घोषणा की है कि वह 25 अगस्त 2025 से अमेरिका जाने वाली ज्यादातर डाक सेवाओं को अस्थायी रूप से बंद कर देगा। भारतीय डाक विभाग ने कहा है कि जिन ग्राहकों ने पहले से बुकिंग कर दी थी, वे रिफंड के लिए क्लेम कर सकते हैं। अमेरिका सरकार ने 30 जुलाई 2025 को आदेश जारी किया जिसमें 800 अमेरिकी डॉलर तक के आयातित सामान पर दी जाने वाली टैरिफ छूट को वापस ले लिया गया। नया नियम 29 अगस्त से लागू होगा, जिसके बाद अमेरिका पहुंचने वाले लगभग सभी सामान पर इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमी पॉवर एक्ट टैरिफ के तहत सीमा शुल्क लगेगा। केवल 100 अमेरिकी डॉलर तक की वस्तुएं ही छूट के दायरे में रहेंगी।

**भारत डाक विभाग का फैसला**

- 25 अगस्त से अमेरिका के लिए सभी डाक बुकिंग अस्थायी तौर पर निलंबित।
- - केवल 100 अमेरिकी डॉलर तक की वस्तुओं की बुकिंग अस्थायी रूप से जारी रहेगी।
- -सीबीपी और यूएसपीएस से स्पष्ट दिशा-निर्देश मिलने के बाद ही सेवाएं दोबारा शुरू होंगी।

## इंडिया

# सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रणेता थे रामदयाल मुंडा

आज झारखंड जिस जातीय धार्मिक और वर्गभेद की राजनीति में उलझा है उसके सख्त खिलाफ थे डॉक्टर रामदयाल मुंडा जिनके अंदर एक सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और भेदभाव रहित झारखंड की कल्पना थी जब झारखंड शब्द एक तरह से वर्जित था और आंदोलनकारियों को केंद्रीय एजेंसियां सीबीआई तक संदेह के आधार पर परेशान करती थीं।अलग राज्य के लिए झारखंड आंदोलन के मध्यकाल में जब क्रांति उग्र और हिंसक रूप ले चुकी थी, तब तत्कालीन सरकारें इसे अस्वीकार करने से लेकर दबाने तक में लगीं थीं। तब बौद्धिक और बहुत हद तक सांस्कृतिक वर्ग इससे जुड़ने से बचता था। 1980 में अमेरिका के मिनेसोटा विश्वविद्यालय में भाषा विज्ञान के व्याख्याता के आकर्षक पद को छोडकर रांची आए डा. रामदयाल मुंडा ने इसे समझा और छोटानागपुर राज परिवार के दामाद, आइएएस अधिकारी और लेखक डा. कुमार सुरेश सिंह के सहयोग से जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग की स्थापना कराई। इसमें तत्कालीन दक्षिण बिहार की उपेक्षित नौ भाषाओं की पढ़ाई पहली बार शुरू हुई।डा. मुंडा के नेतृत्व में डा. बीपी केशरी, डा. गिरिधारी राम गौंझू, डा. बीपी पिंगुआ और डा. कुमारी बासंती जैसे विद्वानों ने इस विभाग को ऊंचाई प्रदान की। आजसू के संस्थापक सूर्य सिंह बेसरा तब विभाग के छात्र हुआ करते थे। एक पुरानी बुलेट मोटरसाइकिल में शॉर्ट कुर्ता और जींसधारी लंबे बालों वाले विलक्षण प्रतिभावान व्यक्ति डा. मुंडा को पहचानने वाले लोग कम ही थे। राम दयाल ने जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग की स्थापना अपने अथक प्रयासों से की। तब डा. बीपी केशरी, कुमार सुरेश सिंह, गिरिधारी राम गौंझू और डा. कुमारी बासंती जैसे विद्वानों और संस्कृति प्रेमियों के साथ मिलकर उन्होंने एक अलख जगाई।यह आज भी रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के सार्वजनिक त्योहारों सरहुल और कर्मा में देखने को मिलता है, जब सभी नौ भाषाओं के लोग पद और आर्थिक पृष्ठभूमि की चिंता किए बगैर एक अखरा में इकठ्ठा होते हैं। पहिल पिरितिया उनका प्रसिद्ध गीत है और दर्जनों बांसुरियों की मीठी तान से लोग खींचे चले आते थे। उनपर भारत सरकार के फिल्म्स डिवीजन ने नाची से बांची फिल्म बनाई है, जो उनकी विचारधारा थी। फिल्मकार मेघनाथ उन्हें झारखंड का टैगोर मानते हैं। मैं मानता हूं कि डा. राम दयाल मुंडा झारखंड के रवींद्रनाथ टैगोर थे।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



जिस तरह टैगोर ने सामाजिक-सांस्कृतिक क्रांति के लिए बिगुल बजाया था, उसी तरह डा. मुंडा ने भारत के आदिवासी आंदोलन को आगे बढ़ाया। झारखंड में सामाजिक-सांस्कृतिक-राजनीतिक क्रांति का बिगुल फूंका। वे दो भाषाओं नागपुरी और मुंडारी में गीत लिखते थे। वे तमाड़ के पास के गांव के थे। पंचपरगनिया और कुरमाली सहित कई विदेशी भाषाओं पर उनकी पकड़ थी। 90 के दशक के अंत में भारत सरकार द्वारा बनाई गई कमेटी ऑन झारखंड मैटर के वे प्रमुख सदस्य थे।उसी दौरान उन्होंने द झारखंड मूवमेंट रेट्रोसपेक्ट एंड प्रोस्पेक्ट नामक आलेख लिखा। वे रांची विश्वविद्यालय के कुलपति और राज्य सभा के सदस्य भी रहे। 23 अगस्त 1939 को तमाड़ के दिउडी में जन्मे डा. मुंडा की 30 सितंबर 2011 को कैंसर से असामयिक मृत्यु के साथ ही झारखंड की जनजातीय क्षेत्रीय समाज का सपना अधूरा रह गया।आज डॉक्टर मुंडा जीवित होते तो आदिवासी गैर आदिवासी अगड़ा पिछड़ा जैसी लड़ाई नहीं बल्कि झारखंड की लड़ाई की वकालत करते बहुत हद तक उन्होंने बंगाल की तरह झारखंड वासियों के मन में अपनी कला संस्कृति और समृद्ध विरासत का गौरव जगा दिया था जिसमें आपसी भेदभाव नहीं सहिया और करमडाईर जैसी साझा सहअस्तित्व संस्कृति की बात थी।

# हुसैनाबाद में निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध कराना बना चुनौती

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** किसानों के लिए राहत की बजाय संकट गहराता दिख रहा है। प्रखंड के सभी पैक्स अध्यक्षों एवं खाद विक्रेताओं ने अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र लिखकर सूचित किया है कि सरकार द्वारा निर्धारित दर पर उर्वरक की बिक्री करना हुसैनाबाद में संभव नहीं है। विक्रेताओं का कहना है कि जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से हुसैनाबाद की दूरी काफी अधिक है। इस कारण यहां तक खाद लाने में परिवहन लागत अधिक आती है। परिवहन व्यय जुड़ जाने से यूरिया और डीएपी खाद की कीमत बढ़ जाती है। पत्र में कहा गया है कि यूरिया को 350 रुपये और डीएपी को 1650 रुपये से कम दर पर बेचना संभव नहीं है। खाद विक्रेताओं का कहना है कि यदि वे निर्धारित दर पर खाद बेचेंगे तो उन्हें घाटा उठाना पड़ेगा। अब बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि जब व्यापार मंडल, पैक्स एवं खाद विक्रेता निर्धारित दर पर खाद का उठाव ही नहीं करेंगे तो किसानों तक सरकारी दर पर खाद पहुंचेगा कैसे। किसानों को सस्ते दर पर खाद उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका क्रियान्वयन हुसैनाबाद में असंभव सा होता जा रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी को दिये गए आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृष्णा बैठा, पैक्स अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव, उपेंद्र कुमार, खाद विक्रेता ओमप्रकाश गुप्ता, संजीव कुमार एवं मनीष कश्यप आदि के नाम प्रमुख हैं।

## खाद विक्रेताओं ने उर्वरक नहीं उठाने का लिया निर्णय

**एसडीओ को दिया आवेदन**



**हैदरनगर।** हुसैनाबाद अनुमंडल के मोहम्मदगंज, हैदरनगर और हुसैनाबाद तीनों प्रखंड के खाद विक्रेता और पैक्स संचालक शुक्रवार को एसडीओ को आवेदन सौंपा है। जिसमें प्रशासन के दिशा निर्देश और निर्धारित दर पर पर उर्वरक बिक्री करने में असमर्थता जताया है। उन्होंने कहा है कि उनके प्रतिष्ठान तक यूरिया प्रति बोरा आने को लागत 320 से 330 रुपए जबकि 1600 रुपए प्रति बोरा डीएपी की लागत आता है। इस परिस्थिति में सरकार की निर्धारित मूल्य 266 रुपया प्रति बोरा यूरिया बेचना कभी भी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल का उक्त तीनों प्रखंड बिहार की सीमा पर है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यूरिया प्रति बोरा 350 से 360 जबकि डीएपी प्रति बोरा न्यूनतम 1650 रुपए प्रति बोरा बिक्री किए जाने के आदेश के बाद यहां के खाद विक्रेताओं को जिला के डिस्ट्रीब्यूटर के गोदाम से उर्वरक का उठाव हो पाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ विक्रेताओं को अगस्त माह में मात्र 70-70 बोरा ही यूरिया उपलब्ध कराया गया। खाद विक्रेता संघ के अनुमंडल अध्यक्ष अनुज तिवारी के नेतृत्व सौंपे गए आवेदन के साथ पैक्स अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, खुदरा विक्रेता अनूप कुमार सिंह सहित कई प्रतिष्ठानों के दुकानदार शामिल हैं।

### बोहिता कुलवा पहाड़ से मिले शव की पहचान

## पुलिस जवान विजय उरांव की गला दबाकर व पत्थर से कूचकर हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**



**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के बोहिता कुलवा पहाड़ से गुरुवार को बरामद अज्ञात शव की पहचान चियांकी, पलामू निवासी और पुलिस जवान विजय उरांव के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार विजय उरांव पुलिस ट्रेनिंग सेंटर मुसाबनी में प्रशिक्षणरत थे और हाल ही में श्रावणी मेले में ड्यूटी पर तैनात थे। ड्यूटी पूरी होने के बाद से वे परिवार से संपर्क में नहीं थे। उनकी पत्नी ने कई बार फोन से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसी बीच पहाड़ से शव मिलने की सूचना पर पुलिस जांच में जुटी और पहचान की पुष्टि विजय उरांव के रूप में की गई। थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि पुलिस जवान की गला दबाकर और पत्थर से कूचकर हत्या की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेजा गया है। घटना से परिवार और पुलिस विभाग में गहरा शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## सड़क हादसे में 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**हुसैनाबाद ।** थाना क्षेत्र के अमही गांव निवासी 55 वर्षीय मिथिलेश चंद्रवंशी की शुक्रवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मिथिलेश चंद्रवंशी अपने बेटे के साथ बाइक से डाल्टनगंज से अमही गांव लौट रहे थे। रास्ते में छतरपुर थाना क्षेत्र के चेगौना धाम के पास वह किसी काम से बाइक से उतरे थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल मिथिलेश को पहले छतरपुर अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। वहां से स्थिति नाजुक होने पर उन्हें मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस दर्दनाक घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

## बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का तबादला

छतरपुर ।(पलामू) । छतरपुर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी शीला कुमारी की तबादला सिमडेगा हो गया है जिसमे आज शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू को छतरपुर और नैडिहा बाजार प्रखंड का सिडियो का शीला कुमारी ने प्रभार दिया इस मौके पर प्रखंड के प्रधान सहायक नवाब सिडियियो कार्यालय के बड़ा बाबू बीरेंदर कुजूर,मनीषा गुप्ता,अनुराधा कुमारी,कलावती देवी,रिंकी कुमारी,गुरुदेव कुमार,आकाश कुमार ,अरबिंद कुमार,समेत सेविका उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर ने सोशल साइट्स पर किया ट्रेंड, मिली ढेरों प्रतिक्रिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राष्ट्रीय नवीन मेल में कोसीआरा स्टेशन तक पहुंचने का संपर्क मार्ग बदहाल शीर्षक से शनिवार को प्रकाशित खबर सोशल नेटवर्किंग साइट पर खूब ट्रेंड किया। जिस पर ढ़ेर सारी प्रतिक्रिया भी मिली। कई लोगों ने संबंधित विभाग और सेवा को इसे उनके एक्स पर ट्वीट भी किया। झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कुमार अभिषेक ने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर डीडीयू मंडल के डीआरएम, रेल मंत्रालय और पूर्व मध्य रेलवे को टैग करते हुए इस समस्या से अवगत कराया। एसोसिएशन की उपाध्यक्ष रिचा प्रकाश, सह-सचिव मृत्युंजय गुप्ता, मीडिया प्रभारी अंकू सिंह राणा, स्थानीय समाजसेवी शुभम कुमार सिंह और ब्यूटी मंडल ने भी खबर को ट्वीट कर इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त की है। जबकि झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस सोशल मीडिया संयोजक राहुल सिंह ने गंभीर समस्या बताते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, रेल यूजर्स एशोसियेशन की शिकायत पर, डीडीयू मंडल के डीआरएम ने एक्स पर जवाब देते हुए कहा है कि मामले को आवश्यक कार्रवाई हेतु नोट कर लिया गया है। असुविधा के लिए खेद है। जबकि रेल सेवा साइट पर ब्यूटी मंडल को इस मामले को लेकर संबंधित विभाग को सूचित करने की बात कही गई। इस पर ओम प्रकाश नामक व्यक्ति ने डीआरएम के जवाब पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि सिर्फ नोटेड-एक्शन-सॉरी जैसे रूटीन जवाब से यात्रियों की समस्या खत्म नहीं होगी। उन्हें कागजी जवाब नहीं, बल्कि जमीनी सुधार चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि आखिर कब तक लोग इस जर्जर रास्ते पर गिरकर घायल होते रहेंगे।

# उर्वरक की कमी से परेशान किसान

## तय दरों पर खाद नहीं मिलने से कालाबाजारी का बढ़ा शोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर।** चालू मौसम में खेतों को पर्याप्त पानी मिलने के बाद भी उर्वरक के अभाव का दंश झेलने को किसान अभिशप्त हैं। किसानों की मेहनत से इस बार खेतों में धान की फसलें लहलहा रही हैं, लेकिन खाद की कालाबाजारी ने शोर मचा रखा है। किंतु वास्तविकता तो यह है कि गत 20 दिनों से क्षेत्र के खुदरा विक्रेता और पैक्स में यूरिया एक ग्राम भी नहीं है। जिससे किसानों की मुश्किलें और चिंता बढ़ी हैं। व्योवृद्ध किसान व पूर्व उप प्रमुख यमुना सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के कई खाद विक्रेताओं पर यूरिया की कृत्रिम किल्लत करने का आरोप मढ़ा जाना अनुचित है। इस क्षेत्र के दुकानदारों को पर्याप्त खाद उचित और निर्धारित दरों पर मिलता ही नहीं, तब उनका ऊंचे दरों पर बिक्री करना विवशता है। किस प्रतिष्ठान में जान बूझकर खाद रख कालाबाजारी का शोर मच रहा है। यह तो जांच और कार्रवाई का विषय है। उधर खाद विक्रेता संघ ने सामूहिक बैठक में स्पष्ट कर दिया कि तय दरों में खाद उन्हें मिलता ही नहीं, तो सरकार के निर्धारित दरों पर बिक्री कतई संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि चारों तरफ उर्वरक के लिए हाहाकार मचा है। एक तरफ सरकार के पदाधिकारियों व कालाबाजारियों की मिलीभगत से गुप्त रुप व मनमाने ढंग से ऊंची कीमत पर उर्वरक बिक्री कराने में व्यस्त है। दूसरी ओर निचले तबके के दुकानदारों पर व्यर्थ कालाबाजारी का आरोप मढ़ा जाता रहा है। जो सरकार के लिए शर्मनाक की बात है। पैक्स अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि इफको डीएपी खाद, जिसका अधिकतम मूल्य 1350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम का प्रिंट रेट है, उसे 1700 रुपये में बेचा जा रहा है। उन्हें कितना दर पर मुहैया कराया जाता है। इसकी सर्वप्रथम जांच पड़ताल होनी चाहिए। वहीं यूरिया खाद, जिसका निर्धारित मूल्य 266. 50 रुपये प्रति 45 किलोग्राम है, किंतु वर्तमान में 320 रुपए से कम दुकानदारों को दिया ही नहीं गया। प्रशासन और दुकानदारों के बीच समन्वय नहीं रहने से किसानों को खाद के लिए काफी भागदौड़ करनी पड़ रही है। बताया गया कि लंबी प्रतीक्षा के बाद जिला में यूरिया का रेक तो आया, पर निर्धारित दरों पर बिक्री जा दबाव बनाए जाने से कोई भी दुकानदार उठाव करने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि खाद की कालाबाजारी पर राजनीति करना किसान हित में नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई भी दुकानदार तय मूल्य पर खाद नहीं बेच सकता। संघ ने कहा है कि एफआईआर और कार्रवाई की धमकी से दुकानदार डरने वाली नहीं है। कार्रवाई होते ही दुकानदार भ्रष्टाचार का पुलिंदा खोलने का कार्य करेगी

## न्यूज बॉक्स

### किसानों को उचित मूल्य पर यूरिया खाद उपलब्ध कराए सरकार : सत्यनारायण

**मोहम्मदगंज।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह गढ़वा जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह ने प्रदेश सरकार से पर्याप्त मात्रा में उचित सरकारी दर पर यूरिया खाद किसानों को उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भदई फसल मक्का और खरीफ फसल धान ही पलामू और गढ़वा जिलों की मुख्य फसलें हैं। लेकिन इस वर्ष मक्का सहित अन्य भदई फसल की बोवाई अधिक बारिश होने के कारण शून्य रहा है। जबकि धान फसल की स्थिति ठीक है। परंतु, समय पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण फसल की वृद्धि प्रभावित हो रही है। जबकि धान की रोपाई पूरी हो गई है। लेकिन उसमें खाद देने का समय गुजरता जा रहा है। ऐसी स्थिति में इसके उत्पादन पर असर होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में इस खाद की उपलब्धता नहीं होने के कारण इसकी कालाबाजारी भी हो रही है। जिसे उचित सरकारी दर से दोगुने और तिगुने दाम पर किसान खरीदने को विवश हैं। पर्याप्त मात्रा में इस खाद के उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण इसको खरीदने को लेकर आपाधापी मचा हुआ है। अराजक की स्थिति उत्पन्न न हो जाए, इससे पहले पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में यूरिया खाद अविलंब वितरण कराने की जरूरत है।

### गरीब रथ के ठहराव को लेकर सकारात्मक पहल पर लोगों ने आभार

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर गरीब रथ एक्सप्रेस (12877/12878) रांची-नई दिल्ली के ठहराव की दिशा में सकारात्मक पहल के प्रति विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक संगठनों के नेताओं व अन्य कई लोगों ने आभार जताया है। उन्होंने इस पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे उनकी चिरप्रतीक्षित मांग के पूरी होने की उम्मीद बढ गई है। क्योंकि सांसद विष्णु दयाल राम के पत्र पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए इस स्टेशन पर गरीब रथ के ठहराव को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को ऑपरेशनल फिजीब्लिटी जांच करने के निर्देश दिए हैं। इससे गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित किए जाने की संभावना को बल मिला है। इसके लिए सांसद और रेलमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए जिला पार्षद अंजू देवी, समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, प्रमुख अर्चना देवी, उपप्रमुख नगीना सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यनारायण सिंह, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता कामेश्वर कुशवाहा,मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, मुखिया अबूनसर सिद्दीकी और कमला देवी सहित अन्य कई लोगों ने कहा कि इससे न केवल देश की राजधानी नई दिल्ली सहित अन्य महानगरों से कनेक्टिवीटी बढेगी, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

### 26 को करेंगी सुहागिन महिलाएं हरितालिका तीज व्रत

**हैदरनगर।** हरतालिका तीज व्रत दो शब्दों हरित (हरण) और अलिका (सखी) से मिलकर बना है। इस पर्व की विशेष महत्व पर चर्चा कर वयोवृद्ध पंडित कुंडल तिवारी ने बताया कि माता पार्वती श्री महादेव जी को पति स्वरुप में चाहती थी। लेकिन उनके पिता भगवान विष्णु जी से करने के लिए सप्त ऋषियों को वचन दे दिया। माता पार्वती सखियों के सलाह से महल से दूर घनघोर वन मे चली गई। वहां पर मिट्टी की शिवलिंग बनाकर स्थापित कर निराहार तपस्या करने लगी। जिससे प्रसन्न होकर श्री महादेव जी प्रगट होकर माता पार्वती को अर्धांगिनी स्वरुप में स्वीकार करने का वचन दिया। उस दिन भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथी थी। उसी समय माता पार्वती के पिता खोजते हुए वहां पहुचे और पार्वती को कुशल देख प्रसन्न हुए। उनकी तपस्या करने तथा शिव जी की प्राकट्य होकर पार्वती को पत्नी स्वरुप स्वीकार करने की बात से प्रसन्न होकर विवाह के लिए मान लिया। तब से हरितालिका त्यौहार भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य और पति की दीघार्यु के लिए यह व्रत निराहार होकर करती है। कुमारी कन्यायें भी अपने मनचाहा पति पाने के लिए इस व्रत को रखती है। उन्होंने कहा कि यह व्रत 26 अगस्त दिन मंगलवार को मनाया जाएगा। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि का प्रारंभ 25 अगस्त को दोपहर 12. 34 बजे से शुरू होकर 26 अगस्त को दोपहर 01. 54 बजे समापन होगा।

### दुर्गा पूजा को लेकर कमिटी गठित, अध्यक्ष बने आदर्श

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के संकट मोचन महावीर मंदिर परिसर में शुक्रवार को जय बजरंग संघ पुराना बाजार की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से पूजा समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद पर आदर्श सोनी, उपाध्यक्ष राहुल सोनी, सचिव बालकेश पासवान, उपसचिव अंकुश गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोल्डन सोनी एवं उप कोषाध्यक्ष संदीप सैंडिक को चुना गया। वहीं महाप्रबंधक ओमप्रकाश गिरी, कृष्णा प्रजापति एवं विजय ठाकुर रहेंगे। समिति के सदस्यों ने कहा कि इस वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन भव्य और शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि पूजा पंडाल की साज-सज्जा से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक की तैयारी समय रहते पूरी की जाएगी। वहीं, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था करने का भी निर्णय लिया गया। समिति ने सभी ग्रामीणों से सहयोग और सहभागिता की अपील की। बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी संदेश देता है। आयोजन को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। बैठक में योगेंद्र प्रसाद सोनी ,संतोष मिश्रा, धर्मेंद्र सोनी, पवन सोनी, सतीश मिश्रा, ओमप्रकाश, दिलीप सोनी, नीरज प्रसाद, अजय प्रजापति, विजय कुमार, रोहित सोनी, अरविंद डिसिल्वा, संतु शर्मा , सुमित गुप्ता, गोलू, अभिषेक सोनी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय हुसैनाबाद के सभागार में पोषण भी, पढ़ाई भी अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविकाओं को बच्चों की प्रारंभिक देखभाल, शिक्षा और पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण का संचालन सुपरवाइजर सिमा झा, प्रेमलता कुजूर,किरण कुमारी और कांति कुमारी ने किया। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय पाठ्यक्रम एवं प्रारंभिक बाल अवस्था देखभाल एवं शिक्षा पर आधारित है। सेविकाओं को सिखाया गया कि कैसे वे 3 से 6 वर्ष के बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई और मानसिक विकास की दिशा में प्रेरित कर सकती हैं। प्रशिक्षण में बताया गया कि शैक्षणिक सत्र के पहले चार सप्ताह बच्चों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान उन्हें पसंद के अनुसार खेल सामग्री उपलब्ध करायी जाएगी ताकि वे आनंदपूर्वक सीखने की प्रक्रिया में भाग ले सकें। साथ ही गीत, कहानियों और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की रुचि और क्षमता के अनुरूप सीखने का वातावरण तैयार किया जाएगा। सेविकाओं को यह भी बताया गया कि 18 सप्ताह की योजना आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए एक संगठित शिक्षण चक्र की तरह कार्य करेगी, जिसमें बच्चों को नियमित रूप से शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रशिक्षकों ने यह स्पष्ट किया कि पोषण और शिक्षा का संतुलन बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस तरह का प्रशिक्षण आंगनबाड़ी सेविकाओं की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावशाली और बच्चों के लिए लाभकारी बनाएगा।मौके पर सेविका रश्मि सिंह समेत अन्य दर्जनों सेविकाएं उपस्थित थीं।

# दो दिवसीय आयुष स्वास्थ्य शिविर बारिश से प्रभावित

**नवीन मेल संवादाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड परिसर में आयोजित दो दिवसीय आयुष स्वास्थ्य जांच शिविर पर भारी बारिश का असर पड़ा। शुक्रवार और शनिवार को इस शिविर में क्रमशः 79 व 63 कुल मात्र 142 मरीजों की ही जांच संभव हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुसैनाबाद के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विनेश कुमार के आदेशानुसार लगातार तीसरे महीने आयोजित इस शिविर में ऑस्टियोआर्थराइटिस व मस्कुलोस्केलेटन विकारों से ग्रसित वृद्ध मरीजों का बायोमेट्रिक कार्यक्रम के तहत जांचकर दवाएं दी गईं। शिविर का आयोजन उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला आयुष समिति के पत्र के आलोक में किया गया। इस शिविर में डॉ. अशोक कुमार, डॉ. राकेश सिंह, सुनील कुमार सिंह और डॉ. शक्ति सिंह ने मरीजों की जांचकर आयुर्वेद व होम्योपैथ पद्धति से इलाज किया। जबकि आनंद कुमार ने योग से रोग की मुक्ति का टिप्स दिए। इस शिविर में सीएचओ रामी किण्डो व एमपीडब्ल्यू अमरकांत सहित स्वास्थ्य सहियाओं ने दायित्व का पालन निष्ठापूर्वक पालन करते हुए सहयोग प्रदान किए।

## करंट की चपेट में आने से युवती की मौत

**सतबरवा।** सतबरवा थाना क्षेत्र के मेलाटांड स्थित शनिवार सुबह एक हृदयविदारक हादसा हो गया। पानी भरने के दौरान करंट की चपेट में आने से 30 वर्षीय खुशबू कुमारी, पिता शिव प्रसाद सोनी की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, खुशबू कुमारी सुबह करीब आठ बजे घर के पीछे मोटर चलाने गई थी। इसी दौरान वह अचानक विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आ गई। करंट लगते ही वह जोर से चिल्लाई और बुरी तरह झुलसकर गिर पड़ी। गंभीर हालत में परिजन आनन-फानन में उसे तुम्बागड़ा स्थित नवजीवन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर सतबरवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच, मेदिनीनगर भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## सतबरवा प्रखंड में यूरिया खाद की भारी किल्लत

**सतबरवा।** धान की रोपाई पूरी करने के बाद अब किसान यूरिया खाद की किल्लत से जूझ रहे हैं। समय पर खाद उपलब्ध न होने से किसान बेहाल हैं और खेती पर संकट गहराता जा रहा है। ग्रामीण किसानों का कहना है कि प्रखंड क्षेत्र में खाद की भारी कमी है। बाजार में कुछ दुकानदार मनमाने दाम पर यूरिया बेच रहे हैं, जिससे किसान आर्थिक बोझ तले दबते जा रहे हैं। आलम यह है कि कई पंचायतों में किसान खाद के लिए रोज दुकानों का चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लग रही है। सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के किसानों ने बताया कि बारिश की वजह से धान की रोपाई तो पूरी हो गई, लेकिन अब खाद नहीं मिलने से फसल पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। किसानों का गुस्सा लगातार बढ़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्या का त्वरित समाधान न किया गया तो सोमवार को पलामू उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि झारखंड सरकार जल्द ही खाद उपलब्ध नहीं कराती है तो किसान प्रखंड मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। किसानों की परेशानी से पूरे क्षेत्र में असंतोष का माहौल है और लोग प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

# हैदरनगर की जलसहिया ने संवाद कार्यक्रम में दिखाई सहभागिता

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन के संवाद कार्यक्रम में हैदरनगर की जलसहियाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रखंड वॉश समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी संतोष कुमार तिवारी, पंचायत सचिव महेन्द्र कुमार भी शामिल हुए। इस संवाद में प्रखंड वॉश समन्वयक एवं प्रधान सचिव मस्त राम मीना ने जलसहियाओं के मानदेय बढोत्तरी की शीघ्र घोषणा किए जाने की जानकारी दी। इस घोषणा से लंबे समय से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में पूरी सक्रियता से कार्य कर रही जलसहियाओ में नया उमंग का सृजन हुआ है। उन्होंने उनके बेहतर काम के प्रति सम्मान बताया। संवाद कार्यक्रम दौरान अधिकारी द्वारा जलसहियाओं के द्वारा किए जा रहे सामाजिक दायित्व के पालन के प्रति सजगता का सम्मान उनके पहचान एवं राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के उपलब्धि में काफी उपयोगी सिद्ध होने की बात पर भी गहन चर्चा की गई। इसमें हैदरनगर से आरती, सीमा, नीलम, रीता, रिंकी, मुन्नी, रुपा, संगीता, संजू, शबनम आरा के साथ बरडंडा व मोकहर कला के मुखिया सुदर्शन राम व नाजमा खातून ने भाग लिया।

## भारी बारिश से भीमबराज के जलप्रवाह के बढ़ने की संभावना

**मोहम्मदगंज।** भारी बारिश से एक बार फिर भीमबराज के जलस्तर के बढने की संभावना जताई गई है। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि शनिवार को मेदिनीनगर से दोपहर में कोयल नदी का 2.2 मीटर जलस्तर होने की सूचना प्राप्त हुई है। इससे देर रात तक भीमबराज में एक लाख क्यूसेक पानी आने की संभावना है। इसे देखते हुए स्थिति को अलर्ट मोड में रखा गया हैं। भीमबराज से मुख्य नहर का जलप्रवाह शून्य कर दिया गया है। जबकि नदी में फिलहाल 70 हजार क्यूसेक जलप्रवाहित हो रहा है। जो लगातार बढ़ रहा है। जलप्रवाह के डेढ लाख क्यूसेक तक बढ़ने की संभावना को देखते 40 में 38 गेट खोले जा सकते हैं। अभी 18 गेट खोल दिए गए हैं।

**समस्या**

## जपला जेपी चौक से स्टेशन रोड की सड़क जर्जर

# जलजमाव के कारण सड़क चलने लायक नहीं, लोग परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य सड़क में शुमार जेपी चौक से जपला स्टेशन तक जाने वाली सड़क की सूरत एक माह बाद भी नहीं बदली। जिसके कारण इस सड़क से आने जाने वाले राहगीर नगर पंचायत को कोस रहे हैं। सड़क में बने गड्ढे और पानी के जलजमाव के कारण सड़क चलने लायक नहीं है। आए दिन लोग इस सड़क पर गिरकर चोटिल हो रहें है, लोगों को स्टेशन तक आवाजाही करने में परेशानी होती है, गड्ढे में तब्दील और बरसात में गड्ढे में भरा पानी के चलते छोटे बड़े वाहनों की रफ्तार धीमी रहती है। लोग पैदल चलना बंद कर दिया है। दिन में तो किसी तरह लोग आते जाते रहते है लेकिन रात के अंधेरों में स्टेशन से आने जाने वाले यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, हल्की यह सड़क, इस इलाके की लाइफ लाइन है। लोग प्रतिदिन इस सड़क तक आते जाते हैं, साथ ही यह सड़क से नगर पंचायत क्षेत्र के अलावा दर्जनों गांवों के लोगों को अनुमंडल मुख्यालय से लेकर शहर तक प्रतिदिन आवागमन लगा रहता है, लेकिन अब सड़क की नारकीय स्थिति को देखते हुए लोग दूसरे रस्ते से आते जाते है। इस सड़क की लंबाई एक किलोमीटर से भी कम है, लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के कारण सड़क निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है।

## हुसैनाबाद नपं में स्थाई कार्यपालक पदाधिकारी का लोगों को इंतजार

हुसैनाबाद नगर पंचायत में स्थाई कार्यपालक पदाधिकारी की नियुक्ति नहीं होने से विकास अवरुद्ध हो गया है। अब लोगों को नये कार्यपालक पदाधिकारी का इंतजार है, विधायक से अविलंब नियुक्ति कराने की मांग की है। हुसैनाबाद एसडीएम ओमप्रकाश गुप्ता को हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी का प्रभार 20 दिन पूर्व मिला है। नगर पंचायतवासियों को इनके आने से काफी उम्मीदें जगी थी कि शहर की सूरत बदलेगी और छोटी- छोटी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। परंतु बीस दिनों के बाद भी क्षेत्र की स्थिति काफी खराब हो गई हैं। अनुमंडल मैदान के समीप आईटीआई के पास गड्ढे नहीं भरे गये, ऐसे में लोग अब उम्मीद छोड़ चुके हैं। लोगों को स्थाई कार्यपालक पदाधिकारी का इंतजार है।

### नशे के खिलाफ समाज व पुलिस एकजुट, डीआईजी नौशाद आलम बोले-

# अभिभावक नशे से दूर रहने का संकल्प लें



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम से गौसिया मोहल्ला पहाड़ी स्थित इत्तिहाद-ए-अमन कमिटी के नागरिकों ने मुलाक़ात की। लोगों ने समाज से नशे की लत मिटाने और इस पर कड़ी रोक लगाने की मांग की।

डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि नशा केवल कानून का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह परिवार और समाज दोनों को बर्बाद करने वाली बुराई है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे खुद नशे से दूर रहने का संकल्प लें और अपने बच्चों को भी इससे बचने की प्रेरणा दें।

डीआईजी ने साफ चेतावनी दी कि नशे के कारोबार में शामिल लोगों पर पुलिस की कड़ी नज़र होगी। जहाँ भी मादक पदार्थों का अवैध धंधा होगा, वहाँ छापेमारी की जाएगी और दोषियों पर कार्यपालक दंडाधिकारी की मौजूदगी में कठोर कार्रवाई होगी।

उन्होंने मेडिकल दुकानों के लिए भी निर्देश दिया कि नशीली दवाएँ केवल डॉक्टर के पर्चे पर ही दी जाएँ। यदि कोई दवा दुकान बिना प्रिस्क्रिप्शन के ऐसी दवा बेचता पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

डीआईजी आलम ने कहा कि नशा पीढ़ियों को बर्बाद कर देता है। युवाओं को इस जाल से बचाना सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस और प्रशासन लगातार अभियान चलाकर नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आज के युवा देश का भविष्य हैं। यदि उन्हें नशे से बचा लिया गया तो समाज और देश दोनों मजबूत होंगे।

## चैनपुर केजीबीवी में डीसी का औचक निरीक्षण, कई स्कूलों में मिली अनियमितता



- **बच्चों की उपस्थिति कम, लेकिन मिड-डे मील का बिल अधिक; फर्नीचर की भी कमी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर उपायुक्त समीरा एस गंभीर दिखीं। शनिवार को उन्होंने खुद चैनपुर प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अन्य वरीय अधिकारियों को भी अलग-अलग स्कूलों की जांच का जिम्मा दिया गया। निरीक्षण के दौरान कई महत्वपूर्ण बातें सामने आईं। पाया गया कि कई विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति कम थी, लेकिन मिड-डे मील का बिल उससे अधिक दिखाया गया। केजीबीवी में भी इसी तरह की गड़बड़ी मिली। कुछ विद्यालयों में फर्नीचर की कमी भी पाई गई। जांच दल के अधिकारियों ने विद्यालयों में पठन-पाठन, मिड-डे मील की गुणवत्ता, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, पेयजल और स्वच्छता सुविधा, पुस्तक और शैक्षणिक सामग्री, खेल-कूद की व्यवस्था, छात्रवृत्ति और यूनिफॉर्म वितरण समेत कई बिंदुओं पर स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के बाद डीसी ने चैनपुर ब्लॉक में सभी अधिकारियों के साथ बैठक की और रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि विद्यालयों की कमियों को जल्द से जल्द दूर किया जाए ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं मिल सकें।

## पीजी नामांकन की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग

- **एनएसयूआई ने एनपीयू डीएसडब्लू को सौंपा ज्ञापन, तकनीकी दिक्कतों और रिजल्ट देरी का दिया हवाला**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) के स्नातकोत्तर सत्र 2025-27 में नामांकन की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर शुक्रवार को एनएसयूआई (राष्ट्रीय छात्र संघ) के पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय के छात्रअधिष्ठाता (डीएसडब्लू) को ज्ञापन सौंपा।

एनपीयू अध्यक्ष आशीष कुमार ठाकुर के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में कहा गया है कि ऑनलाइन पोर्टल पर तकनीकी दिक्कतों के कारण बड़ी संख्या में छात्र आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रहे हैं। जीएलए कॉलेज एनएसयूआई उपाध्यक्ष पलक सिंह ने कहा कि विभिन्न जिलों से आने वाले छात्रों को दस्तावेज एकत्र करने में समय लग रहा है, साथ ही स्नातक सत्र 2021-24 की अंतिम परीक्षा का परिणाम देर से जारी होने के कारण कई विद्यार्थी समय पर नामांकन नहीं कर सके।

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि यदि नामांकन की अंतिम तिथि शीघ्र नहीं बढ़ाई गई तो अनेक योग्य छात्र उच्च शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने कम-से-कम 15 दिनों का विस्तार करने की मांग की।

इस दौरान एनएसयूआई जीएलए कॉलेज अध्यक्ष रिशु दुबे, ओमप्रकाश त्रिपाठी, आशीष कुमार ठाकुर, पलक सिंह, सत्य प्रकाश, हाशिम बिस्मिल, विकाश मिश्रा समेत कई छात्र मौजूद रहे।

## विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस पर कोचिंग संस्थानों में आयोजन सराहनीय पहल

- **नई पीढ़ी को संगठन से परिचित कराने का उद्देश्य**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस 16 अगस्त से 31 अगस्त तक जिले के विभिन्न स्थानों पर समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस वर्ष समिति युक्त खंडों और उपखंडों के अलावा नगर के कई कोचिंग संस्थानों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

जिला अध्यक्ष दामोदर मिश्र ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य नई पीढ़ी को परिषद की गतिविधियों और कार्यों से परिचित कराना है। यह प्रयास स्वागत योग्य है और इससे संगठन की नई दिशा को बल मिलेगा। अभी तक ब्रदर एकेडमी, गुरुकुल कोचिंग संस्थान समेत कई शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम संपन्न हुए हैं।

इसी क्रम में बाईपास रोड स्थित एकेडमिक गुरु कोचिंग संस्थान में भी स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला विद्यार्थी प्रमुख विवेक सिंह ने किया। उन्होंने संगठन की स्थापना, उपलब्धियों, उद्देश्यों और भविष्य की योजनाओं पर विद्यार्थियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की।

इस अवसर पर संस्था के शिक्षक डॉ. सत्यप्रकाश दुबे, धीरज उपाध्याय और छात्र-छात्राएँ स्वाति, अपराजिता, सलोनी, साक्षी, सुहानी, प्रियांशी, आकांक्षा, अमित, रौशन, आनंद, आदित्य, अभय, आलोक, अभिनव सहित अन्य मौजूद रहे।

## 29 अगस्त को इंटर स्कूल खो-खो व दौड़ प्रतियोगिता

- **जीएलए एथलेटिक्स स्टेडियम में होगा आयोजन, विजेताओं को मिलेगा ट्रॉफी और मेडल**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में आगामी 29 अगस्त 2025 को जीएलए एथलेटिक्स स्टेडियम में इंटर स्कूल खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से शुरू होगी।

आयोजन में बालक और बालिकाओं के लिए खो-खो, 600 मीटर और 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। खो-खो प्रतियोगिता केवल एक ग्रुप में होगी। एथलेटिक्स वर्ग में दो आयु श्रेणियां रखी गई हैं—16 वर्ष से कम आयु वर्ग के लिए 600 मीटर दौड़ और 16 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए 1600 मीटर दौड़।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक विद्यालयों को 27 अगस्त 2025 तक मोबाइल नंबर 9431554509 पर पंजीकरण सुनिश्चित करना होगा।

पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने यह जानकारी दी।

## युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर शहर के गोसाईंबाग मैदान में शनिवार की सुबह एक युवक का शव पानी में मिलने से सनसनी फैल गई। शव होने की जानकारी मिलते ही देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। बाद में शव की पहचान भवनाथपुर थाने के अरसली गांव निवासी चंद्रिका चंद्रवंशी के पुत्र बब्लू चंद्रवंशी के रूप में की गयी। बताया जाता है कि बब्लू होटल में मिस्त्री का काम करता था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। शव के पास एक मोबाईल फोन भी पड़ा हुआ था। ट्रूकॉलर आईडी में मृतक का नाम बब्लू मिस्त्री दर्ज था। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया किसी बड़े वाहन के बैक करने के दौरान हुई हादसा प्रतीत होता है। मामले की जांच की जा रही है। उधर पोस्टमॉर्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया।

# पलामू में यूरिया खाद की कालाबाजारी, विधायक आलोक चौरसिया ने उपायुक्त को लिखा पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज के विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने पलामू प्रमंडल में यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाजारी को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस समस्या पर तत्काल रोक लगाने और किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने की मांग करते हुए पलामू के उपायुक्त को एक पत्र लिखा है।

विधायक आलोक चौरसिया ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि पिछले एक सप्ताह से लगातार स्थानीय समाचार पत्रों और किसानों के माध्यम से उन्हें पूरे पलामू प्रमंडल में यूरिया खाद की भारी कमी की सूचना मिल रही है।

पत्र में उन्होंने किसानों के लिए धान की फसल के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने लिखा है कि किसानों के लिए धान की खेती उनकी मेहनत और आजीविका का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह एक तरह से उनकी 'रीढ़ की हड्डी' की तरह होती है, जिससे उनका भावनात्मक जुड़ाव होता है। हालांकि, उन्होंने यह भी बताया कि आज उनके विधानसभा क्षेत्र समेत पूरे प्रमंडल में यूरिया की कालाबाजारी और कृषि विभाग की उदासीनता के कारण किसान समय पर खाद से वंचित हो रहे हैं। इस स्थिति से किसान बेहद गुस्से में हैं। विधायक ने पत्र में सरकारी और बाजार मूल्य के बीच के बड़े अंतर का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि यूरिया खाद की सरकारी दर प्रति 50 किलो के लिए 266 रुपए है, जबकि स्थानीय दुकानदार इसे 650 रुपए से 700 रुपए तक की मनमानी कीमतों पर बेच रहे हैं। विधायक आलोक चौरसिया ने जनहित में उपायुक्त से आग्रह किया है कि वे इस मामले का तत्काल संज्ञान लें। उन्होंने मांग की है कि खाद की कालाबाजारी पर तुरंत रोक लगाई जाए और कृषि विभाग से समन्वय स्थापित करके किसानों को उचित दाम पर और आसानी से यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए।

## शहर में यातायात नियम उल्लंघन पर 11 बाइक जब्त



- **बिना हेलमेट और लाइसेंस पर कड़ी कार्रवाई, 21,150 रुपये का जुर्माना**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदीक चौक टेंपो स्टैंड और कोयल पुल के पास जिला परिवहन विभाग व पुलिस की संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कई चारपहिया और दोपहिया वाहनों की जांच की गई। इस क्रम में दोपहिया वाहन चालकों में से कुछ बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस तथा एक ट्रिपल लोड में पकड़े गए। कार्रवाई के तहत कुल 11 दोपहिया वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया। बाद में इन्हें चालान फाइन की प्रक्रिया हेतु जिला परिवहन कार्यालय पलामू भेजा गया। जिला परिवहन कार्यालय पलामू से प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 अगस्त 2025 को 17 दोपहिया वाहनों पर चालान फाइन जारी किया गया है। इन वाहनों पर कुल 21,150 रुपये का जुर्माना लगाया गया। चालान संबंधी कागजात जिला परिवहन कार्यालय से थाना को प्राप्त हुए हैं।

## गदका टीम को विहिप–बजरंग दल ने सम्मानित कर किया रवाना

- **राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए धनबाद रवाना हुई 66 सदस्यीय टीम**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू गदका संघ के नेतृत्व में जिले की 66 सदस्यीय टीम कल देर रात राज्य स्तरीय गदका प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए धनबाद रवाना हुई। टीम मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन से ट्रेन द्वारा प्रस्थान की।

रात्रि 10 बजे रेलवे स्टेशन पर खिलाड़ियों को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल पलामू की ओर से समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया और शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई। टीम में विहिप महिला अध्यक्ष अनामिका सिंह के पुत्र समेत कई युवा बजरंगी भी शामिल हैं।

इस अवसर पर विहिप महिला उपाध्यक्ष अनामिका सिंह, पूर्व उपमहापौर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह, विहिप जिला मंत्री अमित तिवारी, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, नरेंद्र मेहता, बेबी देवी, अनूप सिंह, शैलेश सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## त्योहार से पहले रोड व लाइट की मरम्मत जरूरी : अरुणा शंकर



- **बारिश में टूटी सड़कों से लोगों की मुश्किलें बढ़ीं, संवेदकों को वारंटी पीरियड में ही सुधारने का निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शहर की जर्जर सड़कों और बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण निगम क्षेत्र की कई सड़कें टूट गई हैं। रखरखाव के अभाव में मोहल्लेवासियों का घर से निकलना, बच्चों का स्कूल जाना और बुजुर्गों का आना-जाना तक मुश्किल हो गया है। लोग गिरने के डर से घरों में कैद हैं।

महापौर ने कहा कि नगर निगम न तो अपने स्तर से सड़कों की मरम्मत कर रहा है और न ही संवेदक, जबकि कई सड़कें अभी वारंटी पीरियड में हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में कटे हुए बिल की राशि से मरम्मत कराई जाए या संवेदक खुद तत्काल सुधार करें।

अरुणा शंकर ने कहा कि दीपावली, दशहरा, धनतेरस और छठ जैसे प्रमुख त्योहार आने वाले हैं, ऐसे में सभी सड़कों की मरम्मत तुरंत कराई जानी चाहिए। उन्होंने निगम को निर्देश दिया कि स्ट्रीट लाइटों की भी मरम्मत की जाए, क्योंकि गड्ढेदार सड़कों और अंधेरे में हादसों की आशंका बढ़ जाती है।

महापौर ने यह भी कहा कि शहर में चल रहे पाइपलाइन फेज-2 के कार्यों के दौरान कई स्थानों पर सड़कों को काटकर समतल नहीं किया गया है। प्रशासन को चाहिए कि तत्काल ऐसे गड्ढों को भरवाकर सड़कों को समतल कराए।


**नेतरहाट आवासीय विद्यालय**

सी.बी.एस.ई. संबद्ध + 2 विद्यालय संबद्धता संख्या-3420006, विद्यालय संख्या-69558

झारखंड राज्य का लब्ध प्रतिष्ठित नेतरहाट आवासीय विद्यालय कक्षा 6 में नामांकन (सिर्फ बालकों) के लिए नि:शुल्क आवेदन आमंत्रित करता है। 1954 में स्थापित प्रकृति की गोद में बसा यह आवासीय विद्यालय प्राचीन गुरुकुल परंपरा एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली का अद्भुत संगम है। यहां उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्रों में स्वावलंबन एवं उच्च नैतिक मूल्यों के उत्थान के साथ सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जाता है।



**आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ : 25.07.2025**
**आवेदन की अंतिम तिथि: 31.08.2025**
**प्रवेश पत्र उपलब्ध : 25.09.2025 से**
**प्रवेश परीक्षा की तिथि: 12.10.2025 (रविवार)**

**आवश्यक योग्यताएं/शर्तें :**

(क) अभ्यर्थी को झारखंड राज्य का मूल निवासी/स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।
(ख) 01 अगस्त 2025 को अभ्यर्थी की उम्र 10 वर्ष से से कम और 12 वर्ष से अधिक नहीं हो।
(ग) अभ्यर्थी को झारखंड राज्य के अन्तर्गत सरकारी या सरकारी मान्यता प्राप्त बोर्ड (JAC, CBSE, ICSE) से संबद्ध विद्यालय से कक्षा-5 की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।
(घ) अभ्यर्थी यदि आरक्षित वर्ग से हों तो सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र/आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

**सामान्य निर्देश :**

- लिखित प्रवेश परीक्षा प्रत्येक प्रमण्डल मुख्यालय में आयोजित की जायेगी।
- प्रवेश परीक्षा में प्रश्नों का स्तर सामान्यत : पांचवीं कक्षा तक का होगा।
- आवेदन सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकता है।
- प्रवेश परीक्षा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर उपलब्ध है।

नेतरहाट प्रवेश परीक्षा संबंधी किसी भी प्रश्न तकनीकी सहायता के लिए कृपया संपर्क करें : 6201750193, 7545900666 (सभी कार्य दिवसों में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे)

## प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने की सभी प्राचार्यों के साथ बैठक

**श्री बंशीधर नगर।** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में शनिवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय ने सभी उच्च विद्यालय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय,मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय व नव प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक कर विभागीय कार्यों की समीक्षा किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा कि सभी विद्यालयों में शत प्रतिशत उपस्थिति होना चाहिये। उन्होंने कहा कि प्रयास कार्यक्रम के सभी बिंदु पर विभागीय आदेश का अनुपालन करें। पांडेय ने कहा कि इंस्पायर आवर्ड में मध्य विद्यालय तथा उच्च विद्यालय, प्लस टू उच्च विद्यालय से 6-12 में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं में से 5 बच्चों का नॉमिनेशन करना है। इसे हरहाल में 25 अगस्त तक पूरा कर लें अन्यथा वेतन बंद कर दिया जायेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि पोशाक, छात्रवृत्ति हेतू खाता का हार्ड और सॉफ्ट कॉपी डाटा का रिपोर्ट लेखपाल के पास जमा करें, जिससे बच्चों को पोशाक व छात्रवृत्ति की राशि उपलब्ध कराया जा सके। बीआरपी श्रीकांत चौबे ने शिक्षा सारथी योजना के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शैक्षिक गुणवत्ता और समग्र विकास के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में देखा जा रहा है कि कुछ विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति प्रतिशत काफी कम है। उपस्थिति की नियमित समीक्षा, अभिभावकों से संवाद, छात्रों को विद्यालय आने के लिए प्रेरित करना, विशेष निगरानी करना, रिपोर्टिंग और उपस्थिति में सुधार की प्रगति की मासिक रिपोर्ट तैयार किया जाय। बीआरपी ने सभी प्रधानाध्यापक को कहा कि बच्चों का ई-विद्या वाहिनी में उपस्थिति निश्चितरूप से अपलोड करें तथा रेल परीक्षा का उपस्थिति व परीक्षा फल परिणाम को भी अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों को ई-विद्या वाहिनी में सभी शिक्षकों व बच्चों की उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी प्रधानाध्यापक सभी विभागीय निदेर्शो का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने इको कल्ब के खाता का रजिस्ट्रेशन, नवोदय विद्यालय में ऑनलाइन फार्म भरने, इंस्पायर आवर्ड का रजिस्ट्रेशन, ई विद्या वाहिनी में पुस्तक वितरण का डाटा संधारण करने को कहा। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को विद्यालयों में सफल बनाने और पेड़ लगाने के बाद लिंक भरने का निर्देश दिया। बैठक में बीपीओ तहमीना परवीन, बीआरपी श्री कांत चौबे, लेखपाल राकेश तिवारी,सीआरपी सजंय कुमार सिंह, शोभा पांडेय, सुबोध कुमार केशरी, शक्तिदास सिन्हा, प्रधानाध्यापक द्वारिका नाथ पांडेय,बिरेन्द्र पांडेय, अविनाश कुमार सिन्हा, नरेंद्र श्रीवास्तव, सजंय कुमार, उदय कुमार, अखिलेश प्रसाद, अरुण कुमार सिंह, नित्यानंद तिवारी, अजिताभ कुमार,रमेश प्रसाद, रागिनी रवानी, तस्लीमा खातून,किरण कुमारी, ममता कुमारी, नीलम पांडेय,संध्या कुमारी, बिनोद ठाकुर, अलीम अंसारी, अनूप कुमार विश्वकर्मा, ज्ञान प्रकाश, सुधीर चौबे,मदन राम,निर्मल कुमार,मुनेश्वर मेहता सहित सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## बीडीओ ने सभी बीएलओ की बैठक बुलाई

**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों की बैठक 25 अगस्त को सुबह 11 बजे प्रखंड कार्यालय सभागार में बुलाई है। आदेश में कहा गया है कि बैठक में नजरी नक्शा, बीएलओ रिपोर्ट, की-मैप, जियो-फेंसिंग एवं एनेक्सचर-1 से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि सभी बीएलओ पर्यवेक्षक अपने-अपने मतदान केंद्रों के बीएलओ को बैठक की जानकारी देकर समय पर उपस्थित होने को सुनिश्चित करेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी कार्यों की सूचारू तैयारी करना है, ताकि मतदान केंद्रों से संबंधित सभी आवश्यक रिपोर्ट समय पर उपलब्ध हो सके। बीएलओ एवं उनके पर्यवेक्षकों को कहा गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित समस्त रिपोर्ट एवं अभिलेखों के साथ बैठक में शामिल हों। बीडीओ ने स्पष्ट किया है कि बैठक में अनुपस्थित रहने की स्थिति में संबंधित बीएलओ से जवाबदेही तय की जाएगी। सभी बीएलओ पर्यवेक्षकों को अपने स्तर पर जानकारी साझा कर बीएलओ को बैठक में पूरी जिम्मेदारी से भाग लेने का निर्देश दिया गया है।

## पीएचईडी के प्रधान सचिव ने बंशीधर मंदिर में की पूजा

**श्री बंशीधर नगर।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव मस्तराम मीणा एवं जल जीवन मिशन के निदेशक रमेश घोलप ने शनिवार को श्री बंशीधर मंदिर में दर्शन पूजन कर प्रदेश में अमन चैन एवं खुशहाली की कामना की। दर्शन पूजन के बाद अनुमंडल प्रशासन की ओर से दोनों अतिथियों को श्री बंशीधर जी की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान अधिकारियों ने मंदिर की भव्यता की प्रशंसा करते हुये कहा कि श्री बंशीधर मंदिर आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है। यहां विराजमान भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा अलौकिक एवं दिव्य आभा से परिपूर्ण है, जो श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति का अनुभव कराती है। मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी अधिकारियों के साथ पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया। अधिकारियों ने कहा कि श्री बंशीधर मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को भी दशार्ता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि मंदिर परिसर में पहुंचने से मन को अपार शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। मौके पर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, सीओ विकास कुमार सिंह, नगर पंचायत के प्रशासक राजकमल मिश्रा, बीडीओ रौशन कुमार सहित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जिले के अधिकारी उपस्थित थे।

## कम दर पर किसानों को खाद देना संभव नहीं : कन्हैया

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के करके पैक्स अध्यक्ष कन्हैया प्रजापति ने शनिवार को अपने पैक्स केंद्र पर प्रेस वार्ता कर बताया कि 266 रुपए में यूरिया खाद किसानों को देना संभव नहीं है। इसके पीछे उन्होंने कई कारण बताया। कहा कि भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड, रांची के शाखा मेदिनीनगर पलामू इफको यूरिया खाद केंद्र से गांवों के पैक्स दुकान तक खाद की निःशुल्क डिलीवरी नहीं की जाती है। वहीं मेदिनीनगर पलामू इफको यूरिया केंद्र से खाद लोडिंग में 5 रुपया प्रति बोरा और पैक्स केंद्र तक लाकर अनलोडिंग करने में 5 रुपया प्रति बोरा और ट्रांसपोर्टिंग में 50 रुपया प्रति बोरा लगभग 60 रुपया उपरी खर्च बढ़ जाता है। तब जाकर यूरिया खाद की वाहनों पर लोडिंग होती है। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर यूरिया खाद केंद्र से ही यूरिया खाद उठाव के दौरान भ्रष्टाचार फैला हुआ है। जिसकी जांच नहीं की जा रही है। बताया कि गांव देहात के छोटे-छोटे पैक्स दुकानों व पंजीकृत उर्वरक विक्रेताओं के यहां छापा मारा जा रहा है। अधिक मूल्य पर बेचने पर कार्रवाई की जा रही है। अध्यक्ष ने कहा कि आईएएस लेवल के पदाधिकारियों को भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड रांची के शाखा इफको यूरिया खाद मेदिनीनगर केंद्र को जांच करना चाहिए। ताकि भ्रष्टाचार पर विराम लग सके। आगे कहा कि कोई भी पैक्स और पंजीकृत उर्वरक दुकान निर्धारित दर 266 रुपए में यूरिया खाद किसानों को नहीं दे पाएगा। क्योंकि खाद दुकान तक लाने में ऊपरी खर्चे लग जाते है। पैक्स अध्यक्ष कन्हैया प्रजापति ने जिले के उपायुक्त दिनेश कुमार यादव को अच्छे छवि और कर्मठ आईएएस अफसर बताते हुए आग्रह पूर्वक मांग किया है कि क्षेत्र के सभी पैक्स केंद्र तक खाद की निःशुल्क डिलीवरी कराया जाए। लगने वाला ऊपरी खर्चे जैसे लोडिंग अनलोडिंग और ट्रांसपोर्टिंग खर्च को वहन कराया जाए। ताकि किसानों को 266 रुपए में यूरिया खाद मिल सके।

## चिनियां प्रखंड में अबुआ साथी प्रथम संवाद

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलैती खैर पंचायत सचिवालय परिसर में शनिवार को सहभागी शिक्षण केंद्र, चिनियां की ओर से अबुआ साथी प्रथम संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक चले इस कार्यक्रम में खुरी, बेता और विलैती खैर पंचायत के कुल 24 चिन्हित अबुआ साथी शामिल हुए। इसमें सभी 16 राजस्व ग्राम के प्रतिनिधि मौजूद रहे, हालांकि खुरी पंचायत से उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही। आयोजकों ने कहा कि इसके लिए पुनः बैठक बुलाई जाएगी। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान की प्रस्तावना पढ़कर की गई। इसके बाद सभी साथियों ने परिचय दिया और समाज के प्रति अपनी सोच साझा की। अबुआ साथियों ने ग्रामसभा में अपने अनुभव बताए, जिसमें बैठक बुलाना, प्रस्ताव लिखना, दस्तावेजीकरण और समिति संचालन जैसी बातें शामिल रहीं। बैठक में मानवता और निस्वार्थ भाव से गांव के विकास तथा सांस्कृतिक परंपराओं को बचाए रखने पर जोर दिया गया। सभी ने एक स्वर में माना कि ग्रामसभा को बेहतर ढंग से चलाने, नियम बनाने और वंचित परिवारों की सूची तैयार करने में सामुदायिक नेताओं की अहम भूमिका है। बैठक में निर्णय लिया गया कि अबुआ साथी हर महीने बैठक करेंगे और आगे की रणनीति तय करेंगे। कार्यक्रम का संचालन मास्टर ट्रेनर द्वारा किया गया।

## गढ़वा डीसी दिनेश कुमार यादव पहुंचे कांडी प्रखंड

# अबुआ आवास गृह प्रवेश कार्यक्रम में हुए शामिल

**● लाभुकों को मिली सौगात**

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** डीसी दिनेश कुमार यादव गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड के लमारी कला पंचायत पहुंचे। जहां अबुआ आवास के गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन में शामिल हुए। वहीं लोगों में उत्साहपूर्ण माहौल में नवनिर्मित अबुआ आवास का गृह प्रवेश किया गया। इस अवसर पर गढ़वा उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने उपस्थित होकर लाभुक परिवारों को उपहार स्वरूप गृह प्रवेश करवाया। नए घर में प्रवेश करते समय लाभुकों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। पंचायत भवन में आयोजित संवाद कार्यक्रम में गढ़वा उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने सभी लाभुकों से संवाद स्थापित किया तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लाभुकों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित भी किया और सभी को गृह प्रवेश की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कार्यक्रम के उपरांत उपायुक्त ने कांडी प्रखंड कार्यालय एवं बरडीहा प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के क्रम में सभी अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित पाए गए। उपायुक्त ने उपस्थिति पंजी, स्टॉक रजिस्टर, अभिलेखों एवं कार्यालयीन व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि शासन की योजनाएं जनता तक समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुंचे, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को लाभुकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए।

# अपहरण कर फिरौती मांगने वाले 6 अपराधी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**




**डंडई।** थाना क्षेत्र के तसरार गांव से पौधा बेचने वाले दो व्यक्तियों को अपहरण कर फिरौती मांगने वाले 6 व्यक्तियों को डंडई पुलिस ने शनिवार को न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया। जेल भेजे गए व्यक्तियों में रमना थाना क्षेत्र के शाह मोहम्मद अंसारी, कन्हैयालाल मेहता, विकास मेहता, तजमुल शेख, सचिन कुमार सहित बिशनपुरा थाना क्षेत्र के अमर निवासी सत्येंद्र मेहता का नाम शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डंडई थाना क्षेत्र के तसरार गांव में बिहार के अरवल निवासी सुजीत कुमार और विजय कुमार पौधा बेचने आए थे। घूम-घूम कर पौधा को बेचने के लिए आर्डर ले रहे थे, तभी दर्जनों की संख्या में मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति पहुंचे और उक्त दोनों व्यक्तियों को बंधक बना लिया और बाइक पर बैठा कर वहां से करीब 20 किलोमीटर दूर बुलका चुंदी जंगल झाड़ी में ले गए। जहां पर दोनों व्यक्तियों को डरा

**● 112 नंबर डॉयल कर दोनों युवकों ने बचाई जान**

धमका कर डेढ़ लाख रुपए की फिरौती मांगी गई। फोन से पैसा व्यवस्था करने के बहाने दोनों व्यक्तियों ने अपनी सूझबूझ से मौका पाकर 112 नंबर पर डायल कर पुलिस को इसकी सूचना किया। सूचना पाकर डंडई पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर पहुंचा और अपहरण कर फिरौती मांगने वाले 6 व्यक्तियों को घटनास्थल से ही गिरफ्तार कर लिया। वहीं कई लोग पुलिस को देखते ही भागने में सफल रहे। पुलिस के प्रयास से अपहरण किए गए व्यक्तियों को मुक्त किया गया। पुलिस ने घटनास्थल से छह व्यक्तियों समेत चार बाइक और चार मोबाइल जब्त किया है। मामले को लेकर डंडई थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने कहा कि मामले में 15 लोगों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज हुई है। 6 लोगों को शनिवार को न्याय हिरासत में गढ़वा जेल भेजा गया है। आगे उन्होंने बताया कि तसरार गांव से दो व्यक्तियों को अपहरण किया गया था। पीड़ित के द्वारा 112 नंबर पर डायल कर पुलिस को सूचित किया गया था। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और अपहरण किए गए व्यक्तियों को मुक्त कराया गया।

## असमय मृत्यु से परिजन शोकाकुल

**रमना।** शुक्रवार को सिलीदाग पंचायत निवासी 65 वर्षीय प्रेम शंकर सिंह की अचानक हो गयी। मृत्यु से परिजनों के साथ ही टोले-मुहल्ले लोग शोकाकुल है। अचानक हुई मृत्यु से लोगो को कुछ समझ नहीं आ रहा है कि आखिर किस कारण से स्वस्थ्य व्यक्ति की मृत्यु हो जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार एक दिन पूर्व मृतक प्रेम शंकर सिंह को पेट में दर्द की शिकायत हुयी थी, जिन्हें रमना ने ही अकुशल चिकित्सक से ईलाज कराया गया था, स्थिति सामान्य थी, शुक्रवार को दोपहर में स्नान ध्यान कर कुर्सी पर बैठे थे की 2:45 बजे के करीब अचानक से कुर्सी से गिरे और तुरंत ही उनकी मृत्यु हो गयी। शनिवार को मृतक का दाह संस्कार किया गया। मृत्यु की सूचना पाकर अगल बगल के परिजन एवं परिचितों ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को संतावना दिया।

## डीसी के निर्देश पर डूब गांव पहुंचे एसडीएम



**गढ़वा।** गढ़वा डीसी दिनेश कुमार यादव के निर्देश पर गढ़वा एसडीएम संजय कुमार पांडेय जिले के रंका प्रखंड क्षेत्र के सिंजो गांव पहुंचे। जहां डूब क्षेत्र सिंजो गांव पूरी तरह से जलमग्न हो गया है। जिसके कारण 450 घरों के लोगों का प्रखंड मुख्यालय सहित आने जाने का आवागमन पूरी तरह से टूट गया है। गढ़वा एसडीएम संजय पांडेय ने विस्तृत रूप से डूब क्षेत्र के निरीक्षण किया और ग्रामीणों से संवाद कर सकारात्मक अश्वासन भी दिया। वहीं निरिक्षण के दौरान रंका अंचलधिकारी शिवपुजन तिवारी, रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला टोपनो भी मौजूद रहें। वहीं गढ़वा एसडीएम संजय कुमार पांडेय ने कहा कि सिंजो गांव की विस्तृत रिपोर्ट गढ़वा उपायुक्त को सौंपी जाएगी। गौरतलब है की गढ़वा जिले के रंका प्रखंड क्षेत्र के सिंजो गांव बरसात के कारण पूरी तरह से जलमग्न हो गई है। जिस कारण गांव के लोगों का आवागमन एवं स्कूली बच्चों को विद्यालय जाने सहित गांव के लोगों को रंका बजार जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के लोग अपने जान हथेली पर लेकर पानी से गुजर कर जरुरी की कामों को पूरा कर रहें हैं। सिंजो गांव के लोगों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के मौसम के बाद पूरा गांव डूब जाता है। वहीं ग्रामीणों की माने तो डूब क्षेत्र शिंजो गांव से विस्थापन कराने को लेकर लगातार अपनी मांग करते रहें हैं। ऐसे में गढ़वा डीसी दिनेश कुमार यादव के द्वारा डूब क्षेत्र में अधिकारिओं के भेजनें पर एवं निरिक्षण करने के बाद डूब क्षेत्र के लोगों में अब उम्मीद किरण जग गई है कि अब सिंजो गांव का दिन बहुरने वाला है। मौके पर डूब क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## मिट्टी का खपरैल घर ध्वस्त, दबने से दो गौधन की मौत

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव में पानपति कुंवर, पति स्वर्गीय बिगन प्रजापति का मिट्टी का खपरैल घर का एक हिस्सा शुक्रवार की रात्रि में ध्वस्त हो गया है। जिससे दो मवेशियों (गाय) की मौत हो गई। शनिवार की सुबह ग्रामीणों की मदद से मिट्टी का मलबा हटाकर दोनों मवेशियों के शव को बाहर निकल गया। पानपती कुंवर ने बताया कि दोनों मवेशियों को चारा खिलाकर शाम में बारिश से बचाने के लिए घर में बंधी थी, दो दिनों से हो रही बारिश से मिट्टी का घर ध्वस्त हो गया, जिससे दबने से दोनों मवशियों की मौत हो गई। इस घटना में लगभग 60-65 हजार का क्षति हुआ है। पीड़ित महिला पानपती ने प्रखंड प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग किया है। घटना की सूचना पाकर स्थानीय मुखिया प्रमोद कुमार, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष इम्तियाज अंसारी, सुरेश प्रसाद, मदन पटेल, नंदू प्रजापति, बबलू सिंह ने जाकर पीड़ित परिवारों से जानकारी ली। मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा की केतार थाना में सनहा दर्ज कराकर, मृत मवेशियों की पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। आपदा राहत के तहत उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास करूंगा। इधर इस घटना से परिजनों में गम का माहौल है।


**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा**

**मछली पालन एवं सम्बद्ध विकास कार्यों हेतु मत्स्य कृषकों, उद्यमियों/स्टार्ट अप्स करने वालों के लिए सुनहरा अवसर**

मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1454 दिनांक 21.08.2025 के आलोक में एतद् द्वारा गढ़वा जिले के मत्स्य कृषकों, मत्स्य सहकारी फेडरेशन, सहकारी समितियों, मत्स्य कृषक के सामूहिक समूहों पंचायती राज संस्थाओं, SHGs,NGOs,SCc/STs/सीमांत कृषकों/महिलाओं/निजी कंपनी/व्यवसायियों को सूचित किया जाता है कि मत्स्य पालन एवं संबद्ध विभिन्न विकास कार्यों का स्टार्ट अप्स करने वालों के लिए भारत सरकार द्वारा Fisheries and Aquaculture Infrastructure Development Fund (FIDF) के तहत निजी क्षेत्र में निम्न कार्यों हेतु ऋण उपलब्ध कराने की योजना है। इस योजना के लिए गढ़वा जिले को भौतिक लक्ष्य –05 एवं वित्तीय लक्ष्य 10 करोड़ का अनुमानित लक्ष्य प्राप्त है।

| क्र0सं0 | योजना | क्र0सं0 | योजना |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | आईस प्लांट्स | 7 | मछली परिवहन |
| 2 | कोल्ड स्टोरेज | 8 | फिष फीड प्लान्ट्स |
| 3 | ब्रुड बैंक | 9 | फिष लैडिंग सेन्टर |
| 4 | केज कल्चर | 10 | मत्स्य प्रसंस्करण इकाईयों |
| 5 | मोती पालन | 11 | फिष नेट निर्माण हेतु प्लांट |
| 6 | हैचरी अधिष्ठान | 12 | अन्य नई/Innovative परियोजनाएँ |

ऋण का प्रतिशत एवं अवधि :–

- सभी परियोजना प्रस्तावों के लिए कुल परियोजना लागत का 80 प्रतिशत् तक का ऋण एवं 20 प्रतिशत् लाभुक अंशदान।
- ऋण की वापसी हेतु अधिकतम 12 वर्ष का समय जिसमें मूलधन पुनर्भुगतान पर 02 वर्षों का Moratorim Period
- आधारभूत संरचना विकास के प्रस्तावों पर 03 प्रतिशत् वार्षिक दर से Intrest Subvention

भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा निर्देश के आलोक में इच्छुक आवेदक विस्तृत परियोजना प्रस्ताव (DPR) जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में जमा कर सकते हैं। योजना अन्तर्गत प्रस्तावित कार्य, विस्तृत विवरणी, इकाई लागत तथा योजना हेतु अन्य माप–दण्डो की विस्तृत जानकारी जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा अथवा भारत सरकार के वेबसाईट WWW.fidf.in पर जाकर प्राप्त कर सकते है। जिसपर Online Apply करने का भी सुविधा उपलब्ध है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 360228 Fish(25-26)D



**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
**District Planning Office, Latehar, 829206**
**R.F.P**

**RATE CONTRACT FOR "SUPPLY OF OPERATIONAL TOOLS & SAFETY EQUIPMENT ITEMS AT VARIOUS LOCATION OF DISTRICT LATEHAR"**

**The District Planning office Latehar, Jharkhand** invites Online bids for "SLRM Operational Tools & Safety Equipment items at District Collector Office Latehar on rate contract" as detailed below in accordance with enclosed tender document.

**Fact Sheet ( Second Call)**

**DISTRICT PLANNING OFFICER,**
**LATEHAR**1. The salient terms & conditions of the bid are stated below:

| | |
|---|---|
| Description | **Supply of SLRM Operational Tools & Safety Equipment for Solid Liquid Resource Management (SLRM) on rate contract.** |
| Mode of Tender | Online tender (Rate Contract) |
| Type of Bid | **Cost -Based Selection (CBS) Method** ; Stage 1: The eligibility criteria documents, Bid Fee EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first stage. The bidders meeting the technical evaluation criteria only will be shortlisted for further financial bid valuation. Stage 2: Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. The rates quoted by the agencies should be valid for 1 year from the issue of the RFP. |
| Tender Publishing Date | 23/08/2025 |
| Last date and time for submission of Technical Bid | 30/08/2025up to05.00PM |
| Date and time for opening of Technical Bid | 01/09/2025 at 11:30 AM |
| Date and time for opening of Financial Bid | 01/09/2025 at 12:30PM |
| EMD (No exemption) | Rs. 10000/- |
| Period of Contract | One Year from the date of Supply Order and extendable further with the same terms and conditions. |
| Address at which the tenders are to be submitted | Online via: https://jharkhandtenders.gov.in |
| Place of opening tenders | Online via: https://jharkhandtenders.gov.in |
| Mode of submission | Online via: https://jharkhandtenders.gov.in |
| For viewing, quoting the detailed NIC and Qualifying Requirement, bidders may also visit our website | Online via: https://latehar.nic.in/ https://jharkhandtenders.gov.in |

Note:
1. The Office of the District Planning Office, Latehar reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet.
3. Complete Bid Document, terms & conditions are available on official website of the district: -https://latehar.nic.in/

**Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.**

PR 360268 Planning and Development(25-26)D — District Planning Officer Latehar



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**
**(डी0एम0एफ0टी0 मद)**
**संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/21/2025-26**

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ पंचायत नेतरहाट में Renovation of meeting hall at PTG girls residential school Netarhat का कार्य । | 1816370 | 36500 | 5000 | 2 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.08.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 25.08.2025 से दिनांक 01.09.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –06.09.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. प्रशासनिक स्वीकृति के कंडिका 5 के अनुसार केवल स्थानीय संवेदको/निविदाताओं के द्वारा निविदा में भाग लिया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार।

PR.NO.360244 Rural Development(25-26):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला योजना अनावद्ध निधि से चतरा जिलान्तर्गत स्वीकृत निम्नलिखित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड सरकार द्वारा समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदको से एकल लिफाफा पद्धधि/द्वितीय लिफाफा पद्धति के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/01/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लिफाफा पद्धति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड–पत्थलगडडा, पंचायत–सिंघानी, ग्राम–पत्थलगडडा में शिव मंदिर से लेकर रेवा पुल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 23,12,900.00 | 46,300.00 | 5000.00 | 03 माह | एकल |
| 2 | प्रखण्ड–पत्थलगडडा, पंचायत–बरवाडीह, ग्राम–बरवाडीह में मेन रोड से लेकर बासुदेव तिवारी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 21,91,000.00 | 43,900.00 | 5000.00 | 03 माह | एकल |
| 3 | प्रखण्ड–हण्टरगंज, पंचायत–खूँटीकेवाल खूर्द, ग्राम–गोदावार में राष्ट्रीय राजमार्ग 22, डाढ़ा स्थान (सहारा बैंक के समीप) से रामदेव सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। लगभग 300 मीटर | 24,50,800.00 | 49,100.00 | 5000.00 | 03 माह | एकल |
| 4 | प्रखण्ड–चतरा, पंचायत–दारियातु, ग्राम–खरीक में लक्ष्मण सिंह के घर से आशीष सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 21,72,800.00 | 43,500.00 | 5000.00 | 03 माह | एकल |
| 5 | प्रखण्ड–चतरा, पंचायत–आरा, ग्राम–सोनबिगहा में सोनबिगहा हरिजन टोला से सुर्य मंदिर होते हुए माण्डर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 42,14,200.00 | 84,300.00 | 5000.00 | 03 माह | द्वितीय |
| 6 | प्रखण्ड–चतरा, पंचायत–चतरा नगर, ग्राम–नगवा में वार्ड नं0–09 नगवॉं मुहल्ला में सबिता कुमारी के घर से महेश दाँगी के घर तक, एयरटेल टावर पास (लगभग 250 फीट) पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण। | 3,41,200.00 | 6,900.00 | 750.00 | 03 माह | एकल |
| 7 | प्रखण्ड–चतरा नगर, पंचायत–चतरा नगर, ग्राम–नगवा में वार्ड नं0–09 नगवॉं मुहल्ला सुनील सिंह के घर से पी0डब्लू0डी0 पथ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 12,84,100.00 | 25,700.00 | 2500.00 | 03 माह | एकल |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –**29.08.2025**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–**29.08.2025** से दिनांक–**08.09.2025** के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **10.09.2025** अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431060939 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

PR 360232 Rural Development(25-26)#D

# न्यूज बॉक्स

## हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**टंडवा (चतरा)।** शनिवार देर शाम टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क स्थित उड़सू मोड़ के पास एक अनियंत्रित हायवा ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में हजारीबाग निवासी धीरज पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार हायवा ओएसएल नामक ट्रांसपोर्टिंग कंपनी का था। दुर्घटना में धीरज पांडेय का पैर फ्रैक्चर हो गया। उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। हादसे में उनकी बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## ब्रह्माकुमारीज का रक्तदान शिविर 25 अगस्त को

**लातेहार।** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में 25 अगस्त को लातेहार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि एवं विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर आयोजित हो रहा है।संस्था की लातेहार केंद्र संचालिका बीके अमृता ने बताया कि शिविर का आयोजन सोन भवन (बाईपास रोड) स्थित उप-सेवा केंद्र में होगा। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों की मदद करना और समाज में भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। रक्तदान करने के इच्छुक प्रतिभागियों से अपराह्न 1:00 बजे लातेहार ब्लड बैंक पहुंचने की अपील की गई है। अधिक जानकारी के लिए 9713180541 एवं 6201242103 पर संपर्क किया जा सकता है।

## सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**लातेहार।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में आयोजित पलामू विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव एवं प्रश्नमंच प्रतियोगिता में लातेहार बाजार स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। किशोर वर्ग विज्ञान प्रश्न मंच में विद्यालय को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस टीम में शिप्रा सौरव, स्वास्तिक सजग एवं तन्मय गुप्ता शामिल रहे, जिनका चयन प्रांतीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। इसी प्रकार अन्य वर्गों में भी विद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कई विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए। लोक नृत्य प्रतियोगिता में विद्यालय को दूसरा स्थान मिला। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं व शिक्षकों की टीम का उत्साहवर्धन विद्यालय के पदाधिकारियों एवं विभागीय प्रतिनिधियों ने किया।

## जिला रेल टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शिक्षकों का सम्मान

**कुंदा (चतरा)।** जिला रेल टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन और विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन व्यवस्था सुनिश्चित करने पर चतरा उपायुक्त कीर्ति श्री ने गुरुवार को मॉडल विद्यालय कुंदा के प्रधानाचार्य कमलेश प्रताप यादव और उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेदवाडीह के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान मिलने के बाद दोनों प्रधानाध्यापकों ने विद्यालय के शिक्षकों को धन्यवाद दिया और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में सहयोग देने की अपील की।

## ऑफिसर्स एसोसिएशन का पुनर्गठन

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना क्षेत्र स्थित बचरा में कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जीएम अमरेश सिंह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। मलयज सिंह अध्यक्ष, सुजीत रंजन उपाध्यक्ष, आलोक रंजन उपाध्यक्ष, मोहसिन रजा सचिव, बीआर भगत संयुक्त सचिव, मोनू कुमार राय संयुक्त सचिव, पिंटू चौधरी कोषाध्यक्ष और विवेक कुमार संयुक्त कोषाध्यक्ष चुने गए।

## पैरु भुइंया को बनाया गया विधायक प्रतिनिधि

**हेरहंज (लातेहार)।** विधायकप्रकाश राम ने हेरहंज प्रखंड के तासु पंचायत अंतर्गत मोहनपुर ग्राम के सकेश्वर कुमार राम पिता पैरु भुइंया को लातेहार विधानसभा में अनुसूचित जाति वर्ग कल्याण विभाग के रूप में विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। विधायक की अनुपस्थिति में बैठक में भाग लेगे एवं सूचना का आदान प्रदान करने का कार्य करेंगे। वहीं लातेहार विधानसभा के अनुसूचित जाति वर्ग कल्याण विभाग के विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर सकेश्वर कुमार राम ने कहा कि विधायक प्रकाश राम ने मुझे जिस आशा विश्वास के साथ मुझे लातेहार विधानसभा में अनुसूचित जाति वर्ग कल्याण विभाग का प्रतिनिधि बनाया हैं। मेरा प्रयास रहेगा कि भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं के सहयोग से जन समस्याओं का समाधान करने का कार्य करूंगा। वहीं प्रतिनिधि बनाए जाने पर भाजपा नेता एवं समाज सेवी रंजीत जायसवाल, समाजसेवी संतोष यादव, अनिल उरांव ,उपेंद्र यादव ,प्रमोद राम ,मनोहर, सिंह मनोज उरांव, परमेश्वर मिस्त्री ,अजय सिंह,रंजीत राम,सुनील राम, प्रमोद यादव,मिंटू भुइंया संतोष भुइंया, राजू भुइंया,प्रेम भुइया हिरामन राम,बिसनाथ उरांव राजकुमार पाठक,महेश भुइंया समेत दर्जनों लोग ने बधाई दी।

## नवोदय विद्यालय में हुआ अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**लातेहार।** जिला मुख्यालय के बाजकुम स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय के सांस्कृतिक कला केंद्र में आज अंतरिक्ष दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि अमलेश कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि अमलेश सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर डॉ. सीवी रमन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य के द्वारा पुष्प गुच्छ भेट करके उनका स्वागत किया गया। प्राचार्य रामायण पासवान ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और विज्ञान के शिक्षक राकेश कुमार सक्सेना ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर एक विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा छह से कक्षा 11वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया। मौके पर प्राचार्य रामायण पासवान सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन सुकेश कुमार ने ने किया।

## पेंशन योजना के सामाजिक अंकेक्षण को लेकर कार्यशाला

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को केंद्रीय पेंशन योजना के सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम की तैयारी को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी रेखा रेशमा मिंज, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल और सोशल ऑडिट टीम के डीआरपी प्रवीण कुमार कर्ण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत में बीडीओ रेखा रेशमा मिंज ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही पेंशन योजनाओं का पंचायत स्तर पर सामाजिक अंकेक्षण किया जाएगा। इसमें अंकेक्षण दल और पंचायत कर्मियों की ईमानदार भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। वहीं डीआरपी प्रवीण कर्ण ने कहा कि कई मामलों में नियमों के विपरीत लोगों को योजना का लाभ मिल रहा है, जिन्हें सोशल ऑडिट व पंचायत स्तर की जनसुनवाई से चिन्हित कर हटाया जाएगा। इस अवसर पर मुखिया कालो देवी, आशीष सिंह, बुधेश्वर सिंह, पूनम देवी, जितेंद्र सिंह, शत्रोहन सिंह सहित सभी पंचायतों के जलसहिया, आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### चंदवा में भारी बारिश से सड़क व कलवर्ट बहा

# कई मकान गिरे, जनजीवन प्रभावित

- हुटाप के मंझलाडीह तालाब के टूटने का खतरा बढ़ा, किसान चिंतित

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार रात्रि से रुक रुक कर हो रही भारी बारिश का कहर लगातार जारी है। बारिश से आम जन जीवन काफी प्रभावित हुआ है। प्रखंड के लाधूप, जमीरा समेत कई पंचायतों में कच्चे मकान गिरने की सूचना मिली हैं। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। सड़कों पर सन्नाटा पसरा है। गली मोहल्ले की सड़कें जलमग्न हो चुकी है। स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति भी कम रही। प्रखंड के सासंग-बनहरदी पथ पर हुचलु के समीप सड़क पर पानी भर गया है जिसके कारण उक्त सड़क पर आवागमन बाधित है। लगातार हो रही भारी बारिश लोगो के लिए मुसीबत बन गई है। इधर हुटाप पंचायत स्थित मंझलाडीह जामुन गढ़ा तालाब का जलस्तर बढ़ने के कारण इसके टूटने का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि लगातार हो रही भारी बारिश की वजह से मंझलाडीह तालाब का पानी तालाब के ऊपर से बह रहा है अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो बांध के टूटने का खतरा है जिससे सैकड़ों किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। ग्रामीणों के अनुसार उक्त तालाब का निर्माण 1992 ई में कराया गया था तब से तालाब की मरम्मती नहीं होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हो गई है। वहीं प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लोहरसी-हेंजला पथ पर आरा गांव के उबका के समीप भारी बारिश की वजह से सड़क व कलभर्ट पुरी तरह बह गया है। जिस कारण उक्त इलाके का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से कट गया है। दोनो ओर से आवागमन पुरी तरह ठप हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दिनों हुई भारी बारिश की वजह से उक्त स्थान पर सड़क का आधा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। प्रशासन के द्वारा ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण भारी बारिश की वजह से उक्त स्थान पर पानी कलभर्ट व सड़क के ऊपर से बह रहा था। तेज बहाव की वजह से कलवर्ट समेत सड़क बह गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से पुरी तरह कट गया है, जिस कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि उक्त सड़क चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पथ पर लोहरसी से गनियारी-हेसालोंग होते सीधे हेंजला एनएच 39 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर निकलती हैं। ग्रामीणों के लिए उक्त सड़क काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। उक्त सड़क का इस्तेमाल चंदवा,जमीरा, माल्हन, लोहरसी, गनियारी, लाधुप के आरा-कुदरा, बरवाटोली के हेसालोंग, बेलंगा, खूंटी टोला, टोयाबार, बेतर के सैकड़ों ग्रामीण करते हैं। कलवर्ट व सड़क के क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## सीओ ने बारियातू में खाद-बीज दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**बारियातू।** किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर खाद-बीज उपलब्ध हो सके, इसको लेकर अंचल अधिकारी कोकिला कुमारी ने प्रखंड मुख्यालय स्थित विभिन्न खाद-बीज विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानों में उपलब्ध रेट चार्ट, स्टॉक, गोदाम, बिलिंग प्रणाली एवं लाइसेंस की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के क्रम में अंचलाधिकारी ने दुकानदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी हालत में किसानों से अवैध वसूली, अधिक दाम लेना अथवा ब्लैक मार्केटिंग जैसी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने दुकानदारों को यह भी आदेश दिया कि हर दुकान पर स्पष्ट रूप से खाद-बीज का रेट चार्ट प्रदर्शित किया जाये, ताकि किसान खरीदारी से पहले दरों की जांच कर सकें। अंचलाधिकारी कोकिला कुमारी ने कहा कि खाद और बीज जैसी वस्तुएं किसानों की आवश्यकताओं से सीधे जुड़ी हुई हैं। इन वस्तुओं की उपलब्धता और वितरण में पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी दुकान पर अनियमितता या नियमों का उल्लंघन पाया गया, तो संबंधित दुकानदार पर कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जायेगी, जिसमें लाइसेंस रद्द करना तक शामिल हो सकता है।

### कांग्रेस का पंचायत स्तरीय संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम

# कांग्रेस का संदेश हर बूथ तक ले जाएंगे : अहमद

**नवीन मेल संवाददाता**



**महुआडांड़।** प्रखंड के चटकपुर पंचायत के ग्राम चटकपुर में शनिवार को कांग्रेस का पंचायत स्तरीय संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, लातेहार जिला प्रभारी सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, विधायक रामचन्द्र सिंह तथा सह प्रभारी डॉ. अजय शाहदेव के दिशा-निर्देशानुसार आयोजित किया गया। महुआडांड़ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अभय मिंज एवं मंडल अध्यक्ष नुरुल हसन अंसारी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष सहित पूरी पंचायत कमिटी का विस्तार किया गया और नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अध्यक्ष प्रकाश कुजूर, उपाध्यक्ष विनोद राम, दिलीप लकड़ा, महासचिव विकास एक्का, हेरमोन तिर्की, संतोष कुजूर, अनिल टोप्पो, संजीवन टोप्पो, लौरेंसिया टोप्पो, फ्रांसिस्का कुजूर, राजमोहन लोहरा, रंजीता टोप्पो को बनाया गया।

अपने संबोधन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद ने कहा कि जीपीसीसी का गठन जनता की सेवा का अवसर है। हम गरीब, किसान, मजदूर और नौजवान के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करेंगे और कांग्रेस का संदेश हर बूथ तक पहुंचाएंगे। नवगठित पंचायत कमिटियां कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत आधार देंगी और आने वाले समय में पंचायत से लेकर जिला तक कांग्रेस का झंडा ऊंचा लहराएगा। उन्होंने युवाओं से कांग्रेस से अधिक से अधिक जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी केन्द्र की भाजपा सरकार को जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ रही है। संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम का उद्देश्य कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है। मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद, कांग्रेस जिला महासचिव रामनरेश ठाकुर, आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजित पाल कुजूर, महुआडांड़ प्रखण्ड उपाध्यक्ष नसीम अंसारी, महुआडांड़ प्रखण्ड कांग्रेस महासचिव जमुना प्रसाद, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर सुहैल, गुडडू खान, युवा कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष सुबोध खलखो, कांग्रेस नेता बसारत अली, रानु खान सहित चटकपुर पंचायत के ग्रामीण एवं प्रत्येक बूथ के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

## सब्जी बेच रहे लोगों पर गिरा जर्जर शेड का हिस्सा, दो घायल

**नवीन मेल संवाददाता**


**चंदवा।** प्रखंड के अलौदीया स्थित शुक्रबाजार में जर्जर शेड गिरने से सब्जी विक्रेता समेत दो लोग घायल हो गये। बारिश के कारण कम लोग उस वक्त मौजूद थे अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों के द्वारा घायलों को निजी क्लिनिक में उपचार कराया गया। ग्रामीणों ने इस संबंध में बताया कि शुक्रवारीय बाजार हाट का शेड काफी पुराना व जर्जर हो चुका है, शेड का कई हिस्सा टूट कर आये दिन गिरता भी रहता है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने का खतरा बना रहता है। शुक्रवार को यहां लगने वाले साप्ताहिक हाट में लोग अपनी जान जोखिम में डाल कर बाजार में सब्जी समेत अन्य सामानों की बिक्री करते हैं। सप्ताहिक हाट और यहां सालाना लगने वाले हरैया पशु मेले में बड़ी संख्या में लोग विभिन्न प्रकार के सामानों की खरीद बिक्री के लिए आते हैं ऐसे में इस जर्जर शेड के नीचे बैठने वाले लोगों के उपर हमेशा जान का खतरा बना रहता है। शेड के आस पास गंदगी का ढेर लगा है, जिसके दुर्गंध से आस पास के ग्रामीणों को भी काफी परेशानी होती है। सबसे बड़ी बात है कि बाजार समिति द्वारा राजस्व की वसूली की जाती है। बावजूद इसके कई वर्षों से बने इस शेड की मरम्मत तक नहीं हुई और न इसे तोड़कर हटाया गया। ग्रामीणों में इसके प्रति काफी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों और सब्जी विक्रेताओं ने उपायुक्त से जर्जर शेड के मरम्मती की मांग की है।

## पेंशन योजना के सत्यापन के लिए पंचायतवार शिविर : बीडीओ

**चंदवा।** केंद्र प्रायोजित पेंशन योजना के लाभुकों के सामाजिक अंकेक्षण को लेकर प्रखंड के सभी 17 पंचायत में 30 अगस्त से लेकर 2 सितंबर तक पंचायतवार विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए बीडीओ चंदन प्रसाद ने बताया कि केंद्र प्रायोजित पेंशन योजना के लाभुकों के वेरिफिकेशन किया जाएगा। इसके तहत 30 अगस्त को बनहरदी, बोदा,कामता, लाधूप, माल्हन व सेरक पंचायत, एक सितंबर को अलौदिया, बरवाटोली, चकला, चंदवा पूर्वी, पश्चिमी,चेटर, डुमारो, हुटाप, जमीरा व सासंग पंचायत एवं दो सितंबर को बारी पंचायत में शिविर आयोजित होगा। जिसमें केंद्र प्रायोजित इंदिरा गांधी वृद्धा, विधवा, दिव्यांगता एवं राष्ट्रीय परिवार हित लाभ योजना के कुल 4,341 लाभुकों का सत्यापन किया जाएगा।

# बाबा गणिनाथ का 15वां वार्षिक महोत्सव संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**



**महुआडांड़।** अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य हलवाई संघ महुआडांड के द्वारा शनिवार को स्थानीय दुर्गा बाड़ी परिसर में बाबा गणिनाथ का 15वां वार्षिक महोत्सव धुमधाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बसंत प्रसाद और बासुदेव प्रसाद कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। जहां सभी का स्वागत अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य हलवाई समाज के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की विधीवत शुरूआत अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य हलवाई संघ के अध्यक्ष संजय प्रसाद, हीरालाल प्रसाद, रोहित कुमार, राजू प्रसाद, अनूप प्रसाद, बसंत प्रसाद, राजीव कुमार स्वीट पैलेस, बलदेव प्रसाद, अमित प्रसाद, सुमित गुप्ता, आर्यन गुप्ता, अनुज गुप्ता रोहित के द्वारा झंडोत्तोलन कर अभ्युदय ध्वजाभिवादन कर किया गया। जिसके उपरांत हलुवाई समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा मुख्य एंव विशिष्ट अतिथि रामदास शाहू, नन्द किशोर प्रसाद, आनंद प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, शिवप्रसाद शाहु संजय प्रसाद, सतोष प्रसाद आदि लोगों को पुष्प गुच्छ देकर माला पहनाकर व शोल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया गया। जिसके बाद पुजा का प्रारंभ पलवैया धाम से आये हुए बाबा कान्ति लाल साह एवं सर्वेश पाठक के द्वारा संयुक्त रूप से मंत्रोच्चारण सम्पन्न कराया गया। जहां यजमान के द्वारा संत शिरोमणि बाबा गणिनाथ महराज का विधिवत पूजा अर्चना एवं हवन किया गया।

## सात दिवसीय क्षमता विकास शिविर का आयोजन

**लातेहार।** शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में एकल अभियान का सात दिवसीय क्षमता विकास शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार की संध्या आयोजित भारत माता की आरती के दौरान शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र सिंह के अलाव भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह व अधिवक्ता राजीव रंजन पांडेय ने भाग लिया। मौके पर संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि आपको हर हाल में स्वस्थ रहना है, तभी आप समाज और अपने जीवन के लिए कुछ कर सकते हैं। उन्होंने एकल अभियान के कार्यों की सराहना की। कहा कि एकल अभियान समाज में अपनी संस्कृति और संस्कार का प्रचार प्रसार कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी समृद्ध संस्कृति और संस्कार से ही देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्सवर्धन करते हुए स्वास्थ्य के प्रति गांवों के लोगों को जागरूक करने की बात ही। सरकार द्वारा चलायी जा रही स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। मौके पर अंचल संरक्षक रमेश प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद, अंचल सचिव राजू लाल सिन्हा, अंचल सचिव हरि कथा अध्यक्ष मनमोहन राम, अवध किशोर यादव, गया प्रसाद, राजनाथ उरांव, अर्जुन सिंह, फिरमोहन बड़ाइक, विरेंद्र सिंह मुंडा, कमल नाथ महतो, महेंद्र सिंह, राहुल कुमार, बिनोद कुमार सिंह, रविंद्र यादव आदि मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर छेंचा गांव में नई कमिटी का गठन

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के छेंचा गांव स्थित शिव मंदिर प्रांगण में शनिवार को आगामी दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व कमिटी अध्यक्ष नंदकिशोर प्रसाद ने की। बैठक में सर्वसम्मति से पुराने कमिटी को भंग कर नई कमिटी का गठन किया गया। नई कमिटी में अध्यक्ष पद पर ईश्वर दयाल सिंह और उपाध्यक्ष पद पर राणा प्रताप सिंह का चयन किया गया। सचिव की जिम्मेदारी उमेशचंद तिवारी को सौंपी गई, जबकि उपसचिव का दायित्व विकेश कुमार सिंह को दिया गया। बैठक में नंदकिशोर प्रसाद, संभू प्रसाद, ज्ञानी सिंह, संजय सिंह, आलोक रंजन और संतोष प्रसाद को मुख्य संरक्षक बनाया गया। वहीं व्यवस्थापक मंडली में रूप रंजन सिंह, अशोक सिंह, आनंद सिंह, बिरेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह, अमित सिंह, अनिल सिंह और जयपाल प्रसाद को शामिल किया गया। पूजा की भव्यता और आयोजन में सहयोग सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में युवाओं को सक्रिय सदस्य बनाया गया है। इसमें बिक्की सिंह, सुदामा सिंह, दुर्गेश सिंह, रंजन सिंह, अंकित कुमार, माही गुप्ता, राजेंद्र राम, दरोगा सिंह, बजरंगी कुमार, इंद्रकांत यादव, जगेसर सिंह, विकास सिंह, बाबू नंदन, अमन कुमार, विवेक कुमार, अनोज कुमार और राजेंद्र शामिल हैं। बैठक के दौरान छेंचा गांव एवं आसपास के ग्रामीणों की भारी उपस्थिति रही। ग्रामीणों ने भरोसा जताया कि इस बार दुर्गा पूजा पहले से भी अधिक भव्य और शांतिपूर्ण ढंग से मनाई जाएगी।


**शपथ पत्र**

मैं, ज्ञान प्रकाश पिता गोपाल प्रसाद, ग्राम- हरिहरगंज, पोस्ट-हरिहरगंज, जिला पलामू, राज्य- झारखण्ड का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि AAYUSHI PRAKASH (आयुषी प्रकाश) मेरी पुत्री है जिसका आधार संख्या 899071085703 है। मेरी पुत्री का सुकन्या समृद्धि योजना के उप डाकघर हरिहरगंज में खाता संख्या 8634453234 है जिसमें मेरी पुत्री का नाम Aushi Kumari दर्ज है। जबकि सुकन्या समृद्धि योजना के अन्तर्गत मेरी पुत्री का नाम हरिहरगंज उप डाकघर में ऑन लाईन खाता संख्या 8634453234 में SUSHI KUMARI दर्ज है। AAYUSHI PRAKASH (आयुषी प्रकाश), Aushi Kumari समृद्धि योजना के खाता धारक SUSHI KUMARI तीनों एक ही बच्ची है। जो मेरी पुत्री है।

**शपथ पत्र संख्या : 264 दिनांक : 29/07/2025**

**शपथ पत्र**

मैं ज्ञान प्रकाश पिता गोपाल प्रसाद, ग्राम- हरिहरगंज, पोस्ट-हरिहरगंज, थाना-हरिहरगंज, जिला पलामू, राज्य-झारखण्ड का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि AAYANSHI PRAKASH (आयांशी प्रकाश) मेरी पुत्री है जिसका आधार संख्या 732331699997 है। सुकन्या समृद्धि योजना, के अन्तगत मेरी पुत्री का उप डाकघर हरिहरगंज में खाता संख्या 010004981792 है जिसमें मेरी पुत्री का नाम AAYANSHI KUMARI (आयांशी कुमारी) दर्ज है। जबकि AAYANSHI PRAKASH (आयांशी प्रकाश) एवं खाता धारक AAYANSHI KUMARI (आयांशी कुमारी) मेरी पुत्री का ही नाम है। यह दोनों नाम एक ही बच्ची की है।

**शपथ पत्र संख्या : 265 दिनांक : 29/07/2025**

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**
**(नोटिस)**

नाम–(1) मनोहर गंझु उर्फ उर्फ दिनेश गंझु उर्फ किशमिश, पिता–बृहस्पति गंझु उर्फ बिलासपति गंझु, पता–बसिया, टोला–टेमराबार, थाना–बालुमाथ, जिला–लातेहार, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप बड़गड़ थाना कांड सं0–10/2025, दिनांक–07.04.2025 धारा–109, 324(6), 62, 61(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं 25(1–बी)ए, 25(6), 26, 35, आर्म्स एक्ट, 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा दिनांक–29.07.2025 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–19.08.2025 को आपके घर पर स्थानीय बालुमाथ थाना के सहयोग से उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार चल रहे है। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–08.09.2025 तक माननीय न्यायालय, में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–08.09.2025 तक माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पन करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 360246 (Police) 25-26 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**
**(अनाबद्ध मद)**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/20/2025-26

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड गारू के MTC गारू में Common Toilet का निर्माण। | 917573 | 18500 | 1250 | 2 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.08.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 25.08.2025 से दिनांक 01.09.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –06.09.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 360245 Rural Development(25-26)#D

## लोहरदगा में राणी सती दादी जी का महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**लोहरदगा।** निर्माणाधीन श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर गुदरी बाजार में भादि अमावस्या पर राणी सती दादी जी का महोत्सव धूमधाम एवं हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। श्री रानी सती दादी जी का भव्य दरबार सजाया गया एवं दादी जी को अलौकिक श्रृंगार की करते हुए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाया गया। दोपहर 3:00 बजे से 4 घंटे तक समाज की 101 महिलाओं के द्वारा अपने राजस्थानी वेशभूषा पहन कर मंगला पाठ करते हुए दादी जी के मनमोहन भजनें गाएं। दादी जी का दुपट्टा को एक दूसरे को ओडाक़र काफी झूमे। इस भक्ति कार्यक्रम से सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सभी महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगायें एवं सभी को श्रृंगार के समान दिया गया। उसके उपरांत रात्रि में बाहर से आ रहे भगवती जागरण मंडली रांची एवं रामगढ़ के द्वारा भाव भक्ति भजन जागरण की जाएगी। मंगला पाठ में,शकुंतला राजगढ़िया,ममता बंका, कल्याणी पोद्दार, अनीता पोद्दार,शुभम शर्मा, दीपक सर्राफ,रामप्रकाश मोदी,प्रतीक पोद्दार,रितेश बंका,अतुल सराफ आदि लगे हुए हैं।

### पंचायत उन्नति सूचकांक से संबंधित कार्यशाला में बोले उपायुक्त

# गांवों में बसता है भारत का दिल

- "गांव के प्रत्येक व्यक्ति को मिले अधिकार व सुविधाएं"
- जिला के सभी पंचायतों में पीएआई संकेतक का हो आच्छादन : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई 1.0) से संबंधित कार्यशाला का आयोजन आज शनिवार को नया नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित किया गया। कार्यशाला की शुरूआत उपायुक्त डॉ ताराचंद व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस अवसर उपायुक्त ने कहा कि पंचायत उन्नति सूचकांक में लोहरदगा जिला के प्रदर्शन की दृष्टि से अभी भी बहुत सुधार की संभावनाएं हैं। अधिकतर ग्राम पंचायतों में पंचायत उन्नति सूचकांक में सुधार किया जा सकता है। इसके संकेतक का आच्छादन सभी पंचायतों में बेहतर तरीके से हो, यह सभी का प्रयास होना चाहिए। गांव के प्रत्येक व्यक्ति को बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य एवं शिक्षा, आर्थिक संकेतक, सामाजिक संकेतक, शासन और प्रशासन, पर्यावरणीय स्थिरता के अंतर्गत निर्धारित विषयों का लाभ मिलना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र ने भी वर्ष 2030 तक सतत् विकास के लक्ष्य निर्धारित किये हैं। पंचायत उन्नति सूचकांक भी इसी के तहत निहित है। उपायुक्त ने कहा कि भारत का दिल गांवों में बसता है, जिसे सशक्त बनाने की आवश्यकता है। इसमें ग्राम पंचायत से जुड़े लोगों का कार्य बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। एक मुखिया को पंचायत उन्नति सूचकांक की जानकारी होनी चाहिए जिसे वह बेहतर तरीके से विषयों को चिन्हित कर कार्य करे और पंचायत का विकास हो। एक पंचायत सभी निर्धारित सूचकांकों पर खरा उतरे। पंचायत के प्रत्येक व्यक्ति तक सभी संसाधनों की पहुंच होनी चाहिए। अगर हम सूचकांकों को प्राप्त कर लेंगे तो सूचकांकों के आधार पर जिला व पंचायतों की रैंकिंग स्वयं बेहतर हो जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 के लिए तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। आप सभी पंचायत इसमें मेहनत करें और दिये गये प्रारूप को ठीक से भरें। अपने क्षेत्र में सूचकांकों को ठीक करें तो लोहरदगा जिला देश के पटल पर सबसे आगे की पंक्ति में होगा।

### श्रेष्ठ प्रखंडो और पंचायतों को किया गया पुरस्कृत

पंचायत उन्नति सूचकांक में बेहतर प्रदर्शन के लिए जिला के सर्वश्रेष्ठ तीन प्रखण्डो में सेन्हा, कैरो और भण्डरा प्रखण्ड को पुरस्कृत किया गया। वहीं अलग-अलग सूचकांकों में से गरीबी मुक्त के लिए अलौदी पंचायत, स्वस्थ पंचायत के लिए तोड़ार पंचायत, बाल हितैषी पंचायत के लिए कैरो पंचायत, जल पर्याप्त के लिए भौरों पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत के लिए भौरों पंचायत, आत्मनिभर्र और आधारभूत संरचना के लिए ककरगढ़ पंचायत और सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण एवं सुरक्षिक कार्य के लिए तिगरा पंचायत को पुरस्कृत किया गया। प्रखण्ड व पंचायत की ओर से आये प्रतिनिधियों को यह पुरस्कार उपायुक्त व अन्य अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पंचायत उन्नति सूचकांक पीएआई 1.0 लोहरदगा पुस्तिका का विमोचन उपायुक्त व अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, अपर समाहता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, डीएपी मुख्यालय, सभी संबंधित जिला व प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी, जिला परिषद के सदस्यगण, प्रखण्डों से आये प्रमुखगण, मुखियागण आदि उपस्थित थे।

## बाल संरक्षण विभाग की बैठक में उपायुक्त ने दिये निर्देश

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में बाल संरक्षण विभाग व कार्यों की समीक्षा की गई। इसमें मिशन वात्सल्य के घटक, सामाजिक जांच प्रतिवेदन के मामले, व्यक्तिगत देखरेख योजना, गृह जांच योजना, आवासीय विद्यालयों में बच्चों के नामांकन की स्थिति, बाल विवाह को रोकने के लिए उठाये गये कदम, गैर संस्थानिक देखरेख सेवाओं में स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर, आफ्टर केयर, बाल कल्याण समिति के कार्यों, होप, सामाजिक कल्याण विकास, होप आदि के कार्यं की जानकारी जिला बाल संरक्षण द्वारा बैठक में दी गई। उपायुक्त द्वारा बिंदुवार निदेश संबंधित पदाधिकारी व संस्थाओं के प्रमुख को दिये गये।


**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
**District Planning Office, Latehar, 829206**
**R.F.P**

**RATE CONTRACT FOR "SUPPLY OF ELECTRICAAL &ELECTRONICS ITEMS AT VARIOUS LOCATION OF DISTRICT LATEHAR"**

**The District Planning office Latehar, Jharkhand** invites Online bids for "supply of Electrical & Electronics items for SLRM project at various location of District Latehar on rate contract" as detailed below in accordance with enclosed tender document.

**Fact Sheet( Second Call)**

1. The salient terms & conditions of the bid are stated below:

| | |
|---|---|
| **Description** | **Retender for Rate contract for supply of Electrical &Electronics items at various location of District Latehar.** |
| Mode of Tender | Online tender (Rate Contract) |
| Type of Bid | **Cost-Based Selection (CBS) Method;** Stage 1: The eligibility criteria documents, Bid Fee EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first stage. The bidders meeting the technical evaluation criteria only will be shortlisted for further financial bid valuation. Stage 2: Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. The rates quoted by the agencies should be valid for 1 year from the issue of the RFP. |
| Tender Publishing Date | 23/08/2025 |
| Last date and time for submission of Technical Bid | 30/08/2025up to05.00PM |
| Date and time for opening of Technical Bid | 01/09/2025 at 11:00 AM |
| Date and time for opening of Financial Bid | 01/09/2025 at11:30 AM |
| EMD (No exemption) | Rs. 10000/- |
| Period of Contract | One Year from the date of Supply Order and extendable further with the same terms and conditions. |
| Address at which the tenders are to be submitted | Online via: https://jharkhandtenders.gov.in |
| Place of opening tenders | Online via: https://jharkhandtenders.gov.in |
| Mode of submission | Online via: https://jharkhandtenders.gov.in |
| For viewing, quoting the detailed NIC and Qualifying Requirement, bidders may also visit our website | Online via: https://latehar.nic.in/ https://jharkhandtenders.gov.in |

Note:
1. The Office of the District Planning Office, Latehar reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet.
3. Complete Bid Document, terms & conditions are available on official website of the district: - https://latehar.nic.in/

**Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.**

District Planning Officer
Latehar

PR 360267 (Planning and Development) 25-26 (D)


## लोहरदगा से रांची रेलखंड का दोहरीकरण व ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** शनिवार को लोहरदगा रेलवे स्टेशन परामर्श समिति की बैठक स्टेशन प्रबंधक कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में परामर्श समिति सदस्य अमरेश भारती, शंकर प्रजापति, ओम प्रकाश गुप्ता, स्टेशन प्रबंधक गजेंद्र प्रसाद यादव, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक रांची दिनेश कुमार, कनिष्ठ अभियंता अनुराग राज तथा पुलिस निरीक्षक अरविंद कुमार शामिल रहे।

बैठक के दौरान परामर्श समिति ने रेलवे प्रबंधन को कई सुझाव दिए। इसमें प्रमुख रूप से रांची–लोहरदगा रेलखंड का दोहरीकरण करने, ट्रेनों की संख्या बढ़ाने और यात्रियों की सुविधा को बेहतर बनाने की मांग उठाई गई। समिति ने सुझाव प्रस्तुत करते हुए ट्रेन संख्या 13403/13404 वनांचल एक्सप्रेस का विस्तार लोहरदगा तक किया जाए। ट्रेन संख्या 18631/18632 रांची–चोपन एक्सप्रेस का प्रतिदिन परिचालन किया जाए। रांची–टोरी लोकल गाड़ियों का फेरा बढ़ाया जाए। रांची–लोहरदगा रेललाइन का दोहरीकरण किया जाए। स्टेशन परिसर में साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए। प्लेटफार्म संख्या 2 और 3 पर शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इन प्रस्तावों को लेकर परामर्श समिति ने कहा कि यात्रियों की सुविधा और क्षेत्र के विकास के लिए इन मांगों को शीघ्र पूरा किया जाना आवश्यक है।

## तेज बारिश से जलमग्न हुआ आंगनबाड़ी केंद्र

नवीन मेल संवाददाता



**सेन्हा–लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में दो दिन से लगातार बारिश हो रही है। जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वही प्रखंड क्षेत्र के सेन्हा नवाटोली ग्राम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बारिश का पानी घुसने से आंगनबाड़ी केंद्र जलमग्न हो गया। आंगनबाड़ी केंद्र में पानी घुसने से सेविका को आंगनबाड़ी संचालित करने में काफी दिक्कत हो रही है। छोटे छोटे बच्चे बच्चियों को पढ़ाई के लिये परेशानियां हो रही है। वही बाल विकास की महिला पर्यवेक्षिका संगीता कच्छप ने गाइड लाइन जारी करते हुए कहा कि प्रखंड क्षेत्र के वैसे वैसे सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को अगले आदेश तक संचालित नही किया जायेगा। जिससे आंगनवाड़ी केंद्र के आस पास भारी मात्रा में जल जमाव हो रहा हो या जल स्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। वैसे जगहों के आंगनबाड़ी केंद्रों को सुरक्षित स्थान पर संचालित करने हेतु उन सभी सेविकाओं को निर्देश दिया गया है। वही जलमग्न आंगनबाड़ी केंद्र के समीप से कोई अप्रिय घटना की सूचना नही है।

### ग्रामीणों की मदद से व्यक्ति को डूबने से बचाया गया

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड लोहरदगा निवासी एतवा पाहन उर्फ तेहला पाहन (64 वर्ष) को आज सुबह जिला प्रशासन और ग्रामीणों की सतर्कता से समय रहते सुरक्षित कोयल नदी से निकाल लिया गया। एतवा पाहन तिगरा गांव में कोयल नदी की बीच धार में फंस गए थे और नदी में एक पेड़ के सहारे स्वयं को संभाले हुए थे। इसके बाद उन्हें पुलिस प्रशासन और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बचा लिया गया। इस बात की जानकारी सदर अंचल अधिकारी, लोहरदगा आर एन खलखो द्वारा दी गयी। साथ ही अपील की गई है कि लगातार बारिश को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से ग्रामीण अभी किसी भी डोभा, तालाब या नदी के नजदीक बिल्कुल भी नहीं जाएं। किसी अनहोनी की सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन को दें।

## शिक्षिका पर छात्र की बेरहमी से पिटाई का आरोप, पैर व हाथ टूटा

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के मसमानो गांव निवासी सुकरा उरांव ने पलमी स्थित संत मेरी पब्लिक स्कूल की शिक्षिका कांति किरण किंडो पर अपने आठ वर्षीय पुत्र प्रिंस उरांव की बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगाया है। इस मामले में उन्होंने भंडरा थाना पुलिस को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है और आरोपी शिक्षिका पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

आवेदन में सुकरा उरांव ने बताया कि उनका पुत्र प्रिंस उरांव (8 वर्ष) संत मेरी पब्लिक स्कूल, पलमी के यूकेजी कक्षा का छात्र है और छात्रावास में रहकर पढ़ाई करता है। 20 अगस्त 2025 को कक्षा के दौरान शिक्षिका ने उसे अपने कार्यालय में बुलाया और विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी परिजनों को देने की बात कहते हुए डंडे से पिटाई कर दी। आरोप है कि मारपीट के दौरान शिक्षिका ने बच्चे को किसी भी घटना या शिकायत की बात परिजनों तक न पहुंचाने की धमकी भी दी।


**झारखण्ड सरकार**
**पथ निर्माण विभाग**
**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार**

**(1st Call)**
**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–टेन्डर रिफरेंस संख्या– RCD/LATEHAR/672/2025-26 दिनांक–22.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | लातेहार–सरयू–कोटाम पथ के कि0मी0 18.00 से कि0मी0 32.725 तक (कुल लम्बाई–14.725 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य। |
| 2क. | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | रू0 :– 9,86,02,399.00 (नौ करोड़ छियासी लाख दो हजार तीन सौ निन्यानबे रूपये) मात्र |
| 2ख. | बिड सिक्यूरिटी – (रू0 में) | रू0–9,90,000.00 (नौ लाख नब्बे हजार) मात्र |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 04 (चार) माह |
| 4. | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 02.09.2025 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 23.09.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमडल लातेहार, पिन कोड– 829206 |
| 7. | ई–प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का संपर्क संख्या | 06565–247907 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

नोट : निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
निविदा की अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
PR 360241 Road(25-26)#D पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार


## भोक्ता नाला खतरे से ऊपर

**सेन्हा–लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र की नदी और नाला खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जिसके कारण यातायात बाधित हो गया है। लगातार हो रही बारिश के कारण विशाल पेड़ सड़क पर गिर गया है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नही है। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बरही ग्राम के स्माइल स्थित लोहरदगा बेड़ो राँची मुख्य पथ पर स्थित भोक्ता नाला है। लगातार दो दिन से हो रही बारिश के कारण नाला खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। जिसे लोहरदगा बेड़ो राँची का सम्पर्क टूट गया है। विदित हो कि इससे पूर्व भी इसी नाले में पुल पार करने के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार अपने वाहन के साथ बह गया था। जिसे ग्रामीणों की सूझबूझ से नाला में बहते युवक को बचाया गया था। दो दिन से लगातार बारिश होने के कारण आज फिर से भोक्ता नाला खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। वही पर विशाल पेड़ गिर गया है। पेड़ गिरने से किसी का हताहत होने की सूचना नही है। जिसे जिससे यातायात पूर्णतः बाधित है।

## पढ़ाई के साथ-साथ व्यवसायिक शिक्षा में भी निपुण हो रहे हैं बच्चे



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा–लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थी हुनर एवं कौशल का परिचय दे रहे हैं। नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षक विक्रम कुमार महतो के मार्गदर्शन में छात्र छात्राओं को इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर शिक्षा में विभिन्न प्रकार के कौशल में माहिर बनाने के लिये मार्गदर्शन दिया जा रहा है.विगत माह जून जुलाई की बात की जाये तो विद्यार्थी स्वयं एलईडी बल्ब का निर्माण कर रहे हैं.जो ग्रामीण क्षेत्र के लिए एक कृतिमान सिद्ध हो रहा है.वही छात्र छात्राएं विद्या अर्जन के साथ-साथ बच्चे जीविका का मार्ग में अपनी पकड़ बना रहे हैं. विद्यालय के बच्चे बच्चियों द्वारा बनाये गये एलईडी बल्ब गुणवत्ता में उच्च किस्म का होने के कारण साथ बाजार मूल्य से काफी कम कीमत में उपलब्ध है.वही व्यवसायिक शिक्षक विक्रम कुमार महतो ने कहा कि शिक्षा न केवल ज्ञान व विद्या प्रदान करती है.बल्की लोगों को जीवन जीने की कला सिखाती है.आज के समय मे आधुनिक युग की शिक्षण पद्धति काफी उन्नत हो चुकी है.साथ ही शिक्षा ग्रहण के उपरांत सरकारी नौकरी के लिये छात्र छात्राओं का चुनौतियां बढ़ गई है.जिसके कारण विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा दिया जा रहा है.विद्यार्थियों में कौशल विकास के लिये सरकार द्वारा पढ़ाई के साथ साथ व्यवसायिक शिक्षा को भी जोड़ा गया है।

## विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**लोहरदगा।** शनिवार को पूर्व मंत्री सह आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति के सभापति तथा स्थानीय विधायक डॉ. रामेश्वर उराँव बरवाटोली स्थित विधायक कार्यालय पहुँचे। यहां उन्होंने आमजनों और कार्यकर्ताओं से मुलाक़ात कर उनकी समस्याएँ सुनीं। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने बिजली, सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, अबुवा आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना और राशन कार्ड से संबंधित आवेदन विधायक को सौंपे। इन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डॉ. उराँव ने संबंधित पदाधिकारियों से बातचीत कर समस्याओं का समाधान कराया। विधायक ने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से जनता की सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। गठबंधन सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ हर नागरिक तक पहुंचाना और क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के साथ सामाजिक जरूरतों को पूरा करना सरकार की प्रतिबद्धता है।

## इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ पीडीजे ने की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** व्यवहार न्यायालय लोहरदगा परिसर स्थित पीडीजे कार्यालय कक्ष में मोटर एक्सीडेंट क्लेम केस, राष्ट्रीय लोक अदालत और स्पेशल लोक अदालत को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ बैठक हुई। इस दौरान डालसा सचिव राजेश कुमार, प्रमोद कुमार पुजारी, अधिवक्ता जेपीएन सिन्हा, कुमार चंद्रशेखर, पंकज कुमार अग्रवाल, राकेश अखौरी, सीपी पाठक उपस्थित रहे। वहीं बैठक में 30 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाले स्पेशल लोक अदालत और 13 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही बीमा दावों से जुड़े मामलों को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करने पर विशेष जोर दिया गया। वहीं दोनों ही आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में मामलों की निष्पादन की बात कही गई। वहीं विगत 19 अगस्त 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में डालसा सचिव राजेश कुमार ने मध्यस्थों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने एक जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025 तक चल रहे मेडिएशन फॉर दा नेशन, राष्ट्रीय लोक अदालत और स्पेशल लोक अदालत को लेकर विचार विमर्श किया। वहीं उन्होंने बताया कि मेडिएशन फॉर दा नेशन के तहत मामलों को सुलझाने के लिए न्यायालय द्वारा सुलहनीय योग्य मामलों का चयन किया गया है। जिसे सभी मध्यस्थों द्वारा मामले में समझौता कराने का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि सभी मध्यस्त अधिक से अधिक संख्या में मामलों में समझौता कराकर मामले का निष्पादन करे। वहीं उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत और स्पेशल लोक अदालत के सफल आयोजन में अपनी भूमिका बढ़ चढकर निभाने की बात कही।


**झारखण्ड सरकार**
**पथ निर्माण विभाग कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार (1st Call)**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–टेन्डर रिफरेंस संख्या– RCD/LATEHAR /673/2025-26 दिनांक–22.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | महुआडांड (SH-09 पर) से लोध फॉल पथ (0.00 कि0मी0 से 16.100 कि0मी0) (कुल लम्बाई–16.100 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य। |
| 2क. | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | रू0 :– 13,06,21,231.00 (तेरह करोड़ छः लाख इक्कीस हजार दो सौ इकतीस रूपये) मात्र |
| 2ख. | बिड सिक्यूरिटी – (रू0 में) | रू0–13,10,000.00 (तेरह लाख दस हजार) मात्र |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 (छः) माह |
| 4. | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 02.09.2025 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 23.09.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमडल लातेहार, पिन कोड– 829206 |
| 7. | ई–प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का संपर्क संख्या | 06565–247907 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

नोट : निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
निविदा की अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल
लातेहार

PR 360239 (Road)25-26*D


# लोहरदगा बसारटोली में जल-जमाव से आमजन बेहाल

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 21 (बसार टोली) की मुख्य सड़क में जल जमाव की समस्या से आम जनता त्रस्त है। जलजमाव ऐसा है कि सड़क पर लगभग डेढ़ से दो फीट ऊंची पानी रहता है जो लगभग 50 फीट की दूरी तक है। इसके अगल बगल के लोग हमेशा परेशान रहते हैं। लगातार बारिश के बाद वार्ड 21 की मुख्य सड़क तालाब में तब्दील हो गई है। सड़कों पर जमा पानी से राहगीरों, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क पूरे मोहल्ले का मुख्य आवागमन मार्ग है। जल जमाव के कारण कई बार घरों तक पानी घुस जाता है जिससे लोगों की परेशानियां दोगुनी हो जाती हैं। स्थिति यह है कि हर बरसात में मोहल्ले के लोग इसी समस्या से जूझने को मजबूर हो जाते हैं। वार्ड 21 के निवासी रामनंदन उरांव, संदीप साहू, सुरेश साहू, प्रदीप साहू, राम प्रसाद राम, राजू गुप्ता, बबलू राम, नंदलाल साहू, सुनील साहू और अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि नगर परिषद कार्यालय में कई बार आवेदन देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।



उनका कहना है कि नगर परिषद की उदासीनता और लापरवाह रवैये के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है।

लोगों ने मांग की है कि प्रशासन जल्द से जल्द मरम्मत कार्य शुरू करे, ताकि आमजन को राहत मिल सके। उल्लेखनीय है कि इस सड़क से मात्र 200 मीटर की दूरी पर सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल एवं वनवासी कल्याण हॉस्पिटल स्थित है। वहीं, इस गली से महज 50 मीटर की दूरी पर एनएच 148 ए भी है। इसके बावजूद नगर परिषद की उदासीनता से क्षेत्रवासी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं।

## कैरो में बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त



**कैरो / लोहरदगा ।** प्रखण्ड क्षेत्र में लगातार हो रहे बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है ।बीते दिनों से हो रहे रुक रुक कर मूसलाधार बारिश से प्रखण्ड क्षेत्र की सड़कों पर जल जमाव हो गया है। लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। बारिश के चलते जगह-जगह जल जमाव हो गया है। इधर क्षेत्र में कई कच्चे मकान भी मूसलाधार बारिश से धराशायी हो गई। शुक्रवार रात्रि कैरो तालाब मुहल्ला निवासी कलीम अंसारी का घर गिर गया। उन्होंने बताया बिगत दिनों से रुक-रुक कर हो रहे बारिस के कारण अचानक से भरभराकर दीवार गिर गया। गनीमत रही कि कोई बड़ी हादसा नही हुई। लेकिन आर्थिक क्षति तो काफी हुई है। इस घटना में जानमाल का नुकसान नहीं हुआ ।पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# लगातार बारिश से कई घरों में घुसा पानी

नवीन मेल संवाददाता

**घाघरा (गुमला)।** घाघरा थाना क्षेत्र में तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।नदियों पूरे उफान पर बह रही है।शहरी क्षेत्रों में जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है।राजा मुहल्ले के लोगों के घरों एवम दुकानों में पानी घुस गया है। जिससे घर एवं दुकान में रखा लाखों रुपए का समान बर्बाद हो गया। सुबह से ही मोटर पम्प की मदद से पानी को बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन लगातार हो रही वारिस के कारण समस्या उत्पन्न हो रही है।खेत खलियान पूरी तरह पानी में डूब चुके हैं। जिससे किसानों को काफी नुकसान का अनुमान है। अलग-अलग जगहों से घर गिरने की खबरें आ रही है। घाघरा के नेतरहाट रोड स्थित राजेश खत्री का मकान रात में अचानक गिर गया। परिवार के सदस्य गहरी नींद में थे। भगवान की कृपा है कि किसी को भी चोट नहीं लगी सभी सुरक्षित हैं। लगातार हो रही बारिश से जन जीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो चुका है। सारा दिन शहर के प्रमुख चौराहा पर बिल्कुल भीड़ न के बराबर थी। लोग अपने घरों में रहने के लिए विवश है। खासकर किसान जो अपने गाढ़ी कमाई खेतों में लगा दिए हैं वह काफी चिंतित दिखाई दे रहे हैं।

## लगातार हो रही बारिश से सतासिल्ली गांव के किसान का गिरा घर



**सिसई (गुमला)।** प्रखण्ड क्षेत्र के बरगांव दक्षिणी पंचायत अंतर्गत सतासिल्ली गांव के किसान अजय राम वर्मा का मिट्टी के घर का एस्बेस्टर गिर गया एवं मिट्टी के दीवार में दरार पड़ गया है जिससे कभी भी दीवार गिर सकता है और जानमाल को क्षति हो सकता है। ग्रामीण किसान ने जानकारी देते हुए कहा कि सिसई प्रखण्ड के पंडरानी में मुख्यमंत्री जनशिकायत निवारण शिविर लगा था जिसमें आवास के लिए आवेदन जमा किया गया था और वो पास भी हो गया था लेकिन अधिकारियों ने लिस्ट से नाम हटा दिया। पूछे जाने पर आपका एस्बेस्टस का घर है इसलिए आपको आवास आवंटित नहीं होगा इसपर मैंने बताया कि आजकल खपड़ा नहीं मिल रहा है इसलिए एस्बेस्टस लगा दिए हैं लेकिन मेरे नाम पर आवास पास हो गया है तो मुझे मिलना चाहिए ताकि मिट्टी के घर की जगह पक्की मकान बना सकें इसपर अधिकारी लोग टालमटोल कर रहे हैं।

## मंजीरा गांव में घर पर गिरा पेड़

**बिशुनपुर (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार 24 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश ने आम जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्य स्त कर दिया है। बारिश और तेज हवाओं के बीच सोमवार सुबह लगभग 8 बजे मंजीरा गांव में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गांव निवासी सतीश उरांव के घर पर अचानक एक विशालकाय फुटकल का पेड़ गिर गया। पेड़ तेज हवा और बारिश के कारण जड़ से उखड़कर सीधे मकान की छत और दीवारों पर आ गिरा, जिससे पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया। छप्पर पूरी तरह टूटकर धराशायी हो गया और दीवारों में गहरी दरारें पड़ गईं। घर के अंदर रखे सामान भी पूरी तरह बर्बाद हो गए। घटना के समय ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और घर के सभी सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला। सौभाग्य से इस हादसे में किसी की जान नहीं गई, अन्यथा बड़ी अनहोनी हो सकती थी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को तत्काल राहत और मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है।

## भरनो में मूसलाधार बारिश से जनजीवन ठप, पुल का हिस्सा बहा

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र में बीते तीन दिनों से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। सड़कों पर जलजमाव, घरों में घुसे पानी और नदी-नालों के उफान ने लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। लगातार बारिश के कारण सुपा अम्बाटोली गांव निवासी सनी टाना भगत व भंगा उरांव तथा बड़ाइक टोली निवासी राम प्रसाद बड़ाइक का घर ढह गया। वहीं कुम्हरो गांव में घर की दीवार गिरने से उसके समीप बैठी महिला पोको देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसका पैर टूट गया और इलाज सीएचसी भरनो में चल रहा है। महूगांव में पारस नदी के किनारे मछली पकड़ते समय बुधु उरांव बहने से बाल-बाल बचा। शोर मचाने पर ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए नदी में कूदकर उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सबसे बड़ी समस्या कमलपुर पारस नदी पर बने पुल का हिस्सा बह जाने से उत्पन्न हुई है। अब ग्रामीणों को छह किलोमीटर लंबा चक्कर काटकर भरनो आना-जाना पड़ रहा है। भरनो मुख्यालय का हाल भी बेहाल है। स्कूल चौक तालाब में तब्दील हो गया है, जिससे कई घरों और दुकानों में पानी घुस गया है।



## सदर अस्पताल के कैंटीनों का किया गया औचक निरीक्षण



**गुमला।** उपायुक्त गुमला के निर्देशानुसार एवं अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के मार्गदर्शन में शनिवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने सदर अस्पताल परिसर स्थित विभिन्न कैंटीनों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वर्मा कैंटीन, सृष्टि प्राण प्रवाह, मुख्यमंत्री दाल-भात योजना केंद्र एवं माँ गंगा एंटरप्राइज की गहन जांच की गई। इस क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सभी कैंटीन संचालकों को कड़े निर्देश दिए। खाद्य सामग्री के उपयोग से पूर्व मैन्युफैक्चरिंग डेट, एक्सपायरी डेट एवं लाइसेंस नंबर की जांच अनिवार्य है। सभी कर्मचारी एप्रन, हेडगियर और ग्लव्स का नियमित प्रयोग करें। कैंटीन परिसर में साफ-सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

## आयुष स्वास्थ्य शिविर में 110 आदिम जनजातीय परिवार का हुआ मुफ्त उपचार

**बिशुनपुर (गुमला)।** जिला आयुष समिति गुमला के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर सह मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आदिम जनजाति ग्राम जिलपिदाह, हापद बिशुनपुर में किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा महिलाओं को माहवारी से जुड़ी स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई तथा ग्रामीणों को आयुष औषधियों के रूप में होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में कुल 110 आदिम जनजातीय लोगों का मुफ्त उपचार और औषधि वितरण किया गया। साथ ही 55 महिलाओं को सेनेटरी पैड और अंतःवस्त्र (अंडरगारमेंट्स) उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर आयुष चिकित्सक डॉ. विनय कुमार महली, डॉ. मंजरी कुमारी, डॉ. अनुराधा कुमारी, डॉ. नाजिया प्रवीण, डॉ. अली हैदर, डॉ. प्रवीण कुमार एवं डॉ. रेणु तिर्की उपस्थित रहे और ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया।

# न्यूज बॉक्स

## युवाओं को नशे से दूर रहने और आत्मनिर्भर बनने के लिए किया गया प्रोत्साहित



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड सभागार में परिवार विकास और चाइल्ड फंड इंटरनेशनल के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा और मुखिया शोभा देवी सहित कई लोग मौजूद उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए फील्ड कॉर्डिनेटर कपिल देव यादव ने परिवार विकास संस्थान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संस्थान का मुख्य लक्ष्य समाज के युवाओं को सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है ताकि वे अपने गाँव के विकास कार्यों में सक्रिय रूप से भाग ले सकें।इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने युवाओं को संबोधित करते हुए नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि आज समाज में कई युवा नशे की लत में फंसकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने पर ध्यान दें।वहीं, मुखिया शोभा देवी ने भी युवाओं को आत्मनिर्भर बनने और सामाजिक कार्यों में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने समाज और गाँव के विकास में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

## फरार चल रहा हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

**चैनपुर।** चैनपुर थाना पुलिस ने हत्या के एक मामले में पिछले 10 साल से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना अंतर्गत राजडंडा निवासी रविंद्र लोहरा 35 के रूप में हुई है। वह चैनपुर थाना कांड संख्या 06/15 में वांछित था।यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 201/34 के तहत दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, इस मामले में रविंद्र लोहरा मुख्य आरोपी है।पुलिस ने बताया कि रविंद्र लोहरा के खिलाफ गुमला में अपर सत्र न्यायाधीश भूपेश कुमार की अदालत में सुनवाई चल रही है। अदालत ने उसकी गिरफ्तारी के लिए इश्तेहार जारी किया था। इसी इश्तेहार के तामील में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद, आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, ताकि उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई और मामले की सुनवाई पूरी की जा सके। यह गिरफ्तारी 23 अगस्त, 2025 को की गई है। इस कार्रवाई से उम्मीद है कि इस लंबित पड़े मामले की सुनवाई अब तेजी से आगे बढ़ेगी।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान ने शुरू किया रक्तदान महाअभियान



**गुमला।** ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा अपनी पूर्व मुख्य प्रशासिका, राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि 25 अगस्त के उपलक्ष्य में एक विशाल रक्तदान महाअभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस दिन को 'विश्व बंधुत्व दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है। इस महाअभियान का उद्देश्य रक्त की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करना और एक लाख यूनिट रक्त इकट्ठा करके गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाना है।इस महाअभियान का राष्ट्रीय शुभारंभ 17 अगस्त को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे.पी. नड्डा द्वारा किया गया। इस शुभारंभ के बाद, 22 से 25 अगस्त तक भारत और नेपाल में 1500 से अधिक ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्रों पर एक साथ रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

## भरनो में खुलेगा रामशरण साहू चिल्ड्रेन बुक बैंक

**भरनो (गुमला)।** झारखंड एनजीओ एसोसिएशन भरनो प्रखंड में रामशरण साहू चिल्ड्रेन बुक बैंक की शुरुआत करने जा रही है। इसकी जानकारी एसोसिएशन के संयोजक सत्यजीत सोनू ने दी। यह बुक बैंक शैलपुत्री फाउंडेशन परिसर में संचालित होगा, जहां स्कूली बच्चे निःशुल्क आकर अध्ययन कर सकेंगे। बुक बैंक में बच्चों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास हेतु विभिन्न प्रकार की पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी। संयोजक सत्यजीत सोनू ने बताया कि इस बुक बैंक का मुख्य उद्देश्य, बच्चों को पुस्तकों की आसानी से उपलब्धता सुनिश्चित करना, स्कूल के बच्चों को अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करना, और बच्चों के लिए एक सकारात्मक अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराना है। रामशरण साहू चिल्ड्रेन बुक बैंक की शुरुआत से भरनो क्षेत्र के बच्चों को न केवल नई किताबें पढ़ने का अवसर मिलेगा, बल्कि उनका ज्ञानवर्धन और बौद्धिक विकास भी सुनिश्चित होगा।

# जर्जर भवन, पेयजल व सुरक्षा संकट से जूझ रहे हैं स्कूली बच्चे

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो(गुमला)।** भरनो प्रखंड मुख्यालय से मात्र 8 किलोमीटर दूर स्थित राजकीय कृत उत्क्रमित प्लस टू हाई स्कूल तुरिअम्बा आज भी कई बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। यहां कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई होती है और वर्तमान में 623 विद्यार्थी नामांकित हैं। विद्यालय में कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय की पढ़ाई प्लस टू स्तर पर संचालित है। विद्यालय में पेयजल की व्यवस्था केवल एक बोरिंग पर निर्भर है। शौचालय तो बने हैं लेकिन उनकी स्थिति जर्जर है, जिसके कारण विद्यार्थियों, खासकर छात्राओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है।

इतने बड़े विद्यालय में बाउंड्री वाल का अभाव सबसे बड़ी समस्या है। विद्यालय छुट्टी होने के बाद स्कूल परिसर पर जुआरी और नशेड़ी कब्जा कर लेते हैं। वे गुटखा-खैनी खाकर परिसर को गंदा कर देते हैं, वहीं आवारा पशु भी रातभर डेरा जमाकर स्कूल को गंदा कर देते हैं। यही नहीं, असामाजिक तत्व आए दिन खिड़की-दरवाजे तोड़ने और खेल सामग्री को नुकसान पहुँचाने का काम कर रहे हैं। विद्यालय के प्रभारी एचएम बलबीर तिग्गा ने बताया कि बाउंड्री निर्माण की मांग को लेकर कई बार विभाग को पत्र लिखा गया है, लेकिन आज तक कोई पहल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि गाँव से हटकर विद्यालय स्थित होने के कारण चोरी होने का डर हमेशा बना रहता है। स्कूल में स्मार्ट क्लास हेतु लाखों रुपये की कंप्यूटर सामग्री और अन्य जरूरी सामान रखे गए हैं। यदि समय रहते विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की तो किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता। बुनियादी सुविधाओं की कमी और असुरक्षित वातावरण के बावजूद विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियां सराहनीय रही हैं। इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में 77 छात्र शामिल हुए और सभी उत्तीर्ण हुए, वहीं इंटर में 88 विद्यार्थी शामिल हुए और सभी सफल रहे।

## तीन दिवसीय कुपोषण उपचार प्रबंधन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

**गुमला।** जिले में कुपोषण की समस्या से निपटने और उपचार सुविधाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से गुमला स्थित होटल सावेकर में तीन दिवसीय कुपोषण उपचार प्रबंधन (एसएएम मैनेजमेंट प्रशिक्षण) का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का संचालन नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र), कलावती शरण अस्पताल, दिल्ली की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। प्रशिक्षण का नेतृत्व डॉ. प्रवीण (प्रोफेसर एवं निदेशक) ने किया। उनके साथ डॉ. गीतिका और डॉ. श्रद्धा ने प्रतिभागियों को मलन्यूट्रिशन ट्रीटमेंट सेंटर (एमटीसी) में कुपोषण प्रबंधन की सम्पूर्ण प्रक्रिया विस्तार से समझाई। विशेषज्ञों ने 10 चरणों की प्रबंधन प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की और प्रतिभागियों को व्यवहारिक प्रदर्शन (डेमो) एवं अभ्यास कराते हुए वास्तविक परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार किया। इस अवसर पर द हंस फाउंडेशन की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया गया, जो समाज के कल्याण और स्वास्थ्य संवर्धन में लगातार सक्रिय है। इस प्रशिक्षण को राज्य स्तर पर क्षमता निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना गया।

### पंचायत उन्नति सूचकांक पर कार्यशाला का आयोजन

## उत्कृष्ट पंचायतों व प्रखंडों को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** पंचायती राज विभाग गुमला द्वारा जेआईएमटीएम स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से शनिवार को नगर भवन गुमला में पंचायत उन्नति सूचकांक विषयक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य सतत् विकास लक्ष्यों को पंचायत स्तर पर लागू कर पंचायतों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार किया गया। मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायत उन्नति सूचकांक देश की ढाई लाख ग्राम पंचायतों की प्रगति को मापने का एक परिवर्तनकारी उपकरण है, जिसके जरिए गरीबी उन्मूलन, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, जल प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और सुशासन जैसे क्षेत्रों का मूल्यांकन किया जाता है। राज्य स्तरीय टीम के सदस्य राजेश्वर सिंह एवं करण कुमार ने प्रतिभागियों को पीएआई 1.0 की संरचना, कार्य पद्धति और मूल्यांकन प्रक्रिया पर प्रशिक्षण दिया। PPT प्रस्तुति के माध्यम से उन्होंने विस्तार से बताया कि पंचायत स्तर पर किन मानकों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर बसिया, कामडारा और पालकोट प्रखंडों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। पंचायत स्तर पर लुंगटू पंचायत, नवागढ़ पंचायत और बसिया पंचायत को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। चयनित पंचायतों व प्रखंडों के पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष, डीआरडीए निदेशक, अनुमंडल पदाधिकारी, वन एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी, विभिन्न प्रखंड विकास पदाधिकारी और पंचायत प्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यशाला का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि गुमला जिले की प्रत्येक पंचायत को सतत् विकास लक्ष्यों के अनुरूप आत्मनिर्भर, सशक्त और सुशासित पंचायत के रूप में विकसित किया जाएगा।

# यूरिया खाद के लिए भटक रहे किसान

- दुकानों पर मूल्य सूचना पट्ट लगाने की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**पालकोट (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार बारिश और जल संकट के बीच अब यूरिया खाद की किल्लत किसानों के लिए नई मुसीबत बनकर सामने आई है। पिछले 15 दिनों से किसान खाद की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, लेकिन दुकानों पर यूरिया उपलब्ध नहीं हो रहा है। इससे किसानों की धान की फसलें बर्बाद होने के कगार पर हैं और उनका मनोबल टूटता जा रहा है। किसानों का कहना है कि आज की खेती महंगे बीज और खाद पर आधारित है, ऐसे में यूरिया की कमी ने उनकी उम्मीदों को तोड़ दिया है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ जगहों पर यूरिया को दोगुने-तीन गुने दामों पर बेचा जा रहा है, जो उनकी परेशानी और बढ़ा रही है। इस समस्या को देखते हुए किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रखंड क्षेत्र के सभी खाद दुकानों पर खाद-बीज के मूल्य का सूचना पट्ट अनिवार्य रूप से लगाया जाए, ताकि किसान उचित मूल्य पर खाद-बीज खरीद सकें और उन्हें ठगा न जा सके। इस मौके पर मांग करने वालों में टेकनारायण सिंह, अनिल सिंह, बंधु सिंह, सरदार सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

## नशीले पदार्थों के सेवन से युवाओं का मानसिक संतुलन बिगड़ती है : ऋषिनाथ शहदेव

**सिसई (गुमला)।** सिसई थाना क्षेत्र के कुदरा मोड़ स्थित उमंग गेस्ट हाउस में हिन्दू जागरण मंच के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व हिन्दू सेवक ऋषिनाथ शहदेव एवं संजय वर्मा के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। इस कॉन्फ्रेंस में हिन्दू सेवक ऋषिनाथ शहदेव ने सिसई प्रखण्ड सहित गुमला, सिमडेगा, खूंटी, लोहरदगा, रांची एवं राज्य के कई जिलों में युवाओं एवं किशोरों द्वारा घातक नशीले पदार्थों (ड्रग्स) का इस्तेमाल किए जाने को लेकर चर्चा किया उन्होंने कहा कि घातक नशीले पदार्थों के सेवन से युवाओं का मानसिक संतुलन बिगड़ती जा रही है जिसके कारण चोरी, डकैती, बलात्कार, सड़क दुर्घटना, आत्महत्या जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं जिसे लेकर उन्होंने चिन्ता व्यक्त की और उन्होंने पंजाब का उदाहरण देते हुए कहा कि कैसे नशे की लत के कारण "उड़ता पंजाब" बन गया था वही स्थिति आज झारखंड की हो रही है ये "उड़ता झारखंड" बन गया है। यह समाज के लिए सबसे बड़ी दुखद स्थिति है कि हमारे युवा पीढ़ी इस दलदल में बुरी तरह फंसते जा रहे हैं। और अपने जीवन को बर्बाद कर रहे हैं इस पर अंकुश लगाने के लिए जल्द ही समाज व प्रशासन को ठोस कदम उठाना पड़ेगा।


**कार्यालय– उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**
**(जिला ग्रामीण विकास शाखा)**

**आवश्यक सूचना**

लातेहार जिला अन्तर्गत मनरेगा के तहत संविदा के आधार पर विज्ञापन संख्या– 01/2023 द्वारा लेखा सहायक एवं कम्प्युटर सहायक तथा विज्ञापन संख्या– 01/2025 द्वारा प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित/दक्षता परीक्षा के उपरांत अंतिम मेधा सूची, (चयनित एवं प्रतीक्षा सूची) लातेहार जिला के Official website https://latehar.nic.in में प्रकाशित किया गया है।

उपायुक्त –सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक,
लातेहार

PR 360271 (Latehar)25-26*D

**समाहरणालय, लातेहार।**
(आपूर्ति शाखा)
**अति अल्पकालिन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री दाल–भात योजना अंतर्गत लातेहार जिला में कुल 12 (बारह) केन्द्र संचालित हैं। शहरी क्षेत्र/नगर पंचायत के प्रत्येक केन्द्र में प्रतिदिन 400 गरीब व्यक्तियों एवं ग्रामीण प्रखण्ड के प्रत्येक केन्द्रों में प्रतिदिन 200 गरीब व्यक्तियों को 5 (पांच) रूपये की दर से प्रत्येक दिन एक समय का खाना खिलाया जाना है। खाना में दाल–भात के साथ सप्ताह में 4 दिन चना एवं 3 दिन सोयाबीन बड़ी की सब्जी देनी है। इसके लिए शहरी क्षेत्र के प्रति केन्द्र प्रतिदिन 5 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी, नगर पंचायत क्षेत्रों के प्रति केन्द्र 3.5 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के प्रति केन्द्रों में प्रतिदिन 2.5 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी उपलब्ध करायी जानी है। उक्त सामग्री आपूर्ति के लिए बाजार समिति से संबद्ध अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित किया जाता है कि इच्छुक अनुज्ञप्तिधारी दिनांक 01.09.2025 को 12:00 बजे मध्याह्न तक चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी का मूल्य निर्धारण कर बंद लिफाफा में निविदा जिला आपूर्ति शाखा, लातेहार के बंद बक्से में डालेंगे तथा दिनांक–01.09.2025 को अपराह्न 03:00 बजे दर का निर्धारण एवं सामग्रियों के साथ जांच निविदा समिति के सदस्यों के समक्ष निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगें। निविदा में निर्धारित दर एवं बाजार समिति द्वारा निर्धारित दर को मिलान करने के पश्चात् न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवता वाले खाद्यान्न सामाग्रियों के अनुज्ञप्तिधारी का चयन कर आपूर्ति हेतु आदेश निर्गत किया जायेगा।

निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट एवं लातेहार जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर उपलब्ध है जिस पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त, लातेहार।

PR 360231 Food Public Distribution and Consumer Affairs(25-26)D

**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

अनुमति वाद संख्या–136/2025

**आम इस्तेहार**

आवेदक नागेश्वर भगत वो नारायण भगत दोनों के पिता– बालकिशुन भगत वो लालदेव उरांव वो रंगेश्वर भगत दोनों के पिता–धर्मदेव भगत वो सिधेश्वर भगत वो रामकेवल भगत वो रामजनम भगत तीनों के पिता–बासुदेव भगत वो शंकर भगत पिता–सुखदेव भगत निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना+अंचल–चन्दवा, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम+पो0– चकला, थाना–चन्दवा, जिला– लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

**भूमि का विवरण**

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| चकला | 262 | 1054 | 0.81 |

एतद् द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 360225 District(25-26)#D

# छोटी माँ



रंजना वर्मा उन्मुक

सौम्या ! तुम्हारी छोटी माँ बहुत बीमार हैं तुम्हें उन्हें देखने जाना चाहिए ।"।।।।रोहित ने सौम्या से कहा

सौम्या सोचने लगी।।।।। उसे छोटी माँ को देखने जाना चाहिए ।।।।।।आखिर उनकी गलती क्या थी कि घर के सभी लोग उनके साथ इतनी बुरी तरह पेश आते थे।क्या उनकी गलती यह थी कि उनकी सौतेली माँ ने उनसे उनकी मर्जी पुछे बिना उनकी शादी दो बच्चे के पिता जो उनसे उम्र में काफी बड़े थे, के साथ कर दिया था।दादी ने उसके और उसके भाई के मन में छोटी माँ के प्रति इतना जहर भर दिया था कि वे दोनों उन्हें अपना दुश्मन मानते थे तथा उनसे नफरत करते थे। छोटी माँ उनसे प्यार करने की कोशिश करती ,लेकिन उन दोनों के बुरा बर्ताव के कारण चुप हो जाती।बचपन में अपनी सौतेली माँ का अत्याचार सहने के बाद, ससुराल मे सभी के बुरा व्यवहार का प्रहार सहते सहते वह पत्थर की तरह बेजान सी हो गयी थी। सौम्या उन्हें अपनी माँ के कपड़े और गहनों को हाथ तक नहीं लगाने देती थी। पिताजी उन्हें एक बिना वेतन की नौकरानी से अधिक नहीं समझते थे।वह मायके से दो चार साधारण सी साड़ियाँ लेकर आयीं थी, उसे ही वह पहना करती थी। नयी नवेली दुल्हन सा न तो श्रृंगार था न उल्लास, और ससुराल में न वैसा मान ही था।उनके चेहरे पर कभी भी प्रतिकार के नामों निशान नहीं रहते थे। बचपन से सबकुछ सहते सहते उनकी सहनशीलता इतनी बढ़ गयी थी कि उन्होंने ससुराल में सभी के अत्यंत कठोर और बेरुखी भरे व्यवहार को बड़ी सहजता के साथ स्वीकार कर लिया था। कुछ दिनों बाद उनकी कोख में एक फूल खिला, " आरज़ू " जिसे वो प्यार से अज्जू कहती थी।वह भी परिवार के बेरुखी और तिरस्कार का शिकार था कोई उसे गोद में उठाना तो दूर ,हाथ तक नहीं लगाता था। लेकिन वह बचपन से ही माँ का साथ देने लगा। उसकी अतरियाँ पेट से सटी रहतीं, फिर भी वह नहीं रोता था।छोटी माँ को जब काम से फुरसत मिलती, तभी वह उसे दूध पिला पाती।सौम्या की जब शादी हुई, तब विदाई के वक्त उन्होंने अपना एकमात्र गहना, एक जोड़ा कंगन उसके हाथों में रखाऔर बोली," तुम्हारी इस अभागन माँ के पास बस यही है, इसे मेरा आशीर्वाद समझ कर रख लो।"सौम्या ने चुपचाप कंगन रख लिये थे। आज सोचकर पता नहीं क्यों, उसकी आँखों में आँसू आ गये। इसके बाद सौम्या अपने पिता की मृत्यु के पश्चात अपने मायके गयी थी। वहाँ छोटी माँ के उदास, निर्विकार चेहरे को देखकर उसका मन अन्दर से बहुत पसीजा, फिर भी वह उनके पास नहीं गयी वह अपनी दादी से ही लिपट कर रोती रही। दादी रो रोकर छोटी माँ को ही कोसती रही," मेरे बेटे को खा गयी कलमुंही।"

किसी ने भी उनकी तकलीफ को जानने की कोशिश नहीं की। दादी की मृत्यु के बाद सौम्या और उसके भाई ने पैतृक घर का बंटवारा कर लिया ।दो बढ़िया हिस्सा दोनों भाई बहन ने ले लिया और छोटी माँ को घर का छोटा सा हिस्सा दे दिया। छोटी माँ ने इसका भी कोई विरोध नहीं किया। आज वो इतनी बीमार हैं, दोनों भाई-बहनों ने कभी उनकी चिन्ता नहीं की। वो कैसे रहती हैं, उनका खर्चा पानी कैसे चलता होगा। सौम्या को बहुत ग्लानि होने लगी। उसने निश्चय कर लिया कि वह उनसे मिलने अवश्य जायेगी। सौम्या ने छोटी माँ को देखा तो उसका कलेजा मुँह को आ गया । वह बीमार,अत्यंत कमजोर निरीह सी बिस्तर पर पड़ीं थीं ।उसे देखकर उन्होंने उठने का प्रयत्न किया,परन्तु उठ नहीं पायीं।

"अज्जू कहाँ है? आपको ऐसी अवस्था में छोड़ कर कहाँ मटरगश्ती कर रहा है।"।।।।सौम्या गुस्से से बोली।

तब तक आरजू आ चुका था।उसने सौम्या से कहा," मेरे पास मटरगश्ती करने का न तो समय है और न ही औकात। मैं बच्चों को पढ़ाने जाता हूँ जिससे घर का खर्चा चलता है। मैं पढ़ाई भी कर रहा हूँ ।मेरा सपना है जब मेरी नौकरी लगेगी तो मैं अपनी छोटी माँ का आँचल खुशियों से भर दूँगा ।"

"बहुत बढ़िया, लेकिन तुम भी अपनी माँ को छोटी माँ बोलते हो।"।।।।।।सौम्या ने आश्चर्य के साथ कहा। "हाँ! ये छोटी माँ हैं । बड़ी माँ तो वो हैं।" अज्जू ने सौम्या की माँ की तस्वीर की ओर इशारा करते हुए कहा। सौम्या रो पड़ी उसने छोटी माँ के पैरों पर अपना सर रखते हुए कहा," तुम किस मिट्टी की बनी हो छोटी माँ ।।।। जो इस दुनिया में नहीं है,उसके भी अस्तित्व को तुमने सम्भाल कर रखा है। एक हम हैं जो तुम्हारे जिन्दा रहने पर भी हालचाल पूछने नहीं आये। मुझे माफ कर दो छोटी माँ ।"।।। सौम्या की आँखों से पश्चाताप के आँसू बह रहे थे।

## देश की मिट्टी



खुशबू बरनवाल 'सीपी'

मेरे देश की मिट्टी बड़ी सोंधी लगती है।
मिट्टी की सुगंध हवाओं में बहती है।
कैसे मैं कर्ज चुकाऊँ अपने
इस देश का।
मेरी आत्मा में माँ तू ही बसती है।
मेरे वतन के फौजी बड़े वीर
होते हैं।
उनके फौलादी तन वज्र से होते हैं।
हिम्मत रगों में प्रवाहित होती है।
हर वक्त उनकी नजरें निगरानी
करती है।
आत्मा में उनके माँ तू हीं बसती है।
मेरे देश की मिट्टी बड़ी सोंधी लगती है।
मेरे राष्ट्र का तिरंगा आकर्षक दिखता है।
त्रिरंगों का मेल खूब जंचता है।
हर रंग एक संदेश रखता है।
तिरंगे में हमारी जान बसती है।
इस राष्ट्रध्वज में माँ तू हीं बसती है।
मेरे देश की मिट्टी बड़ी सोंधी लगती है।
मेरे देश का त्योहार खुशियाँ लाता है।
पर्वों से मुख पर उमंग छाती है।
ये विभिन्नताओं में अखंडता लाती है।
इससे लोगों के अधरों पे मुस्कान बिखरती है।
इन उत्सवों में माँ तू हीं बसती है।
मेरे देश की मिट्टी बड़ी सोंधी लगती है।
भारत की भौगोलिकता ईश्वर की देन है।
शैल, शैलजा, जलधि का यहाँ समावेश है।
मैदानी तटीय गिरियों का इस स्थान में मेल है।
यह धरा पूरे विश्व की गुरु माँ कहलाती है।
यह भूमि भी परमात्मा का स्पर्श पाती है।
मेरे देश की मिट्टी बड़ी सोंधी लगती है।
मेरी आत्मा में माँ तू ही बसती है।

काव्य कोना

## मुखौटा


मुखौटा पर मुखौटा न लगाया करो
अगल-बगल से चोरी-चोरी, यूं न आया-जाया करो।
यादों को यादों में न छिपाया करो
बहाना बना कर , यूं न सामने आया करो।
कुरेद-कुरेद कर घाव को नासूर न बनाया करो
वक्त के मलहम से बेवक्त न सहलाया करो।
यादों के धुंधलके में खोने से न डर जाया करो
बदले हवा के रुख से न घबड़ाया करो।
जीवन के लय के गीत को न भूलाया करो
मुखौटा पर मुखौटा न लगाया करो।।!

नाग मणि

# गोवा : जहाँ सागर आमंत्रित करता है



अनिता रश्मि



यात्रा वृत्त

गोवा, यानी समुद्र, नारियल, काजू, फेनी (काजू से बना शराब) एवं कार्निवाल का प्रदेश! बंबई जाना हुआ था तो हम बहुचर्चित गोवा एवं उसके रत्नाकारों के दर्शन करने निकल पड़े। आँखों में नीले समंदर, अथाह जलराशि की कल्पनाएँ थीं। सीट पर सतर्क होकर बैठी थी ताकि आगत का एक भी दृश्य अनदेखा न रह जाए। बस द्वारा रात्रि से प्रारंभ यात्रा दोपहर बारह बजे मांडवी नदी के तट पर समाप्त हुई। नदी पार करते ही स्वच्छ खूबसूरत राजधानी पणजी स्वागत को खड़ा था। तब नदी का पुल टूटा पड़ा था। अतः पर्यटकों को आर-पार ले जाने की जिम्मेवारी स्टीमर ने ले ली थी। विशाल सागर सी मांडवी सात नदियों के प्रदेश गोवा की दक्षिण एवं उत्तरी गोवा को जोड़ती है और मांडवी साठ किलोमीटर का सफर तय कर अरब सागर में गिरती है। पणजी के एक शांत, सुरम्य, खूबसूरत जगह पर स्थित होटल में ठहरे। नलों में भी सागर का पानी आने के कारण हाथ-पैर धोते ही एक चिपचिपाहट सी लगी। थोड़ी देर बाद खाक छानने निकले। पार्को, मेडिकल कॉलेज, टूटा हुआ पुल देखकर अथाह बालुका राशि एवं अपेक्षाकृत कम नारियल के पेड़ों से घिरे मीरामार समुद्रतट पर पहुँचे।

यहाँ फिल्मों की शूटिंग होती है। होटल मीरामार में पुर्तगाली नाविक विश्राम किया करते थे सफेद बालू एवं नीले उछलते जल का संगम मन मोहता रहा। यहाँ से कावो राजनिवास और अगुवाद किले का नजारा मनमोहक था। गड़प से डूबता लोहित सूर्य, रक्ताभ, जल, उछालें मारता सागर एवं तट का आजाद माहौल इतना आनन्ददायक कि उठने का मन न करे। रात ढले फेनिल समुद्र अंधेरे में डूबा तो सड़क पर आ गये। सड़क पर हिंदू एवं कैथोलिक एकता को दर्शानेवाली प्रतिमा थी।

दूसरे दिन टूरिस्ट बस से उत्तर गोवा के दर्शन के लिए निकले।यहाँ रत्नाकर और रत्नाकर तटों की भरमार। यूँ भी पानी मुझे मोहता रहा है भले वह विशाल नदियों का हो या सागर का। पणजी का मालाबार हिल और हरे-भरे काजू के वृक्षों से आच्छादित मायेम झील देखते हुए रोमांचित हम। पहाड़ियों से घिरी झील में रंग-बिरंगी नावें तैर रही थीं। नाव स्वयं खेते हुए यानी मैं-पति आल्हादित थे। गोवा के अकल्पनीय सौंदर्य का दर्शन पल-पल हो रहा था। आर्यों ने जब यहाँ कदम रखा था, इसके अनंत विस्तार को देख कर इसका नामकरण किया था अपारंत (अनंत विस्तार वाली भूमि) यही अपारंत (गोवा) हमे जगह-जगह चौंका रहा था। पर्यटन का सीजन नवंबर से जनवरी तक। इस समय भीड-भाड अपेक्षाकृत कम थी। बावजूद गोवा का सौंदर्य आकृष्ट कर मदहोश करने को काफी है। हमारा अगला पड़ाव हरवेलम प्रपात अठारह फीट की ऊँचाई से गिरता पर्यटकों का मनमोहने की काबिलियत रखता है। इसके दर्शन के पश्चात् फिल्मों की शूटिंग के लिए मशहूर लगातार तट पर एक घंटा बिताया। एकांत एवं शांति के लिए आदर्श जगह।

फिर हम पहुँचे हिप्पियों के स्वर्ग अंजुना सागर तट पर जिसकी काली, नुक अनगिनत भयावह चट्टानों से घिरे समुद्र का सौंदर्य हमें भयभीत भी कर गया। कुछेक हिप्पियों के दर्शन हुए। बसंत की दोपहर तो अवश्य जलानेवाली होती है। दोपहर हो चली थी। अतः हिप्पियों की भीड़ भी होटलों में दुबक गई थी। हमने ऊपर से ही सागर को निहारकर विदा ली। अगर गोवा के तटों की रानी से मिलना हो, चले जाइए कालांगुटा... दूर-दूर तक बस बालू ही बालू। नंगे पैरों दौड़ते हुए हम बेहोश से थे। हमें होश नहीं, सामान कहाँ, गाड़ी कहाँ। दक्षिण गोवा मंदिरों-चर्च के लिए विख्यात। बॉम जीसस चर्च कलात्मकता के कारण दुनियाभर में प्रसिद्ध है। इसकी प्रसिद्धि का अंदाजा मोमबत्ती जलाती भीड़ से लगाया जा सकता है। सोलहवीं शताब्दी में बने चर्च की विशेषता ताबूत में रखी संत फ्रांसिस जेवियर की मृत देह है, जिसके दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। संत की शोभायात्रा दस वर्ष में एक बार निकाली जाती है। इसके सामने ही बड़े परिसर के अंदर हल्के पीले रंग का कथेडल है। इसके पाँच घंटों में से एक स्वर्ण घंटा है। यह विश्व के गिने-चुने घंटों में एक है। मंदिरों के दर्शन हेतु हमारी कार बढ़ चली। पणजी से पंद्रह किलोमीटर दूर कुशस्थली में रहने वाले मंदिर का स्थान बदल कर मंगेशियम में आ गया। केवलम का शांतादुर्गा मंदिर भी देखा। दोनों मंदिर द्रविड़ शैली में हैं, समान रूप से दर्शनीय है। यहाँ लता मंगेशकर की यादें गुंथी हैं।

लौटते हुए हमने ड्राइवर से गोवा के रहन-सहन जीवन, फेनी, गीत-संगीत के बारे में पूछा। उसने बड़े उत्साह से बताया, पुर्तगाली काफी कम रह गए हैं। मांडवी नदी में जहाज रानी पर कार्निवाल के दौरान नृत्य-संगीत, वाद्य यंत्र की झंकार सुनाई दे रही थी, हम झंकृत। अब बेला आ गई थी। इन तटों के प्रदेश को छोड़ने की चाह मिटी न थी। पर लौटना एक आवश्यक क्रिया है।

# बहरूपिया





पूनम सिन्हा भावशिखा

वह बहरूपिया ही तो था जो करीब पांच- छे साल से होली के आस पास हमारे गाँव में आता था, फिर एक महीने यहाँ रह प्रत्येक दिन अलग-अलग वेश बना सब का मनोरंजन करता था। उसे सब बहरूपिया ही बुलाते थे कोई भी उसका नाम- पता नहीं जानता। इस बार फिर वह अपने नियत समय पर आया, दूसरे दिन वह शाम मेरे घर पर आया उस वक़्त वह बिन मेकअप के प्लेन शर्ट- पैंट में था, पहले तो हम उसे नहीं पहचान पाए पर उसने ज़ब बतलाया कि वह बहरूपिया है तब हम उसे पहचान पाए ,उसने पिता जी से एक कमरा किराया पर देने का आग्रह किया, उसने अपना नाम सोहन बताया और वह बरेली का रहने वाला है, वह अपना आधार कार्ड साथ लाया था उसने बतलाया कि पिछले सालों से वह जहाँ रहता आया था वो लोग कहीं और चले गए। सब बात चीत करने के बाद वह हमारे घर के बाहर वाले कमरे में रहने लगा, वह बहुत ही मृदुभाषी और अच्छा लड़का था, जल्द ही वह हम सबसे घुलमिल गया। धीरे-धीरे पता चला कि वह इतिहास में M.A है, पढ़ाई करने के बाद नौकरी नहीं मिली, मिलती भी तो हजार - दो हजार की, उसके पिता नहीं थे, माँ ने किसी तरह उसे पाला और लिखाया- पढ़ाया लेकिन वह अब बहुत ही बीमार रहती हैं,वह ठीक से उनका इलाज करवाने में सक्षम नहीं है बताते वह बहुत ही दुःखी हो जाता और रोने लगता !! तब उसे देख यह लगता कि क्या यह वहीं इंसान है जो तरह. तरह से मनोरंजन क़र हमें हंसाता है पर खुद इतना दुःखी है !! लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी है अभी भी वह अच्छी नौकरी के लिए प्रयासरत है।

सोहन दिनभर तरह- तरह के वेश बना पूरे गाँव में घूमता , शाम को खुद ही खाना बनाता फिर खाने के बाद पूरी रात वह जग क़र पढता। एक दिन मेरी माँ ने उससे कहा, "बेटा तू भी तो हमारे बेटा जैसा ही है, तेरे लिए मैं खाना बना दिया करुँगी " उसकी आँखे भर आईं "अरे नहीं माँ जी मेरी तो अब आदत हो गई " उसने कहा पर माँ के दबाब देने पर मान गया। शाम में हम सब इकट्ठे बैठ बातें करते अब हम उसे सोहन भैया बुलाते, सोहन भैया तो ज्ञान के जैसे भंडार थे किसी भी विषय पर हर प्रश्न का उत्तर उनके जुबान पर रहता, पिता जी को पूरी उम्मीद थी कि इस बार के प्रतियोगी परीक्षा में उनका चुनाव निश्चित होगा। एक महीने बाद वो चले गए उनके जाने के बाद हमें उनकी याद आती थी। वो हमेशा फ़ोन क़र बात करते थे उनकी परीक्षा होने वाली थी तो बात चित नहीं हुई ,परिणाम आने पर उन्होंने फ़ोन क़र हमें सूचित किया कि उनका चयन U. P. S. C में हो गया है और उन्हें ट्रेनिंग हेतु रिपोर्ट करना है, यह सुन हम सब बहुत प्रसन्न हुए माँ पिता जी ने उन्हें ढेर सारी शुभकामनायें और आशीर्वाद दिया! ये सच है कि कोशिश क़रने से ही जीत हासिल होती है।

## दोस्त



कंचन सिंह

दोस्त जैसे चाय में चीनी की तरह,
बिना चीनी के जैसे चाय फीकी
होती है।
बिना दोस्त के जिंदगी बेरंगत
हो जाती है।
एक ऐसा रिश्ता
जिसमें ना कोई
बंदिश होती है,
ना कोई मर्यादा।
जिसमें ना कोई
कम होता है,
ना कोई ज्यादा।
अगर आप
उदास हो तो,
दोस्तों के सामने बिखर सकते हो,
गुस्से में उनपर बिफर सकते हो।
कमी में उनके साथ बसर कर
सकते हो।
खुशी में संग सफर कर सकते हो।
कभी बोरियत ना जिस रिश्ते में सुबह
से शाम कर सकते हो।
कई गलतफहमियां होने के बाद भी
बिना अहम या वहम के उनका हाथ
थाम सकते हो।
अगर जिंदगी में चंद अच्छे और सच्चे
दोस्त है ना तो,
यकीन मानिए जिंदगी गुलजार है।

# भयो कोतवाल-अब डर काहे का ...!



रन्दी सत्यनारायण राव

अभी पौ फटी ही नहीं थी कि मित्र खिलंदड जी का मेरे घर बदहवाश हो आना हुआ। कुछ अनमने से ही सही, उसका स्वागत का नाटक करते मैंने पूछ ही लिया – ' क्या हुआ भाई, बहुत घबराये हुए लग रहे हो, कुछ अनिष्ट हुआ क्या...?' खिलंदड जी छूटते ही बोले- ' यार ग़जब हो गया, मेरे घर के पुराने स्वामी ने मूषकों को इतनी शह दे रखी थी कि ऊन्होने धीरे धीरे उनकी खा कर, उनके आशियाने को ही खोखला करना शुरू कर दिया था, परिणाम यह हुआ कि उन से मेरे द्वारा उनके घर को खरीद लिए जाने के बाद, मूषकों का तुष्टिकरंण समाप्त हो गया। क्योंकि ऐसा करना मेरी नीति के विरुदद जाता था और वे मेरी चरण धूलि लेने वालों में से भी नहीं कहे जा सकते थे। इसलिए उनके क्रोध का शिकार मेरी झोपड़ को होना पड गया, वे मेरे साथ तो कोई खुरापात कर नहीं सकते थे न...!' मैं अपने भेजे को मथता रहा और समझ नहीं पा रहा था कि खिलंदड जी आखिर कौन सी समस्या की बात कर रहे हैं...? मैंने पुछा – ' मैं समझा नहीं भाई, यह मूषक और मूषक की बात कहाँ से आ गई...और मूषकों को आपसे क्या शिकायत हो सकती है, जो आपके घर को कुतर खाने को आमादा हो गए ?' मेरी कौतूहलता और उनकी समस्या को न समझ पाने और न समझा पाने की खीज उनके मुख मंडल पर उभर आई, बोले – 'तुम बहुत नादान हो प्यारे लिक्खाड़। तुम्हारे पास इस विश्वास से आया था कि मेरी समस्या का हल करोगे, लेकिन केवल तुक्केबाज हो यही साबित हुआ। ओ भाई पूर्व में मूषकों को मिली आजादी और एकता की धौंस को मैने उस घर पर अधिकार कर कुंद कर दिया था । परिणाम यह हुआ कि मेरे घर की नींव को ही आज कमजोर करने को पिल पड़े हैं। बहुत संभव है, वे अपने मकसद में कामयाब भी हो जाएं, कृपया मुझे कोई ऐसा धाँसू उपाय बताओ कि सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे वाली कहावत चरितार्थ हो। मेरे घर के 'मूषकों' से, अपने घर की हिफाजत समय रहते कैसे की जाए।' जब देखा कि यह तो मेरे कलम गिस्से को ही तड़ीपार को कमर कसे है, मैंने उसके कान में कह ही तो दिया - ' यह तो चुटकियों में हल हो जाएगा खिलंदड भाई , बस... उन्हें 'नर्क-वास' की दवा खिला दो ' । यह सुन खिलंदड जी खुश होने की जगह बिफ़र गए – 'क्या दिमाग का दही बनाते हो भाई... यह बोथरा उपाय तो मैं भी जानता हूँ , यह करने से 'एनिमल वेलफेयर कमीटी ' वालों का कानूनी चाबुक मुझ पर नहीं चलेगा, इसकी गारंटी कौन देगा...? मैं अपने आशियाने के साथ भले ही दफ़न हो जाऊं, उनकी बला से किन्तु मूषकों की सलामती का मेरे घर का संसद भी समर्थक है, तभी तो सभी विरोध में कसीदे पड़ते हैं कि, ये अप संस्कृति के वाहक मूषक , उनके घर को बक्श दे , बाकि किसी और के आशियाने को "हरी – बोल" कर पाताल के हवाले कर दे ,कोई समस्या नहीं' ।' अब मेरे होश हवा महल से धरती पर उतर चुके थे । खिलंदड जी की समस्या बड़ी विकराल थी। लुकमान के पास जा कर इसके ईलाज की खोज के लिए समय चाहिए था । मैंने, खिलंदड जी को चाय पिला कर बिदा किया और न्यूज चैनल पर यह देख सुन चकित रह गया कि आज मूषकों ने जहाँ चाहा, वहां खोदना शुरू कर दिया था। पता चला कि इनके हौसले को आसमान तक पहुंचाने में मेरे घर के ही कुछ अति महत्वाकांक्षी 'स्वान', बीढ़ा उठाए हुए वक्फ़ का परचम लहरा रहे थे । ऐसे में, घर को धराशायी होने की आशंका से भला इन्कार कैसे किया जा सकता है...? अभी ही पता चला है कि खिलंदड जी के घर की संसद में घर में 'मूषकों' के रखने और न रखने को ले कर समर्थन – विरोध की आंधी चल रही है , और 'मूषक' कुछ अनिष्ट की आशंका से भयभीत न हो कर अपनी मूंछों में मलाई लगा कर ताव देते देखे जा रहे हैं । इसके पीछे यही विश्वास था कि ' सैयां भयो कोतवाल – अब डर काहे का...?'

## शिव शक्ति



डॉ आकांक्षा चौधरी

मैं भाव तुम संदेश हो
मैं शांत तुम आवेश हो
मैं पुरुष तो तुम प्रकृति
मैं निराकार तुम आकृति
मैं रुद्र तो तुम सती हो
मैं शंकर तुम पार्वती हो
मैं योगी तो तुम गृहणी हो
मैं औघड़ तो तुम धरणी हो
जब कपाली तो काली हो
जब शिव हूं तो शिवाली हो
मैं भस्म हूं तुम आग हो
मैं शब्द हूं तुम राग हो
मैं विध्वंस हूं तुम सृष्टि हो
मैं त्रिनेत्र तुम मेरी दृष्टि हो
मैं तांडव तुम हो सौम्य नृत्य
मैं अंत हूं तो तुम हो नित्य
मैं जीव तुम मेरी माया हो
मैं उष्णता तुम छाया हो
मैं आदियोगी दिग्दिगंत
तुम मेरे योग की माया हो।
मैं महेश तुम माहेश्वरी
मैं अर्धनर तुम अर्धांगिनी
मैं चेतना तुम बुद्धि हो
मैं शिव हूं तुम मेरी शक्ति हो।।

# वृद्धाश्रम रुक्कनपुरा



गीता सिन्हा गीतांजलि



नीरज की बातों से श्याम सुंदर दास जी बड़े आहत हुए। वही नीरज जिसे गोद में खेला-खेला कर बड़ा किए थे। अभी कल की ही बात लगती है उसे स्कूल में एडमिशन के लिए ले जाते हुए, क्लास रूम में बैठाते हुए कितना समझाया था। वह रोता रहा, वह रोता रहा था। घर में माँ की गोद में बिल्कुल चुप हो गया था। आज वही बेटा पढ़ लिखकर इतना बड़ा हो गया कि मुझे ही पाठ पढ़ाने लगा। जिसे उंगली पकड़- पकड़कर चलने सिखाया, आज वही मुझे भी चलाने लगा। जिसे कौर बाँधकर खिलाया, आज खाने पीने के बारे में इतनी बातें सीखा रहा है? नीरज की माँ जब श्याम सुंदर दास जी के कमरे में नाश्ता - चाय लेकर गई तो वे नहा धोकर बाहर के कपड़े पहनकर तैयार बैठे थे। निर्मला सकपका गई। वह नाश्ता टेबल पर रखकर डरते हुए पूछी--" क्यों जी, कहाँ चले सुबह-सुबह?"

रात के खाने के टेबल पर जो बहस हुआ था बाप बेटे का, उसे याद कर वह घबराई हुई थी। श्यामसुंदर दास जी निर्मला की बातों का कोई जवाब न देकर एक नजर डाले और बिना नाश्ता किए तेजी से निकल गए।

निर्मला बार-बार घड़ी की सुइयाँ देखती। दोपहर के भोजन का प्रबंध वह स्वयं करती थी। बहू, दोनों बच्चों को लाने बस स्टॉप तक जा रही थी। निर्मला ने फोन लगाया बेटे को, जो ऑफिस में था। उसने साफ-साफ मना कर रखा था कि ऑफिस आवर में घर से फोन न आ जाए। निर्मला ने कहा - - - "नीरज बेटा , उसी समय तुम्हारे पापा जी घर से निकले अब तक नहीं पहुंचे हैं, लंच का समय निकला जा रहा है।" नीरज ने कहा---" माँ, तुम व्यर्थ की चिंता मत करो, वो बाजार वगैरह घूमकर स्वयं आ जाएंगे।"

फोन कट चुका था। माँ हाथ में फोन लिए दिए किचन से निकली। बच्चे स्कूल से आ गए थे। बहू उसके लिए खाना निकालने किचन गई। पोती निक्की ने एक नजर दादाजी के कमरे में डाली - - "दादाजी दिख नहीं रहे।" पोता अयांश को बहू कपड़े बदलवा रही थी।....... जूते खोलकर जगह पर रख रही थी...... फिर जब खाना निकालने लगी तो कहा----" माँ, आप और पापा जी का खाना परोस दूँ?" माँ बोली - - - "पता नहीं बहू, वो कहाँ भटक रहे होंगे? मुझसे खाया नहीं जाएगा। बच्चों को खिलाओ।"

अब घड़ी की ओर देखी तो तीन बज रहा था। निर्मला किचन में जाकर पानी पी ली। अब दिल बड़ा बेचैन हो रहा था। आँखें बंद कर अपने कमरे में लेट गई। देखते-देखते पाँच बज गए। नीरज रोज शाम छह बजे घर आता था। आज जब बेल बजा तो चौंककर उठी। दरवाजा खोलते ही बोली - -" नीरज तुम? पापा का कुछ पता चला?"

वह मुँह लटकाते हुए सोफा पर धम्म से पसर गया।

"अब कहाँ खोजूँ पापा को? इस तरह से छोटी-छोटी बातों में घर से निकल जाना...... भूखा, प्यासा...."

बच्चे - - - "पापा आ गए, पापा आ गए," की रट लगा रहे थे।

नीरज अपने पापा के जितने मित्रों को जानता था, उन सभी को फोन लगा कर बातें की लेकिन उत्तर कहीं से सकारात्मक नहीं मिला।

जब सात साढ़े सात बजा, तब नीरज को सचमुच चिंता हो गई।" कहाँ गए होंगे पापा?...... बिना कुछ खाए पिए? "

वह बाहर निकल आया । रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप, पर खुद से खोजने, हैरान परेशान हो रहा था।

आठ बजकर दस मिनट पर फोन की घंटी बजी। उधर से आवाज आई----" मैं वृद्धाश्रम रुक्कनपुरा से बोल रहा हूँ। एक सज्जन जो अपना नाम श्याम सुंदर दास बता रहे हैं........ क्या घर में कोई झगड़ा हुआ है? वो स्थाई रूप से यहीं रहने की बात कर रहे हैं।"

"हाँ, हाँ मैं उन्हीं का बेटा नीरज हूँ। थोड़ा फोन तो पापा को दीजिए। वो घर क्यों नहीं लौटना चाहते? माँ परेशान है, उसने भी खाना पीना छोड़ रखी है।"

फोन जैसे ही पापा ने पकड़ा नीरज गिड़गिड़ाने लगा-----" प्लीज पापा, मुझे माफ कर दीजिए, मैं आपका पैर पकड़ता हूँ।..... पापा, मुझे पता नहीं था कि आप मेरी बातों का इतना बुरा मान जाएंगे।...... मैं आ रहा हूँ आपको लेने के लिए ।"

नीरज घर आया। माँ को बताया---" माँ, पापा जी वृद्धाश्रम पहुँच गए हैं और वहीं रहने की बात कर रहे हैं।"

माँ क्षण भर को रुकी, बोली - - -" बेटा मैं भी चलती हूँ तुम्हारे साथ। क्या नादानी है। बेटा की परेशानी उन्हें नहीं दिखता?"

वह गाड़ी निकाल रहा था। करीब एक घंटा के बाद, दोनों माँ बेटा एक बड़े से लोहे के गेट के सामने खड़े थे। जहाँ लिखा था" वृद्धाश्रम रूक्कनपुरा"

श्यामसुंदर दास बाहर लॉन में ही कुर्सी पर बैठे मिल गए। माँ बेटा को परेशान देखकर उनकी आँखें भर आई। अपने पर पश्चाताप हुआ। "मैं सदा के लिए इन सब से अलग रहना चाह रहा था... ...."

नीरज पापा को गाड़ी में बैठा रहा था। निर्मला आँखें पोंछ रही थी। पति के मिल जाने पर जैसे उसे संसार मिल गया था।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

## आज का दोहा

कभी 'विभीषण' एक था, कभी हो गया वक्त।
रामादल भी कब हुआ, अनपेक्षित सा सख्त।।

सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)


## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

'एक गांव, एक गणेश' की मिसाल बना नंदगढ़ गांव

# 81 सालों से पेश की हिंदू-मुस्लिम एकता की अनूठी मिसाल



**एजेंसी। बेलगावी**

देश में गणेश उत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। 27 अगस्त से गणेश उत्सव की शुरुआत होगी, जो 6 सितंबर तक चलेगा। कर्नाटक, महाराष्ट्र और गोवा की सीमा से जुड़ा बेलगावी जिला गणेश उत्सव को बेहद धूमधाम से मनाने के लिए जाना जाता है। उत्सव को खास बनाती है वो परंपरा जो वर्षों से निभाई जा रही है। यहां 'एक गांव, एक गणेश' के सिद्धांत पर बप्पा को पूजा जाता है। बेलगावी में भी पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र की तरह ही हर साल गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। बेलगावी शहर की हर गली, हर घर में, सार्वजनिक और निजी तौर पर गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं, लेकिन इसी जिले में खानापुर तालुका में नंदगढ़ गांव है, जहां सिर्फ एक ही गणेश प्रतिमा स्थापित की जाती है। खास बात है कि इसमें सिर्फ हिंदू नहीं, बल्कि दूसरे समुदाय के लोग भी गणेश उत्सव मनाते हैं। साल 1944 से हर वर्ष एक ही सार्वजनिक गणेश प्रतिमा स्थापित की जाती है। इस गांव ने यह साबित कर दिया है कि हिंदू और मुस्लिम एकता में ही शक्ति है, और पूरे गांव के लिए एक ही गणेश प्रतिमा स्थापित कर एकता की अनूठी मिसाल पेश की है। 11 दिनों तक, गांव के सभी लोग एक साथ मिलकर पूजा और 'गणेश पूजा' करते हैं। हर दिन एक सांस्कृतिक कार्यक्रम होता है। सभी जातियों और समुदायों के लोग मिलकर गणेश उत्सव मनाते हैं और 11वें दिन विसर्जन करते हैं। गणेश समिति के एक सदस्य ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "हम कई साल से 'एक गांव, एक गणेश' का संदेश दे रहे हैं ताकि सबको यह महसूस हो कि हम एक हैं। इससे गांव की एकता भी मजबूत होती है और फिजूलखर्ची से भी बचा जा सकता है। पूरे गांव के लिए एक ही गणेश प्रतिमा की स्थापना एक बेहतरीन परंपरा है।

पिछले एक दशक में रक्षा निर्यात 35 गुना बढ़ा है

# रक्षा निर्यात 50,000 करोड़ तक पहुंचाने लक्ष्य : रक्षा मंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- पिछले दशक में रक्षा निर्यात 35 गुना बढ़ा
- 2024-25 में रक्षा निर्यात ₹23,622 करोड़ तक पहुँचा
- भारत 100 देशों को कर रहा रक्षा उत्पादों का निर्यात
- घरेलू रक्षा उत्पादन ₹1.5 लाख करोड़ के पार पहुंचा

पिछले एक दशक में रक्षा निर्यात लगभग 35 गुना बढ़ा है और सरकार ने इस वर्ष 30,000 करोड़ रुपए और 2029 तक 50,000 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा निर्यात 2013-14 में 686 करोड़ रुपए बढ़कर 2024-25 में 23,622 करोड़ रुपए हो गया और अब रक्षा उत्पादों का निर्यात लगभग 100 देशों को किया जा रहा है। साथ ही, उन्होंने कहा कि घरेलू रक्षा उत्पादन 2014 के 40,000 करोड़ रुपए से तीन गुना बढ़कर 2024-25 में 1.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है और चालू वित्त वर्ष में लगभग 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की राह पर है। 'वर्ल्ड लीडर्स फोरम' में रक्षा मंत्री ने एक न्यायसंगत वैश्विक व्यवस्था को आकार देने में भारत के बढ़ते नेतृत्व को रेखांकित किया और देश के रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने में की गई अभूतपूर्व प्रगति पर प्रकाश डाला। 'मेक इन इंडिया' के पीछे के व्यापक दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए, रक्षा मंत्री ने कहा, "हमारी मेक इन इंडिया पहल केवल भारत तक ही सीमित नहीं है। जब आप भारत में निर्माण करते हैं तो आप दुनिया के लिए निर्माण करते हैं।" यह घोषणा रक्षा मंत्रालय द्वारा एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) कार्यक्रम के कार्यान्वयन मॉडल को मंजूरी दिए जाने के कुछ ही महीनों बाद आई है। रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रक्षा बजट में शानदार वृद्धि हुई है, जो 2013-14 के 2.53 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 2024-25 में लगभग 6.22 लाख करोड़ रुपए हो गया है और ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बाद इसमें वृद्धि की योजना है।

## भारत ने जारी की 5 स्वदेशीकरण रक्षा सूचियां



रक्षा मंत्री ने बताया कि भारत ने 509 प्लेटफॉर्म, प्रणालियों और हथियारों को शामिल करते हुए पांच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियां जारी की हैं, जिनका अब अनिवार्य रूप से देश में निर्माण किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने रक्षा पूंजी खरीद बजट का 75 प्रतिशत भारतीय कंपनियों के लिए आरक्षित किया है। राजनाथ सिंह ने कहा, "रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का हमारा दृष्टिकोण केवल आयात कम करने के बारे में नहीं है। यह एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने के बारे में है, जहां भारतीय उद्योग, सार्वजनिक और निजी, विश्व स्तरीय क्षमता विकसित करें, जहां हम न केवल घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करें बल्कि उच्च गुणवत्ता वाले रक्षा उत्पादों के ग्लोबल सप्लायर्स के रूप में भी उभरें।" उन्होंने स्वदेशी क्षमता में हालिया सफलताओं पर भी प्रकाश डाला और बताया कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को 97 तेजस लड़ाकू विमानों के लिए 66,000 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले हैं, इसके अलावा 83 विमानों का ऑर्डर भी मिला है जिसकी कीमत 48,000 करोड़ रुपए है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत फ्रांसीसी एयरोस्पेस दिग्गज साफरान के साथ साझेदारी में पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के लिए इंजन बनाना शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि यह कदम भारत की स्वदेशी रक्षा और एयरोस्पेस क्षमताओं को मजबूत करने के प्रयासों में एक बड़ा कदम है। राजनाथ सिंह ने वैश्विक कंपनियों को भारत के बढ़ते रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया और उन्हें सरकारी समर्थन का आश्वासन दिया।

## 'मोदी एक्सप्रेस' में मिला कंफर्म टिकट, खिले यात्रियों के चेहरे



**एजेंसी। मुंबई**

मुंबई में गणेश महोत्सव जैसे त्योहारी सीजन में रेलवे में कंफर्म टिकट पाना चुनौतीपूर्ण होता है। भारी भीड़ के कारण टिकटों की मांग बहुत बढ़ जाती है। भारतीय रेलवे इस समस्या को कम करने के लिए हर साल विशेष ट्रेनों का संचालन करता है। इस साल गणेश महोत्सव के लिए भी कई विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जिसमें मुंबई से कोंकण तक मोदी एक्सप्रेस शामिल है। मोदी एक्सप्रेस का 23 और 24 अगस्त को कोंकण के लिए रवाना होना कोंकणवासियों के लिए गणेशोत्सव के दौरान अपने गृहनगर लौटने में बड़ी सुविधा प्रदान करेगा। इससे मुंबई में काम करने वाले लोगों को यात्रा में आसानी होगी और त्योहार का उत्साह बढ़ेगा। इस ट्रेन में कंफर्म सीट के साथ यात्री सुगमता के साथ यात्रा कर रहे हैं। यात्री सचिन ने बताया कि 'मोदी' एक्सप्रेस ने गणेश महोत्सव के दौरान यात्रियों के लिए काफी सुविधा प्रदान की है। इस विशेष ट्रेन में न केवल दो दिनों में कंफर्म टिकट मिल रहा है, बल्कि मुफ्त भोजन और पानी की व्यवस्था भी की गई है, जो सामान्य ट्रेनों में वेटिंग टिकट की समस्या से राहत देता है। ट्रेन में सुखद यात्रा कर हमें बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि मुंबई से कोंकण क्षेत्र के लिए चलाई जा रही मोदी एक्सप्रेस यात्रियों के लिए त्योहारी यात्रा को आसान और आरामदायक बना रही है। अन्य कुछ यात्रियों ने भी मोदी एक्सप्रेस ट्रेन को लेकर खुशी जाहिर की है महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे ने गणेश उत्सव के लिए मोदी एक्सप्रेस विशेष ट्रेन के संचालन पर अपनी बात रखते हुए कहा कि 13 सालों से कोंकणवासियों की सेवा कर रहे हैं। पहले बसों का इंतजाम किया जाता था, लेकिन अब ट्रेनों के जरिए यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा प्रदान की जा रही है। उन्होंने इस साल को खास बताते हुए कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कोंकण की जनता ने भरपूर प्यार दिया है।

## पीएम-सीएम को बर्खास्त करने वाले विधेयक पर बंट गया विपक्ष?

टीएमसी का जेपीसी में शामिल होने से इनकार

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने शनिवार को कहा कि वह प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को बर्खास्त करने संबंधी विधेयकों की जांच के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में किसी सदस्य को नामित नहीं करेगी, यदि उन्हें लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रखा जाता है या गिरफ्तार किया जाता है। टीएमसी ने एक बयान में कहा कि हम 130वें संविधान संशोधन विधेयक का पेश होने के चरण में ही विरोध करते हैं और हमारे विचार से जेपीसी एक दिखावा है। इसलिए, हम एआईटीसी से किसी को भी नामित नहीं कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन विवादास्पद विधेयक - संविधान (एक सौ तीसवाँ संशोधन) विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेशों की सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 - पेश किए। हालांकि, इन तीनों विधेयकों के पेश होने पर सदन में भारी हंगामा हुआ और विपक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इन विधेयकों के ज़रिए गैर-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्य सरकारों को अस्थिर करना चाहती है। कुछ विपक्षी सदस्यों ने विधेयकों की प्रतियां फाड़कर शाह की ओर फेंक दीं, जिन्होंने बाद में कहा कि विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजा जाएगा।

**लोकतांत्रिक युग को 'खत्म' करने वाली बुराइयां: बनर्जी**

शाह द्वारा संसद में इन विधेयकों को पेश किए जाने के बाद, ममता बनर्जी ने कहा कि ये विधेयक देश में लोकतांत्रिक युग को 'खत्म' कर देंगे और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को भी 'खत्म' कर देंगे। उन्होंने कहा कि ये विधेयक प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री को सशक्त करेंगे और इसे "सुपर-आपातकाल से भी बड़ा" कदम बताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा कि मैं भारत सरकार द्वारा आज पेश किए जाने वाले 130वें संविधान संशोधन विधेयक की निंदा करती हूं।

## टैंक साफ करते समय जहरीली गैस से दो मजदूरों की मौत

**गुजरात।** गुजरात के आणंद जिले में शुक्रवार को एक खाद्य प्रसंस्करण कारखाने के टैंक की सफाई करते समय जहरीली गैस की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई और दो अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि खंभात तालुका के सोखदा गांव में एकता फ्रेश फूड कंपनी के अपशिष्ट उपचार संयंत्र के टैंक में उतरने के बाद दो श्रमिकों की दम घुटने से मौत हो गई। उन्होंने कहा कि दो अन्य श्रमिकों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज किया जा रहा है। खंबात ग्रामीण थाने के अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह उस समय हुई जब किशन बरैया (27) नामक मजदूर टैंक में उतरा और गैस की विषाक्तता के कारण बेहोश हो गया। उन्होंने कहा कि इसके बाद, किशन को बचाने गए अरविंद (63) भी गैस की चपेट में आ गया।

## सरकार विपक्ष की बात सुनेगी, लेकिन राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं : रिजिजू

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने ज़ोर देकर कहा कि सरकार विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों को सुनेगी, लेकिन राष्ट्रीय हितों से कभी समझौता नहीं करेगी। किरेन रिजिजू शुक्रवार को नई दिल्ली के शंकर लाल ऑडिटोरियम में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। अपने आधिकारिक 'X' हैंडल पर एक पोस्ट साझा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने इस घटनाक्रम की जानकारी दी। 'X' पोस्ट में कहा गया कि सरकार विपक्ष की बात सुनेगी, लेकिन राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगी! हम 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न को पूरा करने के लिए समर्पित हैं!

सभा को संबोधित करते हुए, किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार लोकतांत्रिक लोगों द्वारा चलाई जाती है और वे लोकतांत्रिक तरीके से काम करते हैं, यही वजह है कि उन्होंने संसद के पहले तीन हफ़्तों में कोई विधेयक नहीं लाया। उन्होंने संसद में लगातार हो रहे हंगामे की ओर भी इशारा किया और कहा कि सरकार विपक्ष की बात सुनना चाहती है, लेकिन वे हमेशा हंगामा मचाते दिखते हैं। किरेन रिजिजू ने कहा कि हम देश की सुरक्षा के लिए काम करते हैं। आपने (विपक्ष ने) विशेष गहन संशोधन के बारे में सुना होगा। विपक्षी दलों ने संसद में खूब हंगामा किया। हम लोकतांत्रिक लोग हैं और हम लोकतांत्रिक तरीके से काम करते हैं, इसलिए हमने पहले तीन हफ्तों तक कोई विधेयक पारित नहीं किया। मंत्री ने कहा कि हम हर दिन विपक्ष से कहते रहे कि आप बहस और चर्चा में हिस्सा लें, सरकार एक महत्वपूर्ण विधेयक लेकर आई है। बहस में हिस्सा लेकर और सुझाव देकर अपना योगदान दें। हम विपक्षी दलों के सुझाव भी सुनना चाहते हैं। हमने उन्हें बार-बार कहा है, लेकिन वे सुनते ही नहीं हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा संसद में लगातार व्यवधान के बावजूद, सरकार ने राष्ट्रहित में कई विधेयक पारित किए हैं। रिजिजू ने आगे कहा कि विपक्ष सरकार की नीतियों पर सवाल उठा सकता है, लेकिन संसद के कामकाज में बाधा नहीं डाल सकता। रिजिजू ने कहा, "सदन की बैठक शुरू होते ही वे (विपक्ष) हंगामा करते हैं, फिर सरकार ने फैसला किया कि आप (विपक्ष) हंगामा करते रहिए, हम देशहित में विधेयक पारित करेंगे।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## पाकिस्तानी विमानों की एयर स्पेस में नो एंट्री, 23 सितंबर तक लागू रहेगा प्रतिबंध

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान में पंजीकृत विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने की अवधि बढ़ा दी है, जिनमें पाकिस्तानी एयरलाइनों या ऑपरेटरों द्वारा संचालित, स्वामित्व वाले या पट्टे पर लिए गए विमान भी शामिल हैं। नवीनतम नोटिस टू एयरमेन (नोटम) के अनुसार, यह विस्तार सैन्य उड़ानों पर भी लागू होता है।

**प्रतिबंध सितंबर के अंत तक बढ़ा**

ये प्रतिबंध अब 23 सितंबर 2025 तक लागू रहेंगे, जो भारतीय अधिकारियों द्वारा समय-समय पर बढ़ाए गए प्रतिबंध की निरंतरता को दर्शाता है। यह उपाय पाकिस्तानी वाणिज्यिक और सैन्य विमानों को भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से प्रभावी रूप से रोकता है। यह निर्णय नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच चल रहे तनाव के बीच लिया गया है। विश्लेषक विस्तारित नोटम को भारत की व्यापक सुरक्षा गणना का एक हिस्सा मानते हैं, जो पाकिस्तानी विमानों के लिए उड़ान अनुमतियों पर बढ़ी हुई सतर्कता को दर्शाता है। इससे पहले, केंद्र ने पाकिस्तानी नागरिक और सैन्य विमानों के भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने वाले नोटिस टू एयरमेन को आधिकारिक तौर पर 23 अगस्त तक बढ़ा दिया था, केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने घोषणा की। मोहोल, "यह विस्तार निरंतर रणनीतिक विचारों को दर्शाता है और मौजूदा सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुरूप है।" पिछला नोटम 24 जुलाई को समाप्त होने वाला था। यह पहली अधिसूचना के बाद से लगातार विस्तार के बाद है, जो 1 मई को जारी की गई थी और शुरू में 23 मई तक वैध थी।

**पहलगाम के बाद के उपायों और ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ा**

ये प्रतिबंध पहली बार 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद लागू किए गए थे, जिसमें एक विदेशी सहित 26 लोग मारे गए थे। इसके जवाब में, भारत ने पाकिस्तान के अंदर आतंकवादी ढाँचे को निशाना बनाते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और कई दंडात्मक उपायों की घोषणा की, जिनमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी सीमा पार को बंद करना और राजनयिक संबंधों को कम करना शामिल था।

## दो पाकिस्तानी महिलाओं के वोटर आईडी मामले में चुनाव आयोग ने नाम हटाने की प्रक्रिया शुरू की

**पटना।** बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बीच दो पाकिस्तानी महिलाओं को लेकर खुलासा हुआ है। दोनों के पास आधार कार्ड के साथ-साथ मतदाता पहचान पत्र भी हैं। चुनाव आयोग ने मूल रूप से पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की रहने वाली इन महिलाओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। चुनाव आयोग ने बताया कि बिहार के भागलपुर में मिले पाकिस्तानी नागरिकों के मतदाता पहचान पत्र के संबंध में फॉर्म 7 दाखिल किया गया था और इसे हटाने की प्रक्रिया चल रही है। भागलपुर के जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने इसकी पुष्टि की। बिहार के भागलपुर में एसआईआर प्रक्रिया के बीच यह सामने आया कि दो पाकिस्तानी महिलाओं के वोटर आईडी बने हुए थे। यह महिलाएं भागलपुर के भीखनपुर इलाके में रहती हैं। बताया जाता है कि यह दोनों महिलाएं सालों से चुनावों में वोट करती थीं।

आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक

## डीएम मेधा रूपम सख्त, जिलाधिकारी के लापरवाही पर वेतन रोकने के निर्देश

**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा**



ग्रेटर नोएडा के कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की प्रगति, प्राप्त फीडबैक एवं डिफॉल्टर श्रेणी में आने वाले विभागों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने असंतुष्ट फीडबैक और शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर आईजीआरएस पोर्टल की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाती है और उसी के आधार पर जनपद की रैंकिंग तय होती है। ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से उन विभागों पर नाराजगी जताई, जहां 70 प्रतिशत से अधिक शिकायतों पर असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुए हैं या जिन्हें डिफॉल्टर श्रेणी में दर्ज किया गया है। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार को निर्देशित किया कि ऐसे विभागों के अधिकारियों का अग्रिम आदेश तक वेतन रोका जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि बैठक में बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोका जाए और उनके विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी किया जाए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे शिकायतों का निस्तारण केवल समयसीमा में ही नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित करें, ताकि शिकायतकर्ता को वास्तविक समाधान मिल सके।

साइबर घोटाले | ऑनलाइन शेयर बाजार घोटाले का मास्टरमाइंड हरियाणा से गिरफ्तार

# ऑनलाइन ट्रेडिंग से 38.5 लाख रुपए की गई ठगी

- व्हाट्सएप के जरिए नकली ट्रेडिंग ऐप्स डाउनलोड कराए गए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन शेयर बाजार घोटाले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक वरिष्ठ नागरिक से धोखे से 38.5 लाख ठग लिए थे। गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान जतिन (25), पुत्र भूप सिंह, निवासी झज्जर, हरियाणा के रूप में हुई है। इस मामले में ई-एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 319 और 340 के तहत दर्ज हुई थी।शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप के जरिए नकली स्टॉक ट्रेडिंग एप्लिकेशन जैसे 'ब्लिंकएक्स', 'स्टैंडर्ड चार्टर्ड एलीट' और 'ब्लिंकएक्स मैक्स' डाउनलोड करने के लिए कहा गया। इसके बाद उन्हें नकली निवेश सलाह समूह में जोड़ा गया। वहां उन्हें 'आईपीओ फंडिंग' और 'लाभ निकासी' जैसे झूठे वादों के साथ निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कई किस्तों में अलग-अलग बैंक खातों में रुपए ट्रांसफर किए। जब उन्होंने पैसे वापस मांगने की कोशिश की, तो उन्हें गिरफ्तारी और मानहानि की झूठी धमकियां दी गईं। इसके बाद भी रुपए वसूले गए। जांच में पाया गया कि 12 मई से 18 मई के बीच आरोपी जतिन के यस बैंक खाते में शिकायतकर्ता से 19.55 लाख रुपए जमा कराए गए थे। पहले झज्जर में दो बार छापेमारी की गई। लेकिन, जतिन गिरफ्तारी से बच निकला। बाद में बहादुरगढ़, हरियाणा में उसकी मौजूदगी का पता चला। गुप्त निगरानी के बाद पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

ईडी की बड़ी कार्रवाई : गुरुग्राम और दिल्ली में फर्जी कॉल सेंटर पर डाली रेड

## 100 करोड़ की संपत्ति का खुलासा

**गुरुग्राम।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध कॉल सेंटर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत गुरुग्राम और नई दिल्ली में 7 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई पीएमएलए 2002 के तहत की गई ईडी ने यह जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर शुरू की, जिसमें बताया गया था कि कुछ अज्ञात आरोपी व्यक्तियों ने आपराधिक साजिश के तहत फर्जी कॉल सेंटर चलाकर अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाया। यह धोखाधड़ी नवंबर 2022 से अप्रैल 2024 के बीच दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों से की गई। इसी मामले को संज्ञान में लेने के बाद ईडी ने यह कार्रवाई शुरू की। जांच में सामने आया है कि आरोपी अर्जुन गुलाटी, दिव्यांश गोयल और अभिनव कालरा, नोएडा और गुरुग्राम में ऐसे कॉल सेंटर चला रहे थे। ये कॉल सेंटर तकनीकी सहायता देने का झांसा देकर अमेरिकी नागरिकों को फंसा रहे थे। इस घोटाले के जरिए आरोपियों ने करीब 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 125 करोड़ रुपये) की ठगी की है। ईडी की छापेमारी में कई अहम दस्तावेज और डिजिटल सबूत जब्त किए गए हैं। साथ ही, साइबर फ्रॉड में शामिल प्रमुख लोगों के बयान भी दर्ज किए गए, जिससे धोखाधड़ी के पूरे तरीके का खुलासा हुआ है।

# दीपावली, छठ पर घर जाने वालों को टिकट बुकिंग में परेशानी

- बदले नियमों के कारण वेटिंग टिकट पर यात्रा नहीं कर सकते
- दिल्ली , मुंबई जैसे शहरों में काम करने वाले उप्र , बिहार , झारखंड के लोग परेशान

-ब्यूरो



**नई दिल्ली।** बड़े शहरों में रहकर कुछ -कुछ काम , मजदूरी , रोजगार करके परिवार पाल रहे तमाम लोग गणेश उत्सव, दिवाली व छठ पर्व पर अपने गांव ,घर के लिए ट्रेनों में बुकिंग कराने लगे हैं। सबसे ज्यादा लोग बिहार ,उप्र,मप्र. झारखंड,छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के हैं। भीड़ के कारण हर साल की तरह इस वर्ष भी स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा हुई है। इसके बावजूद यात्रियों को आरक्षण कराने में बहुत दिक्कत हो रही है। ऐसे लोगों का कहना है कि बुकिंग करते समय सीटें होती हैं, लेकिन पेमेंट में समय लगता है।लेकिन जब टिकट सामने आता है तो आरएसी या वेटिंग लिस्ट में आता है। तत्काल बुकिंग के समय ऐसी परेशानी आना सामान्य है। लेकिन बाकि समय भी ऐसी दिक्कत आ रही है। आईआरसीटीसी का कहना है कि, त्योहारी सीजन के लिए टिकट बुकिंग शुरु हो गई है। ऐसे में लाखों लोग एक साथ टिकट बुकिंग करते है। इसी वजह से पेमेंट की प्रक्रिया में देरी होती है। भारतीय रेलवे के बदले हुए नियमों के चलते कोई भी यात्री वेटिंग टिकट पर यात्रा नहीं कर सकेगा। रेलवे ने स्लीपर में उपलब्ध सीटों का 40 व एसी में 60 प्रतिशत वेटिंग लिस्ट के टिकट जारी करने का नियम बनाया है। इसके अलावा एडवांस टिकट बुकिंग का समय भी 60 दिन कर दिए है। ऐसे में दिवाली व छठ पर घर जाने वाले लाखों लोग पहले ही टिकट बुकिंग करवा रहे है ताकि वक्त में कोई परेशानी नहीं हो। यात्रियों की शिकायत है कि बुकिंग खुलते समय सीटें दिखती हैं, लेकिन पेमेंट में समय लगने से वेटिंग टिकट हो जाती है। यात्रियों का कहना है कि, इस तरह की परेशानी हर साल होती है। लेकिन भारतीय रेलवे ऐसा कोई ठोस प्रबंध क्यों नहीं करता है, जिससे लोगों को त्योहारी सीजन में मारामारी करके सफर न करना पड़े। उप्र,बिहार के अलावा ज्यादा भीड़ वाले रूटों पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों की शुरू करने की घोषणा जरूर की है। लेकिन इनके टाइम टेबल आने के बाद ही इनकी बुकिंग शुरू होगी। तब तक हमें इंतजार करना पड़ेगा।इस मामले में रेलवे बोर्ड के अधिकारियों कहना है कि, रेलवे ने बीते साल के अनुभव के आधार पर अधिक ट्रेनों को चलाने का फैसला किया है। कहने को तो कहा जा रहा है कि यात्रियों की सुविधा के लिए इस बार 12,000 विशेष ट्रेनें चलाने की घोषणा की है, जो 2024 की 9,000 ट्रेनों से ज्यादा हैं।लेकिन अभी जो हालत है वह तो सबके सामने है।आईआरसीटीसी का कहना है कि त्योहार सीजन के लिए टिकट बुकिंग शुरु हो गई है। त्योहारों सीजन में लाखों लोग एक साथ टिकट बुकिंग करते है। इसी कारण पेमेंट की प्रक्रिया में देरी होती है।

व्लादिमीर पुतिन का दावा

# 'रूस की परमाणु पनडुब्बियों को विदेशी रडार ट्रैक नहीं कर सकते'

**मास्को (आईएएनएस)**

अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में इस समय कोई देश अपने आक्रामक तेवरों की वजह से सबसे ज्यादा चर्चा में है, तो वो रूस है। यूक्रेन के साथ लंबे समय से रूस की जंग को अमेरिका और यूरोप रोकने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन रूस ने इसके लिए अपनी शर्तें रखी हैं। रूस अपने अचूक हथियारों के लिए भी प्रसिद्ध है। यूक्रेन के साथ युद्धविराम की कोशिशों के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी परमाणु पनडुब्बियों को विदेशी रडारों से सुरक्षित बताया है।

व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि रूसी परमाणु पनडुब्बियां आर्कटिक की बर्फ के नीचे बिना किसी विदेशी रडार की जद में



आए चल सकती हैं। यह हमें औरों के मुकाबले ज्यादा सशक्त बनाता है।

मॉस्को के सरोव में न्यूक्लियर सेक्टर के कार्यकर्ताओं संग हुई बैठक में पुतिन ने दावा किया कि आर्कटिक क्षेत्र रूस की सिक्योरिटी के लिहाज से बेहद अहम है।

इस क्षेत्र में रिसर्च की जरूरत पर बल देते हुए पुतिन ने कहा कि आर्कटिक अनुसंधान बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि बर्फ पिघलने के कारण नौवहन मार्ग अधिक सुलभ होते जा रहे हैं। कई देश इन मार्गों का उपयोग करने में रुचि रखते हैं।

अपने वर्कर्स का उत्साह बढ़ाते हुए उन्होंने दावा किया कि जो परिस्थिति है उसे देखते हुए कह सकते हैं कि हम यहां फायदे में हैं।

रूस वर्तमान में एकमात्र ऐसा देश है जो परमाणु ऊर्जा से चलने वाले आइसब्रेकर बेड़े का संचालन कर रहा है। 2000 के दशक से, रूस ने आठ बोरेई-श्रेणी की परमाणु पनडुब्बियां बनाईं, जिनमें से सबसे हालिया पोत, क्यनाज पॉजर्स्की, पिछले साल लॉन्च किया गया था, जबकि दो निर्माणाधीन हैं।

पुतिन ने पिछले महीने कहा था कि पनडुब्बियां बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस हैं, जिनकी मारक क्षमता 8,000 किमी (4,970 मील) तक है। रूस और अमेरिका सहित कई देशों ने हाल के वर्षों में सुरक्षा और वैश्विक व्यापार के लिए आर्कटिक के महत्व पर प्रकाश डाला है।

## कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे को 26 अगस्त तक के लिए रिमांड पर भेजा



**कोलंबो (आईएएनएस)।** कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पूर्व श्रीलंकाई राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को 26 अगस्त तक के लिए रि मांड पर भेज दिया है। विक्रमसिंघे को सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप में आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने गिरफ्तार किया था। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। अदालत ने शुक्रवार रात यह फैसला तब लिया जब देश के अटॉर्नी जनरल विभाग के एक प्रतिनिधि ने सीआईडी की ओर से अदालत को बताया कि विक्रमसिंघे के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति अधिनियम के तहत सबूत पेश किए जाएंगे और अदालत से अनुरोध किया कि जांच पूरी न होने के कारण संदिग्ध को रिमांड पर लिया जाए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि फैसले के बाद विक्रमसिंघे को जेल के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## कठुआ बाढ़ हादसे में जेकेएनसी नेता के भाई की मौत

**जम्मू(आईएएनएस)।** जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) ने कठुआ जिले में शनिवार सुबह आई अचानक बाढ़ (फ्लैश फ्लड) में हुई मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस हादसे में कठुआ के जिला अध्यक्ष अजीत कुमार के भाई रवी कुमार की दुखद मृत्यु हो गई। पार्टी अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रवी कुमार के निधन पर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। दोनों नेताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कठुआ जिला अध्यक्ष अजीत कुमार के भाई रवि कुमार के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। रवि कुमार आज सुबह कठुआ में आई अचानक बाढ़ में मारे गए।" पोस्ट में आगे लिखा गया, "अपने शोक संदेश में नेताओं ने कहा कि उन्हें इस दुखद क्षति से गहरा दुःख हुआ है।

## पाकिस्तानी पत्रकार खालिद जमील की गिरफ्तारी, प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला : मानवाधिकार संगठन



**इस्लामाबाद(आईएएनएस)।** पाकिस्तान मानवाधिकार परिषद (एचआरसीपी) ने देश के प्रमुख पत्रकार खालिद जमील की गिरफ्तारी को 'प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला' बताया है। जमील को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। पाकिस्तान की जांच एजेंसी एफआईए के साइबर क्राइम सेल ने उन्हें इस्लामाबाद मीडिया टाउन स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उन्हें "आधिकारिक प्रक्रियाएं पूरी होने" के बाद हिरासत में लिया गया, हालांकि उन्होंने कोई और जानकारी नहीं दी। एचआरसी पाकिस्तान ने दावा किया, "पत्रकारों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार पाकिस्तान के संविधान और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार समझौतों द्वारा संरक्षित है। किसी भी पत्रकार को उसके विचारों या रिपोर्टिंग के लिए गिरफ्तार करना न केवल मौलिक मानवाधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता पर भी हमला है।"

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने वैज्ञानिकों से कहा

# हमारा अगला कदम गहन अंतरिक्ष अन्वेषण है, इसके लिए तैयार रहें

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अंतरिक्ष वैज्ञानिकों से मानवता के भविष्य को उज्ज्वल बनाने वाले रहस्यों को उजागर करने के लिए एक गहन अंतरिक्ष अन्वेषण मिशन की तैयारी करने को कहा।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर एक वीडियो संबोधन में, श्री मोदी ने घोषणा की कि भारत भविष्य के मिशनों के लिए अंतरिक्ष यात्रियों का एक समूह बनाने की तैयारी कर रहा है और उन्होंने युवाओं से इस समूह का हिस्सा बनने का आग्रह किया।



श्री मोदी ने कहा, "हम चाँद और मंगल तक पहुँच चुके हैं। अब हमें गहरे अंतरिक्ष में झाँकना है, जहाँ मानवता के भविष्य के लिए लाभकारी कई रहस्य छिपे हैं।"

प्रधानमंत्री ने देश भर से आए अंतरिक्ष वैज्ञानिकों, छात्रों और नीति निर्माताओं को संबोधित करते हुए कहा, "आकाशगंगाओं से परे हमारा क्षितिज है, अनंत ब्रह्मांड हमें बताता है कि कोई भी सीमा अंतिम नहीं है और अंतरिक्ष क्षेत्र में भी, नीति के स्तर पर, कोई अंतिम सीमा नहीं होनी चाहिए।"

उन्होंने कहा कि भारत विद्युत प्रणोदन और अर्ध-क्रायोजेनिक इंजन जैसी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में प्रगति कर रहा है।

उन्होंने कहा, ''आप वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत की बदौलत भारत जल्द ही गगनयान मिशन लॉन्च करेगा और अपना अंतरिक्ष स्टेशन भी बनाएगा।''

प्रधानमंत्री ने निजी क्षेत्र के उद्यमियों से यह भी पूछा कि क्या अगले पांच वर्षों में पांच स्टार्टअप यूनिकॉर्न बन सकते हैं।

उन्होंने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और इंजीनियरों से पूछा, "मैं चाहूंगा कि निजी क्षेत्र आगे आए... क्या हम उस बिंदु तक पहुंच सकते हैं जहां हम हर साल 50 रॉकेट लॉन्च कर सकें?"

## चमोली में बादल फटने से भारी तबाही, आईटीबीपी ने संभाला मोर्चा

**चमोली (आईएएनएस)।** उत्तराखंड के चमोली जिले के थराली तहसील क्षेत्र में अचानक बादल फटने से भारी तबाही मच गई। इस आपदा से कई मकान, दुकानें, तहसील परिसर और उपजिलाधिकारी (एसडीएम) का सरकारी आवास पानी और मलबे से भर गए। तेज बहाव और मलबे की चपेट में आने से इलाके का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, सगवाड़ा गांव में कम से कम दो लोग लापता हैं, जबकि एक अन्य के मलबे



में दबे होने की आशंका है। कई सड़कें बंद हो चुकी हैं, जिससे थराली और आसपास के गांवों से संपर्क टूट गया है और राहत पहुंचाना मुश्किल हो गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राहत अभियान शुरू किया। गोचर स्थित आठवीं बटालियन से एक प्लाटून बल सुबह 08:30 बजे रवाना हुआ और लगभग 10:30 बजे थराली पहुंच गया। मौके पर पहुंचते ही जवानों ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। आईटीबीपी की टीम ने प्रभावित गांवों में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और आवश्यक मदद पहुंचाने का कार्य किया।

# भारत के सबसे धनी मुख्यमंत्रियों की सूची में नायडू शीर्ष पर



- पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी हैं सबसे कम पैसे वाली

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार भारत के सबसे धनी मुख्यमंत्रियों की वार्षिक सूची में फिर से शीर्ष पर हैं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, जबकि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस सूची में सबसे नीचे हैं । रिपोर्ट में है कि नायडू की घोषित 931 करोड़ रुपये की संपत्ति का ज्यादा हिस्सा उनके परिवार की शुद्ध डेयरी खुदरा कंपनी हेरिटेज फूड्स लिमिटेड में हिस्सेदारी से आया है। इसे उन्होंने 33 साल पहले बिना किसी सरकारी सहायता के स्थापित किया था। एडीआर की रिपोर्ट मुख्यमंत्रियों के पिछले विधानसभा चुनाव से पहले दायर हलफनामों पर आधारित है। इस सूची में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सबसे नीचे हैं यानी सबसे कम पैसे या धन -संपदा वाली मुख्यमंत्री हैं , लेकिन किसी भी तानाशाह प्रवृति वाले ताकतवर नेता से बेधड़क बिना डरे भिड़ने में नंबर वन। एडीआर रिपोर्ट में बताया गया है कि नायडू के पास हेरिटेज फूड्स लिमिटेड में कोई शेयर नहीं है। लेकिन डेयरी कंपनी जिसकी स्थापना 1992 में मात्र 7,000 रुपये की प्रारंभिक पूंजी से हुई थी और यह 1994 में शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुई थी, में उनकी पत्नी भुवनेश्वरी नारा की बड़ी हिस्सेदारी है। उनके पास कंपनी में 24.37 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जिसे आंध्र के मुख्यमंत्री की संपत्ति में गिना जाता है। नारा परिवार के पास हेरिटेज फूड्स की कुल 41.3 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसका बाजार पूंजीकरण 1995 में मात्र 25 करोड़ रुपये से बढ़कर 4,381 करोड़ रुपये हो गया है (बीएसई पर बीते शुक्रवार 22 अगस्त 2025 को शेयरों के बंद भाव के आधार पर)। जून 2024 के दौरान बाजार पूंजीकरण अपने उच्चतम स्तर 6,755 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसमें जीवन भर की उच्चतम शेयरधारक संख्या 1,81,907 थी।

## प्रेस क्लब ऑफ इंडिया ने पत्रकारों पर दर्ज एफआईआर की निंदा की

'यह प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है'

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रेस क्लब ऑफ इंडिया ने वरिष्ठ पत्रकार अभिसार शर्मा के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर की निंदा करते हुए इसे प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताया है और इसकी तत्काल वापसी की मांग की है।22 अगस्त 2025 को जारी एक बयान में क्लब ने कहा कि इस मामले में शर्मा पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने "निर्वाचित सरकारों को बदनाम करने की दुर्भावनापूर्ण मंशा" से टिप्पणी की, साम्प्रदायिक भावनाएं भड़काईं और राष्ट्रीय अखंडता को खतरे में डाला। एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 के तहत राजद्रोह का प्रावधान लगाया गया है, साथ ही धारा 196 और 197 के तहत वैमनस्य फैलाने और राष्ट्रीय एकता के खिलाफ आरोप लगाने से संबंधित धाराएं भी शामिल की गई हैं।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष गौतम लहरी और महासचिव नीरज ठाकुर द्वारा हस्ताक्षरित इस बयान में उल्लेख किया गया कि असम पुलिस की यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने द वायर के संपादकों सिद्धार्थ वरदराजन और करन थापर को इसी तरह के एक मामले में धारा 152 के तहत गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा प्रदान की थी। क्लब ने कहा, "यह आश्चर्यजनक है कि असम पुलिस ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इसी तरह के मामले में दिए गए निर्देशों को संज्ञान में नहीं लिया यह कार्रवाई असहिष्णुता और प्रेस स्वतंत्रता के प्रति बेहद कम सम्मान को दर्शाती है।" प्रेस क्लब ने इस महीने की एक और घटना की ओर भी ध्यान आकर्षित किया जिसमें वरिष्ठ पत्रकार और एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के सचिव रूबेन बनर्जी शामिल थे। उनका ओड़िया भाषा का यूट्यूब चैनल 'म्यू रूबेन काहुच्ची' बिना पूर्व सूचना के हटा दिया गया।

प्लेटफॉर्म ने "सर्कम्वेंशन पॉलिसी" उल्लंघन का हवाला दिया, लेकिन रूबेन बनर्जी और उनके वकीलों की सभी अपीलों को बिना कोई स्पष्टीकरण दिए खारिज कर दिया।इन दोनों मामलों को "असहिष्णुता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमले के स्पष्ट उदाहरण" बताते हुए प्रेस क्लब ने मीडिया संगठनों से एकजुट होकर विरोध दर्ज कराने और भारत में प्रेस स्वतंत्रता की रक्षा के संघर्ष को जारी रखने की अपील की है।






# बिग बॉस 12 फेम सबा खान ने जोधपुर में बिजनेसमैन वसीम नवाब से शादी की




बिग बॉस 12 फेम सबा खान ने अपनी ज़िंदगी के एक नए अध्याय की शुरुआत की है। अभिनेत्री ने हाल ही में जोधपुर में एक निजी समारोह में शादी की। सबा खान ने जोधपुर के बिज़नेसमैन वसीम नवाब से शादी की, जो एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत वाले नवाब परिवार से ताल्लुक रखते हैं। बिग बॉस 12 फेम सबा खान ने अपनी ज़िंदगी के एक नए अध्याय की शुरुआत की है। अभिनेत्री ने हाल ही में जोधपुर में एक निजी समारोह में शादी की। सबा खान ने जोधपुर के बिज़नेसमैन वसीम नवाब से शादी की, जो एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत वाले नवाब परिवार से ताल्लुक रखते हैं। शादी एक बेहद निजी समारोह था, जिसमें केवल परिवार के सदस्य और करीबी लोग ही शामिल हुए। उनकी बहन सोमी खान, जो बिग बॉस 12 का हिस्सा भी थीं, इस साल की शुरुआत में आदिल खान से शादी करके सुर्खियों में आई थीं। सबा खान ने अपने खास दिन की झलकियाँ अपने प्रशंसकों के साथ इंस्टाग्राम पर साझा कीं।

अभिनेत्री फलक नाज़ ने कमेंट किया, "माशाअल्लाह बहुत बहुत मुबारक सबा अल्लाह खूब खुशियाँ दिखाए तुम्हें।" सबा की बहन सोमी खान ने लिखा, "मेरी खूबसूरत दुल्हन। आपको दुनिया की सारी खुशियाँ हमेशा मिलें और जीजू, परिवार में आपका आधिकारिक तौर पर स्वागत है। आप दोनों एक-दूसरे के लिए बने हैं।"

## स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025 में चैंबर की रही सहभागिता




**रांची।** सरला बिरला विवि में आयोजित स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025 में झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में शामिल हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदर्शनी का भ्रमण किया और विभिन्न स्टॉल्स की सराहना की। एक्सपो में स्किल डेवलपमेंट, कृषि, विज्ञान, हैंडलूम, लाह, टूरिज्म और हेल्थ जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही झारखंड की खनिज संपदा की भी आकर्षक झलक प्रस्तुत की गई, जिसकी सराहना प्रतिनिधिमंडल ने की। चैंबर अध्यक्ष ने कहा कि यह एक्सपो न केवल इनोवेशन और स्किल डेवलपमेंट को प्रोत्साहित करता है बल्कि झारखण्ड की विविध पहचान और संभावनाओं को भी राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करता है। व्यापार और उद्योग के प्रोत्साहन हेतु किये जानेवाले ऐसे आयोजनों का चैंबर सदैव समर्थन करता है। प्रतिनिधिमंडल में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, कार्यकारिणी सदस्य अमित शर्मा और राम बांगड़ शामिल थे।

## दिवंगत अंचलाधिकारी को डीसी ने दी श्रद्धांजलि



**रांची।** उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री ने शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट में झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी कांके के पूर्व अंचलाधिकारी, दिवंगत जयकुमार राम को पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन इस दुखद समय में आपके साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और आपको व आपके शोकाकुल परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति दें।

### शिक्षक की आय से काटा टैक्स ठेकेदारी मद में

# हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद विभाग की लापरवाही जारी

- **पीड़ित शिक्षक 89(1) राहत और रिफंड से वंचित**

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची/गुमला।** सरकारी शिक्षक लालकायरियुस मिंज को विभाग ने अपनी ही आय के रिकॉर्ड में ठेकेदार बना दिया। मामला लुथेरान मध्य विद्यालय का है, जहां शिक्षक के वेतन से काटा गया आयकर धारा 194सी अर्थात ठेकेदारी मद में दर्ज कर दिया गया। जबकि विभागीय फॉर्म 16 में पूरी आय स्पष्ट रूप से धारा 192 सैलरी मद में अंकित है। यह कोई साधारण गलती नहीं, बल्कि विभागीय लापरवाही और संभावित संदिग्ध प्रवृत्ति की ओर इशारा करती है।

**टीडीएस प्रविष्टि की अदृश्यता**

फरवरी 2025 में हाईकोर्ट के आदेश के बाद शिक्षक को कुल 82.91 लाख रुपये का वेतन भुगतान हुआ। जिसमें 22.41 लाख रुपये टीडीएस कटौती की गई। लेकिन टीडीएस राशि लगभग छह महीने तक पोर्टल पर अदृश्य रही। 14 जुलाई और 19 अगस्त को दो-दो आवेदन देने के बाद प्रविष्टि तो हुई पर गलत धारा में। इस वजह से शिक्षक धारा 89(1) और फॉर्म 10ई के तहत वेतन एरियर पर राहत नहीं ले पा रहे। परिणामस्वरूप, आयकर रिटर्न दाखिल करने और रिफंड क्लेम का वैधानिक अवसर हाथ से निकल रहा है। पीड़ित शिक्षक का कहना है कि विभागीय लापरवाही ने मुझे जानबूझकर आर्थिक नुकसान पहुँचाया है। यह केवल गलती नहीं, बल्कि गंभीर वित्तीय चूक और संदिग्ध रवैया है।

**बिचौलियों के हवाले सरकारी कामकाज?**

विभाग के प्रधान लिपिक रंजीत ने शिक्षक को मौखिक रूप से कहा कि राँची जाकर पंकज झा से मिलिए, तभी काम होगा। बिना किसी लिखित आदेश या दस्तावेज के यह निर्देश उठाता है गंभीर सवाल कि क्या सरकारी कामकाज अब निजी मुलाकातों और बिचौलियों के इशारे पर चल रहा है?

**उच्चाधिकारियों तक पहुंची शिकायत**

शिक्षक ने गुमला के उपायुक्त और प्रधान महालेखाकार (लेखा व हकदारी), झारखंड को आवेदन भेजकर स्पष्ट मांग की है कि गलत प्रविष्टि सुधारकर टीडीएस को धारा 192 (सैलरी) में दर्ज किया जाए। साथ ही संशोधित फॉर्म 16 जारी करने के अलावा इस संदिग्ध कार्रवाई की विभागीय जांच और कार्रवाई की जाए। परेशान शिक्षक ने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो मामला आयकर विभाग सीपीसी बेंगलुरु और उच्च न्यायालय तक जाएगा।

**शिक्षा तंत्र पर प्रश्नचिन्ह**

यह मामला केवल शिक्षक की व्यक्तिगत समस्या नहीं है। शिक्षक जो नौनिहालों के भविष्य को सँवारते हैं, वही विभागीय त्रुटि और संदिग्ध रवैये के कारण आर्थिक और मानसिक उत्पीड़न झेलें, तो शिक्षा की साख और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### प्रस्तावित रिम्स-2 के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू

**रांची।** कांके अंचल अंतर्गत मौजा नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स-2 के सीमांकन एवं फेंसिंग कार्य पूर्ण हो चुका है। इस दौरान यह देखा गया कि उक्त स्थल पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो रही है तथा कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा फेंसिंग के अंदर प्रवेश का प्रयास एवं विधि-व्यवस्था भंग करने की आशंका बनी हुई है। शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर ने बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए कांके अंचल अंतर्गत मौजा नगड़ी स्थित प्रस्तावित रिम्स-2 के 200 मीटर परिधि में निषेधाज्ञा लागू की गई है। यह निषेधाज्ञा सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों पर लागू नहीं है।

### पश्चिम बंगाल के राज्यपाल से मिले संजय सेठ



**रांची।** कोलकाता राजभवन में शनिवार को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शिष्टाचार मुलाकात किया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने एक किताब की प्रति भी भेंट किया। राज्यपाल ने अवलोकन के पश्चात परिवार की जरूरत वाली इस पुस्तिका की सराहना की। वहीं कोलकाता प्रवास के क्रम विजय दुर्ग स्थित विजय स्मारक पर राष्ट्र के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शूरवीरों को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने श्रद्धांजलि अर्पित कर, उन्हें कृतज्ञ प्रणाम अर्पित किया। इस दौरान कमांडर-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी के साथ बहादुर जवानों से भी मिला। राष्ट्रसेवा में उनके समर्पण की सराहना करते हुए, उनका उत्साहवर्द्धन किया।

### नगर निगम ने नियम तोड़कर बने भवन पर की बड़ी कार्रवाई, बिल्डिंग सील

**रांची।** रांची नगर निगम ने आज हेसल हाउसिंग कॉलोनी (वार्ड-26) में चल रहे एक अवैध निर्माण पर बड़ी कार्रवाई की है। निगम की टीम ने ह्यश्री गोयल टावर नाम से बन रही बिल्डिंग को सील कर दिया है। इस प्लॉट के लिए पहले जो भवन प्लान पास हुआ था, उसकी समय-सीमा 19 जनवरी 2025 को ही खत्म हो चुकी थी। इसके बावजूद बिल्डर ने बिना नए परमिशन और बिना प्लान री-वैलिडेशन कराए ही निर्माण जारी रखा। जांच में यह भी पाया गया कि स्वीकृत प्लान से अलग तरीके से बिल्डिंग बनाई जा रही थी।

### सदर अस्पताल में समन्वय बैठक का आयोजन

## अस्वस्थ बच्चों का स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत समन्वय बैठक का आयोजन सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में डीआरसीएचओ डॉ असीम कुमार मांझी, रांची जिला अंतर्गत सभी प्रखंड से संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार, सोफिया कुजूर, डॉ.खुशबु तिर्की, जिला परामर्शी, फ्लूरोसीस, सरफराज अहमद,सोशल वर्कर, समेत अन्य स्वस्थकर्मी व कर्मचारी शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्र एवं सभी सरकारी विद्यालयों में बच्चों का स्वास्थ्य जांच करना एवं भ्रमण में पाए जाने वाले अस्वस्थ बच्चों का अनुश्रवण करना एवं उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधा हेतु संबंधित स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना ताकि उनका स्वास्थ्य बेहतर हो सके।

बता दे की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम सरकार का एक प्रभावशाली व महत्वकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य आंगनबाड़ी एवं विद्यालय में अध्यनरत सभी बच्चों का स्वास्थ्य जांच कर स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्रदान करना है साथ ही दिव्यांगता को रोकना है।

रांची जिला में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 48 डॉक्टर कार्यरत हैं जो सभी सरकारी विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते हैं एवं संबंधित स्वास्थ्य सुविधा पहुंचने में सहायता करते हैं।

### चाइल्ड साइकोलॉजी एंड कम्युनिकेशन विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन

# पूछताछ करते समय क्यों जैसे प्रश्नों से बचना चाहिए : डॉ मधुमिता

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** रांची पुलिस विभाग एवं यूनिसेफ के सहयोग से तथा सेंटर फॉर चाइल्ड राइट्स (सीसीआर), नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल) के तकनीकी सहयोग से चाइल्ड साइकोलॉजी एंड कम्युनिकेशन विषय पर सीडब्ल्यूपीओ (बाल कल्याण पुलिस अधिकारी) चरण-कक प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण यूसी झा हॉल, न्यू पुलिस सेंटर, रांची में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत नरेंद्र शर्मा (सीसीआर, एनयूएसआरएल) ने प्रशिक्षण की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों तथा प्रतिभागियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत केवी रमन, नगर पुलिस उपाधीक्षक-सह -नोडल पदाधिकारी, एसजेपीयू ने बाल अधिकारों की सुरक्षा हेतु गोपनीयता, सम्मान, गैर-भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण और सहयोगी वातावरण जैसे सिद्धांतों को हमेशा ध्यान में रखे जाने पर बल देते हुए उन्होंने सभी बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारियों को बाल मनोविज्ञान को समझने और उसी अनुरूप बच्चों से व्यवहार करने पर जोर दिया।

प्रमुख सत्र का संचालन डा. मधुमिता भट्टाचार्य ने किया। उन्होंने बाल मनोविज्ञान को समझने, बच्चों से व्यवहार करने की सही पद्धति, भावनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा बाल अपराध से जुड़े मामलों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार बच्चों का व्यवहार परिस्थितियों के अनुसार बदलता है। इस दौरान पोक्सो पीड़ित बच्चों से आयु-उपयुक्त प्रश्न पूछने और संवाद के लिए सही तकनीकों को प्रस्तुत किया गया। सत्र में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों से बातचीत के उपयुक्त प्रश्नों के उदाहरण साझा किए गए। डॉ. भट्टाचार्य ने जोर देकर कहा कि पूछताछ करते समय क्यों जैसे प्रश्नों से बचना चाहिए, क्योंकि इससे बच्चे को दोषी महसूस कराया जा सकता है। इसके स्थान पर तटस्थ प्रश्न और बाल-मित्रवत भाषा का प्रयोग आवश्यक है। अभ्यासात्मक गतिविधियों के दौरान अधिकारियों को ड्रॉइंग एक्सरसाइज तथा एम्पैथी सर्कल जैसी तकनीकों से संवेदनशीलता का अनुभव कराया गया। प्रतिभागियों ने स्वयं अपने बचपन की स्मृतियाँ साझा कीं, जिससे यह समझ विकसित हुई कि बच्चों की स्थिति और मनोभावना को समझना क्यों आवश्यक है।

## पृष्ठ एक के शेष

**खरसावां में 5 साल की बच्ची की...**

परिवार के सभी सदस्य मलबे में दब गए। मुन्ना की सबसे छोटी बेटी मां के साथ सोयी थी। जैसे ही घर गिरा, उसकी पत्नी अपनी छोटी बेटी को अपने सीने से लगा लिया। उसे कोई चोट नहीं आई। उसकी दूसरी बेटी बाजाय बोदरा की मलबे में दबाने से मौत हो गई। मुन्ना की कमर में और उसकी पत्नी को भी गंभीर चोटें आई हैं। घर गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े। एंबुलेंस बुलाकर सभी को सरायकेला सदर अस्पताल भिजवाया। **खूंटी में लगातार बारिश से नदियां उफान पर :** खूंटी जिले में लगातार बारिश के बाद जिले में नदियां उफान पर हैं। रांची-खूंटी मार्ग पर तजना नदी अपने रौद्र रूप में नजर आ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इससे पहले तजना नदी का यह रूप कभी नहीं देखा गया था। नदी का जलस्तर पुल तक पहुंच गया है। नदी के किनारे स्थित तजना मुक्ति धाम डूब गया है। नदी का यह रूप देखकर लोग यहां रुक-रुककर वीडियो बना रहे हैं।

**तिलैया डैम का भी फाटक खोला :** कोडरमा जिले के तिलैया डैम के पांच फाटक भी खोल दिए गए हैं। प्रशासन ने बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, हजारीबाग और कोडरमा जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में भारी बारिश के कारण बाढ़ और जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है।

**भारी बारिश से आम...**

भीमबराज में एक लाख क्यूसेक पानी आने की संभावना है। इसे देखते हुए स्थिति को अलर्ट मोड में रखा गया हैं। भीमबराज से मुख्य नहर का जलप्रवाह शून्य कर दिया गया है। जबकि नदी में फिलहाल 70 हजार क्यूसेक जलप्रवाहित हो रहा है। जो लगातार बढ़ रहा है। जलप्रवाह के डेढ लाख क्यूसेक तक बढ़ने की संभावना को देखते 40 में 38 गेट खोले जा सकते हैं। अभी 18 गेट खोल दिए गए हैं।

**रांची से 68.50 लाख के नकली नोट...**

रातू रोड स्थित न्यू मार्केट चौक के पास सुलभ शौचालय के करीब चंद्रलोक बस आई। सारे पैसेंजर उतर गए, उसके कुछ देर बाद उसी जगह एक सफेद रंग की हुंदई कार आकर रुकी। बस से 3 कार्टून निकालकर हुंदई कार में रखी। कार में जैसे ही तीनों बंडल रखे गए, छापामारी दल ने कार सवार को रोककर कार्टून की चेकिंग की। पाया कि उसमें 500-500 रुपए के नकली नोटों के बंडल हैं। एक कार्टून में 42 बंडल थे। इनमें से 20 बंडल में 300 नोट रखे थे। 22 बंडल में 350 नोट रखे थे। इस तरह 3 कार्टून में कुल 68,50,000 रुपए नकली नोट रखे थे। इसकी डिलीवरी लेने आये मो साबिर और साहिल कुमार को हिरासत में लेकर पुलिस ने उनसे पूछताछ शुरू की। पूछताछ में पुलिस को मालूम हुआ कि यह एक संगठित आपराधिक गिरोह है, जिसका संचालन दिल्ली का नीरज कुमार चौधरी करता है। वह फोन पर लोगों को निर्देश देता है। साहिल और साबिर ने बताया कि नोटों के बंडल में ऊपर और नीचे 1-1 असली नोट रखा जाता है, बाकी के नोट नकली रहते हैं। इसके बदले ग्राहकों से 40 से 50 हजार रुपए लिये जाते हैं। जाली नोट के कारोबार में उन्हें 20 से 30 प्रतिशत कमीशन मिलता है। गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

**अजरबैजान से प्रत्यर्पित कर झारखंड...**

उसे कोर्ट में पेश किया गया। उस पर रंगदारी मांगने का मामला दर्ज है।

**राजस्थान का रहने वाला है गैंगस्टर :** मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा मूल रूप से राजस्थान के नयी मंडी थाना क्षेत्र जीडीएस पुरानी मंडी घड़ासाहन का रहने वाला है। पुलिस को कई मामलों में उसकी तलाश थी। उस पर 50 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ झारखंड ही नहीं, राजस्थान और पंजाब में भी कई क्रिमिनल केस दर्ज हैं। गैंगस्टर को अजरबेजान के दातू में गिरफ्तार किया गया था। उसकी गिरफ्तारी अक्टूबर 2024 में हुई। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू का वह करीबी रहा है। उसके संबंध इंटरनेशनल क्रिमिनल लॉरेंस बिश्नोई से भी रहे हैं। ये लोग ऑपरेशन को अंजाम देने में एक-दूसरे की मदद करते रहे हैं। अमन साहू को पिछले दिनों झारखंड पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया था। रामगढ़ कोर्ट में पेशी से पहले अजरबेजान से प्रत्यर्पण के बाद झारखंड आतंकवाद निरोधी दस्ता गैंगस्टर मयंक सिंह को शनिवार सुबह रांची वापस लाया गया। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ कुमार झा के नेतृत्व में एटीएस के दल ने दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के अनुसार औपचारिकताएं पूरी कीं और फिर सिंह उर्फ सुनील मीणा को वापस लाने के लिए आजरबेजान का दौरा किया।

**दो राज्यों में केस हुआ दर्ज, बयान पर...**

इसी बीच, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर एक ह्यआपत्तिजनकह्ण पोस्ट किया। इस घटना के बाद, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में तेजस्वी यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। गढ़चिरौली से भाजपा विधायक मिलिंद नरोटे द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री के खिलाफ यह प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि यादव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 (विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य बढ़ाना), 356 (मानहानि), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) और 353 (सार्वजनिक रूप से अशांति फैलाने वाले बयान) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## पार्टी की मजबूती के लिए जुट जाएं आजसू कार्यकर्ता: सुदेश महतो




**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक कार्यों की प्रगति, भविष्य की योजनाओं तथा विभिन्न जिलों की गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा हुई। आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि झामुमो झकांग्रेस गठबंधन जनता की आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाया है। जनता को आजसू से उम्मीद है। पंचायत एवं ग्राम स्तर पर संगठन की मजबूती के लिए सभी नेताझकार्यकर्ता जुट जाएं। श्री महतो ने कहा कि आज झारखंड में नवीन राजनीतिक चेतना को जागृत करने की आवश्यकता है। आज झारखंड का आम जनमानस झारखंडी अस्मिता की तलाश कर रहा है।

### पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने वित्त मंत्री को लिखा पत्र

## व्यवसायियों के लिए सिंगल कम्प्लायंस पोर्टल शुरू करने का किया आग्रह

**नवीन मेल संवददाता**



**रांची।** पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर आयकर, जीएसटी और आरओसी से जुड़े सभी वैधानिक कम्प्लायंस के लिए सिंगल कम्प्लायंस पोर्टल शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में व्यवसायियों को इनकम टैक्स, जीएसटी और आरओसी के लिए अलग-अलग ऑनलाइन पोर्टल पर एक ही डेटा बार-बार दर्ज करना पड़ता है। इससे न केवल कम्प्लायंस लागत बढ़ती है, बल्कि सीए, कंपनी सेक्रेटरी और जीएसटी सलाहकार जैसे कई प्रोफेशनल्स को अलग-अलग काम सौंपना पड़ता है। इस दोहराव की वजह से त्रुटियों, विसंगतियों और दंड की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। श्री पोद्दार ने जोर देकर कहा कि एक यूनिफाइड पोर्टल बनने से व्यवसायियों को सभी वैधानिक फाइलिंग एक ही जगह करनी होगी। इससे कम्प्लायंस की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और त्रुटि-रहित बनेगी, समय, मेहनत और खर्च तीनों की बड़ी बचत होगी तथा व्यवसायी अपनी फाइलिंग और कपलयांस स्थिति पर नजर रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि जब देश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की ओर तेजी से बढ़ रहा है, तब यह कदम उद्योग और व्यापार जगत को बड़ी राहत देगा। इससे अनुपालन का बोझ कम होगा, पारदर्शिता बढ़ेगी और व्यापारिक गतिविधियों में गति आएगी। श्री पोद्दार ने कहा कि तीन अलग-अलग पोर्टल के बोझ से व्यवसायों को मुक्त कर एक सिंगल कम्प्लायंस पोर्टल शुरू करना देश में स्टेटूटोरी कम्प्लायंस को सरल बनाने और आर्थिक विकास को गति देने की दिशा में ऐतिहासिक पहल होगी।

### पुलिस के साथ समन्वय बनाकर नशा पर रोकथाम जरुरी : न्यायायुक्त

**रांची।** न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर की देखरेख में नालसा द्वारा संचालित योजना -डॉन पर मीटिंग हॉल, व्यवहार न्यायालय में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1, डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर, एसडीओ, डीएसपी कोतवाली प्रकाश सोय, ईटकी ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर, सन्नी कुमार बाखला, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, डीसीपीओ के वेद प्रकाश तिवारी, डीएसपी सिटी रांची, केवी रमण, डीएसडब्ल्यूओ के एम.एस. सुरभी सिंह, डीआरसीएचडी डॉ असीम कुमार मांझी, साईकियाट्रिस्ट रिनपास, डॉ. मशरूर जहान, ड्रग कन्ट्रोलिंग ऑफिसर रांची, पैनल अधिवक्ता, शारदा देवी, सम्पा दास एवं अन्य उपस्थित थे।

### स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025 का हुआ समापन

# बाबूलाल ने युवाओं को दिलाया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** परिचित फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025 का तीसरे और अंतिम दिन शनिवार को सरला बिरला यूनिवर्सिटी के कला मंडपम हॉल में एक भव्य और अविस्मरणीय समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। तीन दिवसीय इस आयोजन में राज्य के 49 स्कूल, 26 यूनिवर्सिटियों और विभिन्न संस्थानों से आए हजारों छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों और उद्यमियों की जोशपूर्ण भागीदारी ने इसे ऐतिहासिक बना दिया। लगभग 15,000 से अधिक लोगों की उपस्थिति ने एक्सपो को राज्य के सबसे बड़े युवा-आधारित आयोजनों में से एक बना दिया। कार्यक्रम का संयोजन राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा के संयोजन में किया गया।

समापन समारोह के मुख्य आकर्षण भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी थे। मौके पर उन्होंने कहा कि स्वर्णिम भारत एक्सपो ने युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा को राष्ट्रीय मंच प्रदान किया है। इस तरह के आयोजनों से न केवल युवाओं को अवसर मिलता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में ठोस कदम भी बढ़ते हैं। झारखंड जैसे राज्य में इस स्तर का आयोजन होना गर्व की बात है। आने वाले समय में इसे और बड़े पैमाने पर आयोजित किया जाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक युवा इसमें भाग लेकर अपने नवाचार और संकल्प को सामने ला सकें।

साथ ही श्री मरांडी ने युवाओं को 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्रधानमंत्री जी के साथ कदम से कदम मिला कर प्राप्त करने का संकल्प दिलाया। श्री मरांडी ने युवाओं से सीधे संवाद करते हुए कहा कि भारत का भविष्य उनके हाथों में है और जब युवा सपनों को मेहनत और ईमानदारी से जोड़ते हैं, तो देश की दिशा और दशा बदल जाती है। उनके इन शब्दों ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद हर युवा में नई ऊर्जा और राष्ट्र-निर्माण का संकल्प जागृत किया।

राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि इस एक्सपो में हजारों युवाओं की भागीदारी ने यह साबित कर दिया है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है। यहां प्रदर्शित नवाचार, तकनीकी विकास और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ प्रेरणा का स्रोत हैं। यह आयोजन झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणादायी है।

राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि उन्होंने इतने बड़े स्तर पर युवाओं और संस्थानों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया। एक्सपो में लगे आकर्षक स्टॉल और प्रस्तुतियाँ इस बात का प्रमाण हैं कि हमारे युवा नई सोच और शोध से भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जाने के लिए तैयार हैं।

# एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत ने जीता स्वर्ण



**नई दिल्ली।** 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। रोमांचक फाइनल में अर्जुन बाबूता और इलावेनिल वालारिवन की जोड़ी ने चीन की डिंगके लू और शिनलू पेंग को 17-11 से हराया। यह जीत शुरुआती राउंड में पिछड़ने के बाद मिली। शुरुआत में 9.5 और 10.1 के स्कोर के साथ, भारतीय जोड़ी अनिश्चित दिख रही थी, लेकिन उन्होंने संयम बनाए रखा और बाद के चरणों में सटीक निशानेबाजी का बेजोड़ प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। इलावेनिल वालारिवन के लिए चैंपियनशिप का दूसरा स्वर्ण पदक था। उन्होंने शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता था। उस प्रतियोगिता में, उन्होंने 253.6 अंक हासिल किए और चीन की पेंग शिनलू (253.0) और कोरिया की क्वोन यूंजी (231.2) को मामूली अंतर से पछाड़ते हुए पहली बार महाद्वीपीय चैंपियन बनीं। इलावेनिल ने टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इस टूर्नामेंट में भी उन्होंने दबाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई है, जिससे एशिया की प्रमुख निशानेबाजों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई है। श्यामकेंट में भारत का दबदबा इलावेनिल और बाबूता तक ही सीमित नहीं है। इससे पहले चैंपियनशिप में, अर्जुन बाबूता, रुद्राक्ष पाटिल और किरण जाधव की पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम ने टीम स्वर्ण पदक जीता था। इस बीच महिला टीम प्रतियोगिता में इलावेनिल ने मेहुली घोष और अनन्या नायडू के साथ मिलकर कांस्य पदक हासिल किया। मेहुली घोष ने महिलाओं की व्यक्तिगत 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में भी भाग लिया और चौथे स्थान पर रहीं। भारत 21 स्वर्ण, 8 रजत और 10 कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है। चीन 9 स्वर्ण और कुल 19 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

## हर गली हर मैदान, खेले सारा हिन्दुस्तान अभियान की शुरुआत 29 से



**रांची।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा फिट इंडिया मिशन के आह्वान पर भारतीय जिम्नास्टिक महासंघ के निर्देश पर आगामी राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 को झारखंड जिम्नास्टिक संघ पूरे राज्य में विविध आयोजनों के साथ मनाएगा। यह विशेष उत्सव 29 से 31 अगस्त 2025 तक चलेगा और इसका प्रमुख संदेश रहेगा – "हर गली हर मैदान, खेले सारा हिन्दुस्तान।" विदित हो कि राष्ट्रीय खेल दिवस प्रतिवर्ष 29 अगस्त को हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। यह दिवस न केवल भारत की गौरवशाली खेल प रंपरा का उत्सव है बल्कि यह उन खिलाड़ियों को भी श्रद्धांजलि है जिन्होंने देश का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। इस वर्ष का राष्ट्रीय खेल दिवस भारत की ओलंपिक भावना तथा खेलों के मूल्यों – उत्कृष्टता, मित्रता और सम्मान – को समर्पित है।

## ऑल-एज ग्रुप एरोबिक जिम्नास्टिक्स नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन आठ सितंबर से

**रांची।** ऑल-एज ग्रुप एरोबिक जिम्नास्टिक्स नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन जिम्नास्टिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता कोच्चि, एर्नाकुलम, केरल में 8 से 10 सितम्बर 2025 तक आयोजित होगी। सभी सम्बद्ध इकाइयों को इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इसी संदर्भ में, झारखंड टीम की सबजूनियर टीम के गठन हेतु तीन खिलाड़ियों का चयन किया जाना है, उन खिलाड़ियों के चयन हेतु चयन ट्रायल का आयोजन निम्नानुसार किया जा रहा है।

## हॉकी एशिया कप के लिए मलेशिया की टीम पहुंची राजगीर

**राजगीर।** एशिया कप हॉकी 2025 की शुरुआत 29 सितंबर से बिहार के नालंदा जिले के राजगीर में हो रही है। इस टूर्नामेंट के लिए सबसे पहले मलेशिया की टीम भारत पहुंची है। टीम शनिवार को राजधानी पटना पहुंची। कप्तान मरहान जलील ने कहा कि हम खिताब जीतने के इरादे से यहां आए हैं। मलेशिया के कप्तान मरहान जलील ने कहा, "राजगीर में आना बेहद रोमांचक है। हम एक अच्छे टूर्नामेंट की उम्मीद कर रहे हैं और हमने अच्छी तैयारी की है। मेजबान भारत को हराना मुश्किल होगा क्योंकि उन्होंने प्रो लीग में कई शीर्ष टीमों के साथ खेला है और उनके पास अंतरराष्ट्रीय हॉकी का पर्याप्त अनुभव और अनुभव है।" जलील ने कहा, "हमारी नजर कोरिया पर भी रहेगी। हमने इस साल की शुरुआत में उनके साथ खेला था और वे काफी आक्रामक दिखे हैं।

## बेनतीजा रहा नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स-ईस्ट दिल्ली राइडर्स का मैच

**नई दिल्ली।** नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स और ईस्ट दिल्ली राइडर्स के बीच दिल्ली प्रीमियर लीग 2025 (डीपीएल) का 31वां मुकाबला बारिश के चलते बेनतीजा रहा। मुकाबले में टॉस जीतकर ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। टीम ने प्लेइंग इलेवन में अर्पित राणा, हार्दिक शर्मा, अनुज रावत (विकेटकीपर/कप्तान), मयंक रावत, वैभव बैसला, रोहन राठी, रौनक वाघेला, नवदीप सैनी, रोहित यादव, अजय अहलावत और आशीष मीणा को शामिल किया। वहीं, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने प्लेइंग इलेवन में सार्थक रंजन के अलावा गगन वत्स, अर्णव बग्गा, वैभव कांडपाल, प्रणव राजुवंशी (विकेटकीपर), हर्षित राणा (कप्तान), अर्जुन राप्रिया, विकास दीक्षित, सिद्धांत बंसल, नूर इलाही और कुलदीप यादव को मौका दिया। सार्थक रंजन और अर्णव बग्गा बतौर सलामी बल्लेबाज मैदान पर उतरे।

### राघवी बिष्ट और शेफाली वर्मा का अर्धशतक

# भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया पर 254 रनों की



**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ चल रहे एकमात्र चार दिवसीय टेस्ट में भारत ए महिला क्रिकेट टीम मजबूत स्थिति में पहुंच गई है। तीसरे दिन की समाप्ति तक भारतीय टीम की कुल बढ़त 254 रनों की हो गई है। इसमें राघवी बिष्ट और शेफाली वर्मा के अर्धशतकों की अहम भूमिका रही। पहली पारी में शानदार 93 रन बनाने वाली राघवी बिष्ट ने दूसरी पारी में भी 86 रन की पारी खेली। वहीं, शेफाली वर्मा ने 52 रनों की पारी खेली। इन दोनों की पारियों के दम पर तीसरे दिन की समाप्ति तक भारत ने 8 विकेट पर 260 रन बनाकर अपनी लीड 254 रन की कर ली। खेल समाप्त होने के समय जोशिता 9 और तितास साधु 2 रन पर नाबाद थीं। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 299 रन बनाए थे। शेफाली वर्मा ने 35, राघवी बिष्ट ने 93, राधा यादव ने 33, जोशिता ने 51, मिन्नू मणि ने 28 और तितास साधु ने 23 रन बनाए थे। ब्राउन, जॉर्जिया ने 3-3 जबकि सियाना जिंजर, लिली मिल्स, एमी एडगर और एला हेवार्ड ने 1-1 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने सियाना जिंजर के 103 रन और निकोल फाल्टम के 54 रन की मदद से पहली पारी में 305 रन बनाकर भारत पर 6 रन की मामूली बढ़त ली थी। भारत की तरफ से तितास साधु, जोशिता और तनु श्री ने 1-1 विकेट लिए, सायम ठाकोर ने 3, राधा यादव और मिन्नू मणी ने 2-2 विकेट लिए।

### हॉकी झारखड का हुआ 12वीं वार्षिक आम सभा

## महिला वर्ग के सब जूनियर, जूनियर और सीनियर तीनो में झारखंड रही चैंपियन

- इस वर्ष हॉकी झारखंड का उपलब्धि भरा वर्ष रहा

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** हॉकी झारखंड की 12 th वार्षिक आम सभा हॉकी झारखंड के अध्यक्ष सह हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह की अध्यक्षता में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी में संपन्न हुई। जिसमे झारखंड के सभी जिला के अध्यक्ष ,सचिव एवम हॉकी झारखंड के कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित हुए। साथ ही इस बैठक में भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष एसपी देशवाल,विनोद तोमर, मेहरवान सिंह भी उपस्थित थे। हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने झारखंड के सभी जिला के अध्यक्ष सचिव का स्वागत करते हुए कहा आज आप सभी हॉकी झारखंड के विभिन्न जिला के अध्यक्ष सचिव बधाई के पात्र है। क्योंकि यह वर्ष हॉकी झारखंड के लिए उपलब्धि वाला वर्ष है ,इस वर्ष झारखंड के इतिहास में पहली बार झारखंड की महिला टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के तीनों फॉर्मेट सीनियर, जूनियर और सब जूनियर में स्वर्ण पदक रहा है। जबकि बालक सब जूनियर में रजत पदक प्राप्त किया। सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के कैंप में 08-08 खिलाड़ी है अभी एशिया कप में टीम में 04 खिलाड़ी है। देश की कप्तान भी झारखंड से है। झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड मिला। रांची में एचआईएल के मैच हुए, कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ है। इस महिला वर्ग का झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर प्रतियोगिता खूंटी में और सब जूनियर सिमडेगा में होगा। जबकि अगले वर्ष का पुरुष का जूनियर सब जूनियर टाटा में होगा। इस वर्ष सब जूनियर,जूनियर और सीनियर महिला टीम तीनों वर्ग में चैंपियन हुई और इन तीनो वर्ग में टीम के कोच रहे सुधीर गोला को इस वर्ष का बेस्ट कोच का सम्मान दिया गया जब कि इस वर्ष के लिए बेस्ट डिस्ट्रिक्ट यूनिट नवल टाटा हॉकी अकादमी को दिया गया।

## लियोनेल मेसी की कप्तानी वाली अर्जेंटीना का भारत में दोस्ताना मैच खेलने का कार्यक्रम तय

एजेंसी। तिरुवनंतपुरम



क्रिकेट के दीवाने देश भारत में फुटबॉल का बुखार चढ़ने वाला है। दुनिया के सर्वकालिक महान फुटबॉलर में शामिल लियोनेल मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना फुटबॉल टीम का भारत में दोस्ताना मैच खेलने का कार्यक्रम तय हो चुका है। इस साल नवंबर में मेसी की कप्तानी वाली अर्जेंटीना एक दोस्ताना मैच खेलने के लिए केरल पहुंचेगी। इसकी जानकारी राज्य के खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से दी। खेल मंत्री ने बताया कि अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) की तरफ से आधिकारिक मेल के माध्यम से अर्जेंटीना टीम के केरल आकर दोस्ताना मैच खेलने की पुष्टि की है।

मेसी के भारत आने की खबर ने भारत में फुटबॉल प्रेमियों में जोश और रोमांच भर दिया है। केरल में दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल टीम को लेकर बड़ी दीवानगी है। यहां मेसी और अर्जेंटीना फुटबॉल टीम की बड़ी लोकप्रियता है। अब यह राज्य उस पल की तैयारी कर रहा है, जिसे कई लोग 'सपना सच होने' का क्षण कह रहे हैं। 2022 में फीफा विश्व कप जीतने के बाद अर्जेंटीना फुटबॉल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में केरल के फुटबॉल फैंस को विशेष धन्यवाद दिया था।



# तेल की खरीद में राष्ट्र के साथ वैश्विक हित में भी आती है स्थिरता : विदेश मंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली



अमेरिका द्वारा कुछ ही दिनों में भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाने की तैयारी के बीच, विदेश मंत्री (ईएएम) डॉ. एस. जयशंकर ने शनिवार को रूस के साथ भारत के ऊर्जा संबंधों का बचाव करते हुए कहा कि तेल खरीद से कीमतें स्थिर होकर राष्ट्रीय और वैश्विक हित सधते हैं। राष्ट्रीय राजधानी में 'द इकोनॉमिक टाइम्स' द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत ऊर्जा के मामले में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेना जारी रखेगा। विदेश मंत्री जयशंकर ने उपस्थित लोगों से कहा, "यह हास्यास्पद है कि जो लोग व्यापार-समर्थक अमेरिकी प्रशासन के लिए काम करते हैं, वे दूसरों पर व्यापार करने का आरोप लगा रहे हैं। अगर आपको भारत से तेल या रिफाइंड उत्पाद खरीदने में कोई समस्या है, तो उसे न खरीदें।" विदेश मंत्री ने कहा, "कोई आपको इसे खरीदने के लिए मजबूर नहीं करता। यूरोप और अमेरिका खरीदता है, इसलिए अगर आपको यह पसंद नहीं है तो इसे न खरीदें।" केंद्रीय मंत्री के अनुसार, 2022 में तेल की बढ़ती कीमतों को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहरी चिंता थी। विदेश मंत्री ने कहा, "उस समय कहा गया था कि अगर भारत रूस से तेल खरीदना चाहता है तो उसे खरीदने दे, क्योंकि इससे कीमतें स्थिर होंगी।" उन्होंने आगे कहा, "भारत तेल की कीमतों को स्थिर करने के लिए तेल खरीद रहा है। हां, यह हमारे राष्ट्रीय हित में है, लेकिन यह वैश्विक हित में भी है।" इससे पहले, मॉस्को में एक प्रेस वार्ता के दौरान, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा था कि अमेरिका से भारत की तेल खरीद लगातार बढ़ रही है और भारत रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार नहीं है। विदेश मंत्री ने मीडिया से कहा, "वह चीन है। हम एलएनजी के सबसे बड़े खरीदार नहीं हैं; वह यूरोपीय संघ है। हम वह देश नहीं हैं, 2022 के बाद रूस के साथ जिसके व्यापार में सबसे बड़ा उछाल आया। मुझे लगता है कि वे दक्षिण में कुछ देश हैं।" उन्होंने आगे कहा, "हम एक ऐसा देश हैं, जहां अमेरिकी पिछले कुछ वर्षों से कह रहे हैं कि हमें विश्व ऊर्जा बाजार को स्थिर करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए, जिसमें रूस से तेल खरीदना भी शामिल है।" विदेश मंत्री जयशंकर ने मीडिया को बताया, "संयोग से, हम अमेरिका से भी तेल खरीदते हैं और यह मात्रा बढ़ी है।"

## वित्त वर्ष 26 के पहले चार महीनों में चीन को भारत का निर्यात 20 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 26 के पहले चार महीनों में चीन को भारत का माल निर्यात सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 5.76 अरब डॉलर (करीब 50,112 करोड़ रुपए) तक पहुंच गया। चारों महीनों में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में अधिक निर्यात दर्ज किया गया, जो वैश्विक व्यापार बाधाओं के बावजूद लगातार वृद्धि की प्रवृत्ति को दर्शाता है। मई 2025 में निर्यात 1.63 अरब डॉलर के पीक पर पहुंच गया, जो एक वर्ष पहले इसी महीने के 1.32 अरब डॉलर से बढ़कर इस अवधि का सबसे मजबूत मासिक प्रदर्शन रहा। अप्रैल में, निर्यात एक वर्ष पहले के 1.25 अरब डॉलर से बढ़कर 1.39 अरब डॉलर हो गया, जबकि जून में निर्यात सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 1.38 अरब डॉलर हो गया। जुलाई में, भारत ने 1.35 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया, जो एक वर्ष पहले इसी महीने में 1.06 अरब डॉलर से अधिक था। यह वृद्धि दर दोनों एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार के क्रमिक पुनर्संतुलन को दर्शाती है।



## भारत में ऑफिस लीजिंग में इस वर्ष जनवरी-जून अवधि में 40 प्रतिशत की तेजी आई

**मुंबई।** भारत के कमर्शियल ऑफिस रियल एस्टेट सेक्टर ने 2025 की पहली छमाही में शानदार वृद्धि हासिल की है। शनिवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, टॉप सात शहरों में नेट ऑफिस लीजिंग सालाना आधार पर 40 प्रतिशत बढ़कर 26.8 मिलियन वर्ग फुट हो गई है। बेंगलुरु ने 6.55 मिलियन वर्ग फुट अब्सॉर्प्शन के साथ बाजार में अग्रणी स्थान बनाए रखा, जबकि पुणे 188 प्रतिशत वृद्धि के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार बनकर उभरा। एनारॉक ग्रुप के कमर्शियल लीजिंग एंड एडवाइजरी- एमडी पीयूष जैन ने कहा, "नई ऑफिस सप्लाई 25 प्रतिशत बढ़कर 24.51 मिलियन वर्ग फुट हो गई।

## शेयर बाजार ने इस सप्ताह वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद दिखाई मजबूती

एजेंसी। मुंबई

विश्लेषकों ने शनिवार को कहा कि घरेलू शेयर बाजार ने सप्ताह की शुरुआत मजबूती से की, जो जीएसटी को रेशनलाइज बनाने को लेकर आशावाद से प्रेरित था। उन्होंने आगे कहा कि इस सप्ताह भारत की दोहरी रणनीति पर जोर दिया गया, जिसमें बाहरी चुनौतियों से निपटने के साथ-साथ घरेलू विकास को गति देने वाले कारकों को मजबूत करना शामिल रहा। इसके अलावा, एसएंडपी द्वारा सॉवरेन रेटिंग में सुधार ने निवेशकों के बीच विश्वास को मजबूत किया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "हालांकि, सप्ताह के अंत में तेजी धीमी पड़ गई क्योंकि निवेशक मुनाफावसूली और बाहरी चुनौतियों के कारण सतर्क हो गए। 10 ईयर भारतीय सरकारी बॉन्ड यील्ड में तेज़ी ने भी जीएसटी सुधारों के मद्देनजर राजकोषीय स्थिति को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं।"

विश्लेषकों के अनुसार, बाजार इस बात पर स्पष्टता का इंतजार कर रहा है कि रूसी तेल के आयात से जुड़े भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ अगले सप्ताह लागू होंगे या नहीं।

अमेरिका में, फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष द्वारा शुक्रवार को जेरोम पॉवेल ने सुझाव दिया कि ब्याज दरों में जल्द ही कटौती हो सकती है।

## कोच्चि में 600 करोड़ रुपए की लागत से अदाणी लॉजिस्टिक्स पार्क का शिलान्यास, 1,500 नौकरियां होंगी पैदा

एजेंसी। कोच्चि



अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने शनिवार को कलामासेरी औद्योगिक क्षेत्र में अदाणी लॉजिस्टिक्स पार्क के शिलान्यास की घोषणा की, जिसका उद्घाटन केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने किया।70 एकड़ में फैली यह परियोजना 600 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश वाले 'केरल में निवेश' कार्यक्रम का हिस्सा है। अदाणी लॉजिस्टिक्स पार्क में सस्टेनेबिलिटी और इनोवेशन के मध्यनजर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन, स्मार्ट लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशन और डिजिटल इंटीग्रेशन जैसी सुविधाएं शामिल होंगी।

कंपनी के अनुसार, इस पार्क से 1,500 से अधिक नौकरियों के सृजन की उम्मीद है, जिससे स्थानीय रोजगार, कौशल और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही सप्लाई चेन इकोसिस्टम में लघु और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के लिए विकास के अवसर पैदा होंगे। एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अश्विनी गुप्ता ने कहा, "कलामासेरी लॉजिस्टिक्स पार्क, एपीएसईजेड के बंदरगाह-केंद्रित उद्यम से फुली इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स बिजनेस में परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस दिशा में हमारे सबसे बड़े प्रयासों में से एक के रूप में, यह पार्क दक्षिण भारत में हमारी लॉजिस्टिक्स उपस्थिति को मजबूत करने, स्थानीय विनिर्माण और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।" उन्होंने कहा, "हम वर्ल्ड-क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो सस्टेनेबिलिटी, कनेक्टिविटी और राष्ट्रीय प्रगति को बढ़ावा दे।" यह ऐतिहासिक परियोजना केरल को एक लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक महाशक्ति में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पार्क कोच्ची में स्थित है, जो कि औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स विकास के केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा शहर है। पार्क 70 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला है और इसे परिवहन लागत को कम करने, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोटिव और खुदरा सहित प्रमुख क्षेत्रों में निर्यात क्षमताओं को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।